वर्ष-31, अंक- 214, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार
22 मई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

नक्सल मोर्चे पर पलामू पुलिस को बड़ी सफलता

## घायल सबजोनल कमांडर को वाराणसी में दबोचा

● टीएसपीसी के 10 लाख के इनामी कमांडर के दस्ते का सदस्य गिरफ्तार, दर्जनों नक्सली वारदातों में रहा है शामिल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड पुलिस द्वारा नक्सल प्रभावित इलाकों में चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत पलामू पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी से जुड़े सबजोनल कमांडर अखिलेश यादव उर्फ गौतम यादव को वाराणसी के एक निजी अस्पताल से गिरफ्तार किया गया है। वह हाल ही में मनातू थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में घायल हो गया था और नाम बदलकर इलाज करा रहा था। जानकारी के अनुसार, 15 मई की रात लगभग 8:30 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि टीएसपीसी के जोनल कमांडर शशिकांत (10 लाख इनामी) अपने दस्ता सदस्यों नगीना, गौतम, मुखदेव (5 लाख इनामी), शंभु सिंह सहित 7–8 उग्रवादियों के साथ मनातू के जसपुर जंगल में बड़ी नक्सली वारदात की योजना बना रहा है। सूचना के आधार पर राकेश सिंह (अपर पुलिस अधीक्षक - अभियान), एस. मो. याकुब (अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी - हुसैनाबाद), व अन्य अधिकारियों की अगुवाई में विशेष पुलिस दल का गठन किया गया।

17 मई की सुबह लगभग 3 बजे जैसे ही पुलिस दल मनातू थाना क्षेत्र के बंसकटिया जंगल पहुंचा, उग्रवादियों ने पुलिस को देखते ही अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें टीएसपीसी का सबजोनल कमांडर अखिलेश यादव गोली लगने से घायल हो गया। अन्य उग्रवादी घने जंगल और पहाड़ियों का लाभ उठाकर फरार हो गए। घटना के बाद 21 मई को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि घायल उग्रवादी अखिलेश यादव वाराणसी में नाम बदलकर इलाज करा रहा है। उसके भतीजे आकाश यादव की मदद से उसे भर्ती कराया गया था। जांच के बाद जब पुष्टि हो गई कि वह वहीं भर्ती है, तो पुलिस टीम ने उसे वाराणसी में गिरफ्तार किया और स्थानीय न्यायालय में प्रस्तुत किया। वर्तमान में उसकी पुलिस अभिरक्षा में इलाज जारी है।



### अखिलेश यादव पर दर्ज हैं कई गंभीर आपराधिक मामले

पुलिस सूत्रों के अनुसार, अखिलेश यादव पलामू, चतरा और गढ़वा जिलों में दर्जनों नक्सली घटनाओं में शामिल रहा है। उस पर पुलिस बल पर हमला, अपहरण, धमकी, अवैध वसूली, हथियारों का अवैध उपयोग, प्रतिबंधित संगठन की गतिविधियों को संचालित करना और युवाओं की भर्ती जैसे गंभीर आरोप हैं। उस पर मनातू, छतरपुर, पिपरा और तरहसी थानों में कुल सात प्रमुख मामले दर्ज हैं, जिनमें वर्ष 2020, 2021, 2024 और 2025 की घटनाएं शामिल हैं।पुलिस का कहना है कि राज्य में नक्सल उन्मूलन अभियान पूरी सख्ती से जारी रहेगा और शांति व्यवस्था को भंग करने वाले किसी भी तत्व को बख्शा नहीं जाएगा।

## अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर का भंडाफोड़ संचालिका समेत पति गिरफ्तार

● जांच टीम ने क्लिनिक से जब्त की अल्ट्रासाउंड मशीन, गर्भपात की दवाएं व नवजात शिशु मिला

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर को गुप्त सूचना मिली थी कि रंका प्रखंड के गोदरमाना स्थित लाडली सेवा सदन में अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड जांच की जाती है। यह इलाका छत्तीसगढ़ की सीमा से सटा है, जिससे दोनों राज्यों से महिलाएं यहां पहुंचती थीं। आरोप है कि इन महिलाओं के गर्भस्थ शिशु का लिंग परीक्षण कर भ्रूण हत्या की साजिश रची जाती थी। सूचना की पुष्टि होते ही उपायुक्त के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी रंका रूद्र प्रताप की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया, जिसमें अंचल अधिकारी शिवपूजन तिवारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. असजद अंसारी और एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह शामिल थे।



जांच दल ने बिना किसी पूर्व सूचना के लाडली सेवा सदन में छापेमारी की। संचालिका तबस्सुम आरा ने अल्ट्रासाउंड सेवा न होने की बात कही, परंतु मरीज अंकिता देवी ने पहले दो बार इसी सेंटर पर अल्ट्रासाउंड कराने की बात स्वीकारी। जांच के दौरान एक बंद कमरे में नवजात शिशु (लड़का) मिला, जिसे बेहतर इलाज के लिए एम्बुलेंस से सदर अस्पताल भेजा गया। एक अन्य बंद कमरे, जिस पर वॉशरूम लिखा था, को खुलवाने पर अल्ट्रासाउंड मशीन, बेड, जेल, ग्लव्स सहित जांच उपकरण बरामद हुए। शषे पेज 11 पर

## झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** राज्य कैबिनेट की बैठक गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। यह जानकारी बुधवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी। मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

### आज / कल




सीएम सोरेन की अध्यक्षता में हुई टीएसी की बैठक, कई प्रस्ताव स्वीकृत

# 'अबुआ बीर दिशोम' अभियान व्यापक रूप से लगातार चलेगा

● थाना क्षेत्र के आधार पर सीएनटी एक्ट के कार्यान्वयन के मामले में आयोग गठित होगा

● बैठक में आदिवासी हितों की रक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को झारखंड मंत्रालय के सभाकक्ष में झारखंड जनजातीय परामर्शदातृ परिषद् (टीएसी) की बैठक हुई। बैठक में गहन विचार विमर्श एवं चर्चा के बाद कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर स्वीकृति दी गई। बैठक में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रस्तावों पर गहन विचार विमर्श के बाद राज्य में आदिवासी हितों की रक्षा, सभ्यता-संस्कृति के संरक्षण एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए झारखंड जनजातीय परामर्शदातृ परिषद् (टीएसी) द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में वन अधिकार योजना अंतर्गत 'अबुआ बीर दिशोम' अभियान (भूमिहीनों को वनपट्टा देने का अभियान) के क्रियान्वयन पर चर्चा के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि 'अबुआ बीर दिशोम' अभियान व्यापक रूप से लगातार चलाया जाता रहे। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर 2 माह में वनपट्टा का वितरण अनिवार्य रूप से हो। वनपट्टा के लिए प्राप्त आवेदनों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए स्वीकृति प्रक्रिया अविलंब पूरी किए जाने पर सहमति बनी। टीएसी की बैठक में छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम (सीएनटी एक्ट) की धारा 46 के अंतर्गत थाना क्षेत्र की परिभाषा में स्पष्टता लाने के लिए प्रस्ताव पर बिंदुवार चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा 1938 के निर्धारित थाना क्षेत्र के आधार पर छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए विभाग एक प्रस्ताव तैयार कर उपस्थापित करे एवं उपरोक्त के संबंध में एक आयोग गठन करने के संबंध में सहमति बनी। शषे पेज 11 पर



### इन विषयों पर हुई भी चर्चा

1. बोकारो जिला के ललपनिया में आदिवासी धार्मिक स्थल लगुबुरु में दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) द्वारा पनबिजली परियोजना पर कार्य किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। इस संबंध में टीएसी के सदस्यों को अवगत कराया गया कि राज्य सरकार द्वारा आदिवासी धर्म स्थल लगुबुरु को संरक्षित रखने की मंशा से डीवीसी एवं भारत सरकार को अवगत कराया जा चुका है। राज्य सरकार द्वारा पूर्व में ही डीवीसी के इस परियोजना को स्थगित किए जाने का निर्णय लिया गया है।
2. वनपट्टा आच्छादित परिवारों के विद्यार्थियों एवं बच्चे-बच्चियों के आवासीय एवं जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने में जो व्यवधान अथवा कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं, उसका समाधान सुनिश्चित की जाए।

छत्तीसगढ़ पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

## डेढ़ करोड़ के इनामी केशव राव सहित 27 नक्सली ढेर

बीजापुर (हि.स.)

प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के नक्सलियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर, बीजापुर व दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र अंतर्गत अबूझमाड़ के बोटेर इलाके में बुधवार की सुबह हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने पोलित ब्यूरो के शीर्ष सदस्य डेढ़ करोड़ के इनामी नक्सली नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू सहित 27 नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं, कई अन्य बड़े कैडर के नक्सलियों के मारे जाने या घायल होने की संभावना है। मुठभेड़ के दौरान डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान शहीद हुआ है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ स्थल से 27 नक्सलियों के शव के साथ अनेक हथियार बरामद होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया, मुठभेड़ के दौरान डीआरजी का एक जवान बलिदान हुआ है। मुठभेड़ में कुछ अन्य जवान भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को तुरंत चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है। वे सभी खतरे से बाहर हैं। विस्तृत जानकारी अभियान पूरा होने के बाद अलग से जारी की जाएगी। छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों के खिलाफ मिली इस बड़ी सफलता पर सुरक्षा बल के जवानों को बधाई देते हुए कहा कि अबूझमाड़ में नक्सलवाद को गहरी चोट लगी है। नक्सली संगठन का शीर्ष नेतृत्व इस मुठभेड़ में ढेर हुआ है। देश भर में चल रहे नक्सल संगठन के प्रमुख और नक्सली संगठन के जनरल सेक्रेटरी नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू उर्फ गगन्ना को डीआरजी के जवानों ने मुठभेड़ में मार गिराया है। उन्होंने बताया कि देशभर में नक्सल संगठन के संचालन की जिम्मेदारी बसव राजू पर थी। नक्सलवाद और नक्सल मोर्चे पर जवानों को ऐतिहासिक सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि डीआरजी के जवानों ने नक्सल मोर्चे पर इतिहास रचा है। नक्सली संगठन के जिस शीर्ष नेतृत्व को देश भर की सुरक्षा एजेंसियों को तलाश थी, उसे डीआरजी के जवानों ने मार गिराया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों के केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो सदस्य, माड़ डिवीजन के बड़े कैडर एवं पीएलजीए कैडर के मौजूदगी की सूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंडागांव की डीआरजी टीमें अबूझमाड़ में नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुई थीं। विगत कई दिनों से लगातार जारी इस नक्सल विरोधी अभियान से प्राप्त सभी तथ्यों और जानकारियों के पश्चात अनुमान है कि अभियान के दौरान कई बड़े कैडर के नक्सली या तो मारे गए हैं, अथवा गंभीर रूप से घायल हुए हैं। शषे पेज 11 पर



● डीआरजी का एक जवान शहीद

## स्कूली बच्चों से भरी वैन तालाब में गिरी, 17 घायल

● स्कूल से छुट्टी होने के बाद बच्चों को लेकर गांव लौट रही थी वैन

● हजारीबाग के इचाक थाना क्षेत्र में खुटरा गांव के पास हुआ हादसा

नवीन मेल डेस्क

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिल के इचाक थाना क्षेत्र में स्कूली बच्चों को ले जा रही एक पिकअप वैन बुधवार की दोपहर तालाब में गिर गई। इस हादसे में 17 स्कूली बच्चे घायल हो गए हैं। इनमें चार की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उन्हें इलाज के लिए हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार, स्कूल में छुट्टी होने के बाद वैन बच्चों को लेकर गांव लौट रही थी। खुटरा गांव के पास एक तीखे मोड़ पर तेज रफ्तार वैन असंतुलित होकर सड़क के किनारे स्थित करीब 15 फीट गहरे तालाब में जा गिरी। वैन के दुर्घटनाग्रस्त होने की आवाज सुनते ही स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े। स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम भी सूचना पाते ही मौके पर पहुंची। सभी लोगों ने मिलकर बच्चों और ड्राइवर को दुर्घटनाग्रस्त वैन से बाहर निकाला। बाद में क्रेन की मदद से वैन भी तालाब से बाहर निकाली गई। हालांकि, वैन तालाब की गहराई में जाने से बच गई, अन्यथा हादसा भयावह रूप ले सकता था। शषे पेज 11 पर



## राज्य में इस वर्ष समय से पूर्व दस्तक दे सकता है मॉनसून

**रांची।** राज्य में इस बार मॉनसून समय से पूर्व आ सकता है। इस बार मॉनसून के झारखंड में आने की संभावना 10 से 12 जून है, जबकि हर वर्ष मॉनसून 15 जून के बाद आता है। इसका कारण है कि इस वर्ष केरल में मॉनसून समय से पहले 25-27 मई तक पहुंच सकता है। वहां मॉनसून आने को लेकर सारी परिस्थितियां बन गई हैं। हालांकि, केरल में मॉनसून आने की सामान्य तिथि 01 जून है। ज्ञात हो कि झारखंड में पिछले वर्ष मॉनसून 21 जून को पहुंचा था। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि इस बार केरल में मॉनसून के दस्तक देने की परिस्थितियां पॉजिटिव बनी हुई हैं। शषे पेज 11 पर

हमें गर्व है अपनी सेना पर

## दुश्मनों ने हमेशा मुंह की खाई है भारतीय सेना से

जब भी हमारी सरहदों पर किसी बाहरी दुश्मन की गलत निगाह पड़ी, हमारी सेना ने उनको मुंहतोड़ जवाब दिया और उन्हें पीठ दिखाकर कर भागने पर मजबूर कर दिया। बात 1948, 1962, 1965, 1971, 1999 की हो या हाल के पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमलों की, दुश्मनों को हमेशा मुंह की खानी पड़ी है। हमारी सेना, सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान दिखा दिया कि पाकिस्तानी बुजदिलों को सबक सिखाने के लिए दो दिन काफी हैं। हम अपनी इसी सेना के बल पर अपने घरों में चैन से जी रहे हैं। हमें अपनी सेना पर गर्व है। हम उनकी कर्तव्य परायणता, वीरता, त्याग तथा देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर देने के जज्बे को दिल से सलाम करते हैं।




देव बिहारी शर्मा, आईपीएस, पुलिस महानिरीक्षक, सेवानिवृत्त, झारखंड।

सिंध प्रांत में प्रदर्शनकारियों ने मचाया उपद्रव

## पाकिस्तान में पानी को लेकर जंग, गृह मंत्री का घर फूंका



● दो प्रदर्शनकारियों की मौत, एक डीएसपी और छह अन्य पुलिसकर्मी घायल

एजेंसी। कराची

पाकिस्तान के सिंध में प्रदर्शनकारियों ने ऐसा उपद्रव मचाया है कि पूरा पाकिस्तान ही कांप उठा है। पाकिस्तान में पानी को लेकर जमकर हाहाकार मचा हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने गृह मंत्री के घर को स्वाहा कर दिया है। जियाउल हसन लंजर के घर को प्रदर्शनकारियों ने फूंक दिया है। सामने आई तस्वीरों में नजर आ रहा है कि कैसे गृह मंत्री का घर धू-धू कर जल रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने जमकर तोड़फोड़ मचाई है। कई गाड़ियों को भी आग के हवाले कर दिया गया है। बताया ये जा रहा है कि सिंध प्रांत के मोरो में प्रदर्शनकारियों ने नेशनल हाईवे के पास स्थिति मंत्री के घर को निशाना बनाया और फिर पास में खड़े दो ट्रेलरों को भी आग के हवाले कर दिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों में झड़प हुई। इसमें दो प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। एक डीएसपी और छह दूसरे पुलिसकर्मी घायल बताए जा रहे हैं। डॉन ने कहा है कि रास्तों पर कई गाड़ियों को जला दिया गया है और अराजकता का माहौल देखने को मिल रहा है। शषे पेज 11 पर

इंडिया

## देश के साथ गद्दारी पैसे या सुख के लिए हो कारण जड़ से मिटे

भारत की सदियों पुरानी सरकारी काम करने की परंपराओं में से अधिकतर आग लगने पर कुंआ खोदने की कहावत को सार्थक करने वाली हैं जिसमें हर समस्या का हम तात्कालिक समाधान तो करते हैं पर स्थायी समाधान भूल जाते हैं। इसको इस तरह से भी कहा जा सकता है कि हम तदर्थवाद के शिकार हैं और जो सामने दिखता है उसे ठीक करने का प्रयास करते हैं। यदि हमारे घर के बाहर पाइप से गंदा पानी गिर रहा हो और हम उसके मुंह को बंद कर यह मान लें कि अब ऐसा नहीं होगा तो यह उसी प्रकार सोच है कि हम किसी घाव के ऊपर पट्टी लपेट कर यह मान लें कि घाव ठीक हो गया ! भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से अपने कुशल वित्तीय प्रबंधन और फालतू खर्चों में कटौती कर चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है जिसकी औपचारिक घोषणा के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की दौड़ शुरू हो जाएगी जिस पर रोक लगाने का प्रयास भारत के घोषित के अलावा छिपे हुए शत्रु करते रहे हैं और करेंगे ही । ऐसे में भारत को अपनी कमियों की ओर और समस्याओं की जड़ में जाना चाहिए ताकि उनका स्थायी समाधान हो सके । हाल ही में भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े लगभग बारह संदिग्ध जासूसों की गिरफ्तारी की है जो सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता को साबित तो करती ही है, इस बात को भी रेखांकित करती है कि देश की सुरक्षा को खतरा सिर्फ सीमा पार से ही नहीं है, बल्कि घर के भेदियों से भी है, जो कई राज्यों में सक्रिय रहकर संवेदनशील जानकारियां दुश्मनों तक पहुंचाते हैं। चौंकाने वाली खतरनाक बात यह है कि ये संदिग्ध आरोपी किसी एक खास वर्ग या पृष्ठभूमि से नहीं हैं बल्कि जासूसी के आरोप में गिरफ्तार इन लोगों में व्यवसायी, यूट्यूबर, छात्र, सुरक्षा गार्ड, दिहाड़ी मजदूर तक शामिल हैं, जिन्होंने संवेदनशील जानकारी इकट्ठा करने और उसे दुश्मनों तक पहुंचाने के लिए मोबाइल एप और जेल के कैदियों तक का इस्तेमाल किया, जिसमें से कुछ को उनकी गतिविधियों के लिए पैसे भी मिले। उत्तर प्रदेश से पकड़ा गया व्यवसायी शहजाद हो, यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा हो, परास्नातक छात्र देवेंद्र सिंह ढिल्लन हो, मुर्तजा अली, गजाला, यामीन हो या फिर अन्य खतरे की घंटी बजाने वाली बात यह है कि ये वे चेहरे हैं जो रोजमर्रा की जिंदगी में हमारे आसपास ही होते हैं। यह विविधता इस खतरे की गंभीरता को भी रेखांकित करती है कि अब दुश्मन किसी खास प्रोफाइल को नहीं बल्कि समाज की कमियों, 'आसान पहुंच' और 'सूचना की उपलब्धता' को प्राथमिकता दे रहा है और लगातार हमारी सैन्य, तकनीकी और रणनीतिक जानकारियां हासिल करने के प्रयास में लगा है। संभव है कि आर्थिक तंगी,शारीरिक सुख, दबाव या दिखावा भरी जिंदगी के लालच ने इन लोगों को गलत राह पर धकेला हो लेकिन यह स्थिति हमारे समाज और मनुष्य की अंतर्निहित कमियों की ओर इशारा तो करती ही है। इन संदिग्धों पर शिकंजा कसने के लिए सुरक्षा एजेंसियों की तारीफ होनी चाहिए लेकिन यह केवल शुरुआत है। हमें यह समझना होगा कि डिजिटल युग में सोशल मीडिया और इंटरनेट ने जहां आम आदमी की जिंदगी को आसान बनाया है, वहीं इस तरह की आशंकाओं को और बढ़ाया है कि खतरा सिर्फ पकड़े गए लोगों से नहीं बल्कि जाने ऐसे कितने लोगों से है । सुरक्षा एजेंसियां तो अपनी मुस्तैदी दिखाकर ऐसे भेदियों को उनके अंजाम तक पहुंचाएंगी ही नागरिकों से लेकर समाज का भी कर्तव्य है कि वे अपने आसपास के लोगों पर नजर रखें और उनकी संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी सुरक्षा बलों को दें। देश की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता इसलिए ऐसे लोगों को उनके गुनाहों की सख्त सजा दिलवाने के साथ-साथ आईएसआई समर्थित जासूसी नेटवर्क को जड़ से उखाड़ फेंकना जरूरी है। सुरक्षा व्यवस्था की पुनर्समीक्षा के साथ-साथ जन-जागरूकता और डिजिटल सुरक्षा पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि हम इसकी जड़ में जाएं तो देश के साथ गद्दारी के ये आरोपी कहीं न कहीं हमारी व्यवस्था के मारे हुए हैं। भारत के सादा जीवन उच्च विचार को पूरी तरह ध्वस्त कर बनावटी और दिखावटी समाज आज की फ़िल्में और टीवी चैनल के साथ-साथ सोशल मीडिया बना रहा है जो सेल्फी,महंगे बाइक,महंगी गाड़ियों,पार्टी और दिखावा भरी जिंदगी को बढ़ावा दे रहीं हैं । इसकी शिकार फिल्म इंडस्ट्री खुद सबसे पहले हुई और पतन या कलंक की कई कथाएं प्रकाश में आईं । आज भारत के अधिकांश लोग साइकिल,रिक्शा,या ऑटोरिक्शा पर चलने वाले ईमानदार लोगों को वो सम्मान नहीं देते जो दिखावटी शान-ओ-शौकत वाले लोगों को देते हैं भले ही उसने किसी भी उल्टे-सीधे तरीके से पैसे कमाए हों । इसी का परिणाम है लोग जाने अनजाने देश तक बेचने को तैयार हो रहे हैं इनकी गद्दारी साबित हो तो ऐसी सजा मिले कि लोग याद करें और वो कारण भी दूर हों जिसके कुचक्र में फंसकर देश के साथ गद्दारी भी सही लगने लगे।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



# पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में निरंतर प्रयास जारी

**331 चापानलों की मरम्मत का काम पूरा**

**15 वें वित्त आयोग के जेई को भी अतिरिक्त जवाबदेही मिली**



**नवीन मेल संवादाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र में पेयजल संकट उत्पन्न न हो और ग्रामीणों को इसका सामना नहीं करना पड़े, इसे लेकर विभागीय स्तर से निरंतर प्रयास किया जा रहा है। चलंत टीम कहीं भी पहुंचकर समस्याग्रस्त चापानलों की मरम्मत करने का काम कर रही है। इसके लिए बस एक सूचना देने की जरूरत होती है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर भी सार्वजनिक कर दिया गया है। विभागीय कनीय अभियंताओं की पेयजल समस्या के निराकरण के लिए विभागीय स्तर पर कमी के मद्देनजर 15 वें वित्त आयोग के जेई को उनके कार्य के साथ ही अतिरिक्त प्रभार के तहत प्रखंड वार नामित कर दिया गया है। इसे लेकर इस संबंध में उपायुक्त ने आदेश देते हुए सूची भी जारी कर दिया है। इसमें संबंधित प्रखंडों में 15 वें वित्त आयोग के जेई को ही उसी प्रखंड में उनके विभागीय कार्यों के साथ पेयजल समस्या के निराकरण की दिशा में काम करने का आदेश दिया गया है। इसमें उन्हें विभागीय सहायक अभियंता और बीडीओ के पास बंद, खराब, पेयजल केंद्र/चापानल की उपलब्ध सूची के आधार पर मरम्मत और जीर्णोद्धार कराने की जवाबदेही दी गई है। इसे लेकर उन्हें पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्य में सहयोग प्रदान करना है। इसे लेकर स्थानीय प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित 15 वें वित्त आयोग के जेई प्रदीप कुमार के अलावा हैदरनगर के मो. रजा अंसारी और हुसैनाबाद के धर्मेंद्र कुमार यादव को संबंधित प्रखंडों में पेयजल समस्या के निराकरण की दिशा में काम करने को लेकर नामित किया गया है। अभी विभागीय कनीय अभियंता महेंद्र राम ही पेयजल संबंधित समस्या के निराकरण की दिशा में काम कर रहे बताए जाते हैं। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद प्रखंड में एक और हैदरनगर-मोहम्मदगंज प्रखंडों में संयुक्त रूप से एक चलंत टीम चापानल मरम्मत के काम में युद्ध स्तर पर जुटी हुई है। इस टीम ने हुसैनाबाद में मार्च, अप्रैल और मई में अबतक क्रमशः 55,57,77 जबकि हैदरनगर में 36,21,28 और मोहम्मदगंज प्रखंड में 15,19 व 23 कुल मिलाकर 331 चापानलों की मरम्मत का काम पूराकर ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने का प्रयास सफल हुआ है।

## 11वीं की परीक्षा में 918 परीक्षार्थियों ने दी विज्ञान की परीक्षा, 12 अनुपस्थित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर स्थित राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में पहली बार आयोजित वर्ग 11 वीं की परीक्षा में बुधवार को दूसरे दिन कुल 918 परीक्षार्थी ने भाग लिया। 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्राचार्य बैद्यनाथ राम ने बताया कि इंटर प्रथम वर्ष के वाणिज्य व विज्ञान विषय के कुल 930 में 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे हैं। दूसरी पाली में कला संकाय के कुल 200 परीक्षार्थी राजनीतिक शास्त्र, मनोविज्ञान, इतिहास, भूगोल आदि ऐच्छिक विषयों के लिये परीक्षा आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा केन्द्र पर मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के रौल कोड 31093 उत्क्रमित हाईस्कूल पांती व रौल कोड 31098 पीएमश्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय जबकि रौल कोड 31095 को शामिल किया गया है। इसमें सर्वाधिक परीक्षार्थी प्लस टू हाईस्कूल संडा (हुसैनाबाद) के हैं। विभिन्न कमरों में परीक्षार्थियों की उपस्थिति डाटा में जुटे सहायक शिक्षक सुमन कुमार, श्रीप्रकाश मिश्रा, तुफैल अहमद, प्रशांत कुमार, आशीष कुमार मिश्रा, दशरथ साह, बदरुल होदा सहित अन्य शिक्षकों ने कहा कि इस विद्यालय में पहली बार इंटर वर्ग का परीक्षा केन्द्र स्थापित किये जाने से परीक्षार्थियों व उनके अभिवावकों में खुशी का माहौल है। इससे पूर्व उन्हें पूरे दिन के अलावा व्यर्थ शारीरिक, आर्थिक व मानसिक परेशानी का सामना दूर परीक्षा केन्द्रों तक आवागमन होता आया है।

## शहर में जलनल योजना में गड़बड़ी, बिना मानदंड के हो रहे हैं कार्य, मुहल्लेवासी परेशान




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहरी क्षेत्रों में केंद्र सरकार के द्वारा जल जीवन मिशन के तहत नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो व तीन के अमन चैन मुहल्ले में पाइप लाइन बिछाने में संवेदक द्वारा सड़क के किनारे न बिछाकर बीच सड़क में बिछाने से आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सड़क खराब होने के साथ साथ नाली भी क्षतिग्रस्त कर दिया जा रहा है और उसकी मरम्मत संवेदक द्वारा नहीं कराया जा रहा है। इससे लोगों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी टीके हंस ने बताया कि लोगों को नुकसान की भरपाई संवेदक को ही करना है। साथ ही नल जल योजनाओं में लगातार मिल रहे गड़बड़ियों और अनियमितताओं पर जेई ने भी कड़ी नाराजगी जताई है। इस मामले में कार्यपालक पदाधिकारी ने सख्त निर्देश दिया है कि जिन-जिन इलाकों में नल जल योजना में गड़बड़ियां हो रही है, वैसे मामलों की तुरंत जांच कर दोषी ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा करें। मुहल्ला निवासी बद्रीनाथ सिंह ने बताया कि पाइप लाइन बिछाने के बाद संवेदक द्वारा कंक्रीट नहीं किया जा रहा हैं, जिससे बरसात में पानी गिरने के बाद गढ्ढे हो जा रहे हैं। उन्होंने संवेदक से कार्य को गुणवत्ता पूर्ण करने की बात कही है। उसके बाद ही पाइप लाइन बिछाया जाएगा।

## एसडीओ व बीडीओ ने लंबित आवास को लेकर की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय सभागार में हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, बीडीओ सुनील वर्मा, प्रधानमंत्री आवास समन्वयक अमित कुमार ने पंचायत सचिव, पंचायत सचिवालय सहायकों के साथ प्रखंड अंतर्गत लंबित आवास योजना को शीघ्र पूरा करने को लेकर समीक्षा बैठक की। एसडीओ गौरांग महतो ने सभी पंचायत सचिवों से पंचायत वाइज लंबित आवास के लाभुकों की समीक्षा कर उसे शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिए। उन्होंने सभी पंचायत सचिवों व प्रखंड आवास समन्वयक को लंबित आवास के लाभुकों की सूची पंचायत सचिवालय सहायक(पीएसएस) को शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पंचायत सचिवालय सहायकों को कहा कि आप सभी पंचायत के स्थानीय निवासी हैं। लाभुकों से संपर्क कर लंबित आवास को पूरा करने में सहयोग करें। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा ने पंचायत सचिवों को पंचायत सचिवालय सहायक के सदस्यों के साथ समन्वय बनाकर आवास योजना को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पीएसएस प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभुकों का टैग करें साथ ही अबुआ आवास योजना को शीघ्र पूरा कराएं। मौके पर पंचायत सचिव पवन हंस, शशांक शेखर, पंचायत सचिवालय सहायक के प्रखंड अध्यक्ष राहुल सिंह, प्रियंका कुमारी, ममता कुमारी ,राहुल कुमार, जितेंद्र चौधरी, प्रेमशिला कुमारी, निक्की कुमारी, सुधीर कुमार, अक्षय कुमार, अजीत कुमार सिंह, जितेंद्र यादव, पप्पू कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्कूली कबड्डी खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर के अमन चैन मुहल्ला स्थित समता स्कूल परिसर में अंतर स्कूली कबड्डी खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के निदेशक सह प्रधानाचार्य डॉ. अक्षय कुमार चौहान ने नारियल फोड़ कर किया। बुधवार को उद्घाटन के दिन डे बोर्डिंग प्लेयर व सक्सेस स्कूल के बच्चों को कबड्डी का खेलाया गया। कबड्डी खेल का निगरानी मनोज शर्मा द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल चौहान, प्रियंका देवी, दशरथ कुमार, रिमझिम देवी ,प्रियंका देवी, सानिया खातून, प्रियंका देवी ,सुभाष कुमार शकुंतला देवी, बबिता देवी, , रीना देवी, उम्म जहरा, मुकेश कुमार, संजीत कुमार ,नंदू प्रजापति, अनूप पांडे एवं परिचारिका विमला कुंवर के अलावा काफी संख्या में छात्राओं भी उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद नगर पंचायत की बैठक में वूमन फॉर ट्री अभियान पर हुई समीक्षा, पौधरोपण करने का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बुधवार को अमृत योजना के अतर्गत संचालित होने वाले 'वूमन फॉर ट्री अभियान' को लेकर हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में कार्यपालक पदाधिकारी टीके हंस के द्वारा समीक्षा बैठक की गयी। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि वृक्षारोपण के लिए शहर के जेपी चौक स्थित छठ पोखरा,ब्लॉक रोड स्थित पंच मंदिर सरोवर पार्क व अनुमंडलीय मैदान परिसर का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य नगर क्षेत्र में हरियाली बढ़ाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाना है। इस अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से पौधारोपण किया जाएगा, जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी स्वयं सहायता समूहों को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का शुभारंभ 5 जून 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बड़े स्तर पर वृक्षारोपण के साथ किया जाएगा। नपं प्रशासन ने आमजन से इस अभियान में अधिकाधिक सहभागिता की अपील की है, ताकि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयासों से सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

## वज्रपात से चार मवेशी की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह पंचायत के सरहुवा गांव में बुधवार अपराह्न 4:00 बजे के लगभग तेज बारिश के साथ वज्रपात गिरने से चार मवेशी की मौत हो गई है। घटना के सूचना पाकर नावाडीह पंचायत के मुखिया दयानंद साहू मौके पर पहुंचकर पीड़ित किसान से मुलाकात किया वह हर संभव मदद का आश्वासन दिए। उन्होंने बताया कि सूचना मिला की मेरे पंचायत के सरहुवा गांव निवासी लाल साहब भुईया पिता गोपी भुईया, जितेंद्र तुरी पिता रूपचंद तुरी ,जितेंद्र भुईया पिता फजीहत भुईया एवं ईश्वरी भुईया पिता रामचंद्र भुईया कि मवेशी की मौत वज्रपात गिरने से हो गई है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताएं कि मवेशी जंगल में चलने गए थे बारिश होने के कारण मवेशी एक पेड़ के नीचे छिपे इसी बीच तेज गरज के साथ वज्रपात की बिजली गिर जाने से चार मवेशियों की मौत हो गई मुखिया के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं वरीय पदाधिकारी को सूचना दी गई है उन्होंने बताया कि सभी मवेशियों की मुआवजा सरकारी प्रावधान के अनुसार पीड़ित किसानों को दिया जाएगा।

## केसीसी ऋण को लेकर उदासीनता का आलम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने के लिए 6,13, 20 मई को चालू माह के प्रत्येक मंगलवार को प्रखंड सभागार में विशेष शिविर आयोजित किए गए। इनमें क्रमशः 60,42 और 22 कुल मिलाकर अब तक 124 किसानों से ही आवेदन प्राप्त हुए हैं। अब 27 मई को अंतिम रूप से शिविर आयोजित किया जाना है। इसमें भी लक्ष्य प्राप्त हो पाता है, या नहीं,देखने वाली बात होगी। इस संबंध में कृषि पदाधिकारी नौशाद आलम ने कहा कि लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में पूरी कोशिश होगी। उन्होंने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार के निर्देश पर इस प्रखंड के किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने को लेकर प्रखंड मुख्यालय में साप्ताहिक रूप में प्रत्येक मंगलवार को विशेष शिविर आयोजित किया गया। 27 मई को भी शिविर आयोजित किया जाएगा। अबतक प्राप्त आवेदन को निष्पादित करने को लेकर बैंकों को भेज दिया गया है। स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक और केनरा बैंक के शाखा प्रबंधकों, बीटीएम प्रशांत कुमार तिवारी और किसान मित्रों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए लक्ष्य के अनुरूप किसानों को केसीसी ऋण से आच्छादित करना सुनिश्चित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 500 किसानों को केसीसी ऋण से आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने आगामी शिविर में किसान क्रेडिट कार्ड सृजन के लिए अधिक से अधिक किसानों को उपस्थित होकर आवेदन जमा करने और इसका लाभ उठाने की अपील की है।

### आम के पेड़ से गिरा युवक इलाज के दौरान हुई मौत

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के खड़गपुर गांव में आम तोड़ने के दौरान एक युवक पेड़ से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कामाख्या सिंह के 35 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि धीरज अपने परिजनों के साथ बागीचा में आम तोड़ने गया था। धीरज पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था। तभी पैर फिसल जाने से वह पेड़ से नीचे गिर पड़ा। घायला अवस्था में इलाज के लिए उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। रेफर किए जाने के बाद उसे इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आश्वासन पूरा नहीं होने पर ग्रामीणों ने दिया धरना



**नवीन मेल संवाददाता**

**पंडवा।** प्रखंड अंतर्गत चल रहें फेयर माइंस कार्बन कंपनी के विरुद्ध मे ग्रामीणों ने कंपनी से वादा पूरा न होने पर बुधवार को धरना पर बैठे। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि महीनों में पंडवा प्रखंड कार्यालय अंतर्गत फेयर माइंस कार्बन कंपनी के अधिकारियों ने आश्वस्त किया था कि एक चिकित्सा केंद्र, पीने योग्य पानी, माइनिंग से उत्पन्न हो रहें डस्ट समाधान किया जायेगा। लेकिन कंपनी द्वारा पालन नहीं किया गया। कंपनी के काम से आम आवाम की जिंदगी सुरक्षित नहीं है। मौके पर हिंदुस्तनी आवाम मोर्चा के पिछड़ा,अति पिछड़ा प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष रामाधार चौहान ने बताया कि कंपनी की मनमानी नहीं चलेगी। कंपनी अपने सभी कार्य सरकारी नियम अनुसार व जनता के हक में करें।

## मुखिया की तत्परता से एक ही दिन में छह जलमीनार व एक चापानल का मरम्मत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड जल स्वच्छता समिति हैदरनगर की सर्वे रिपोर्ट के बाद सर्वप्रथम हैदरनगर (पश्चिमी) पंचायत के मुखिया शहनाज परवीन ने गंभीरता दिखाई है। उन्होंने कहा कि उनके पंचायत के छह स्थानों पर मृत पड़े जलमीनार व एक चापानल को दुरुस्त कर दिया गया है। इससे संबधित क्षेत्र के लाभुकों में राहत भरी खुशी इस गर्मी में लौटी है। उन्होंने कहा कि फंड नहीं रहने के बावजूद इनकी मरम्मति कार्य 15 वें वित्त मद से कराई गई है। संबंधित सप्लायर से समझौता और पैसा का भुगतान फंड आने के बाद किये जाने के एकरारनामा के साथ किय गया है। उन्होंने कहा कि भाई बिगहा में लाल बाबू व संतोषडीह में सरयू राम व शेखपुरा में इस्लाम अंसारी के घर के पास, ब्रह्मस्थान बिन्दू बिगहा, निकाह भवन भाई बिगहा, मुसहरवा टोला बुद्धि बिगहा में कई महीनों से पाइप, स्टार्टर, मोटर आदि की कमी से खराब पड़े थे। जिसे बुधवार को चालू कराया गया है। इसके अलावे स्कूली बच्चों को पेयजल से हो रही परेशानी को देखते हुए उर्दू कन्या मीडिल स्कूल भाई बिगहा परिसर में चापाकल की भी मरम्मति कराने के बाद बच्चों को पेयजल संकट दूर हो सका है। उन्होंने कहा कि इसके अलावे अन्य कहीं मृत व खराब पड़े जलश्रोतों की सूचना तत्काल उन्हें देने का आग्रह किया है। जिसे हरसंभव तत्काल ठीक कराने का प्रयास किया जायेगा। जलश्रोतों को दुरुस्त कराने के मुहिम में मुखिया प्रतिनिधि सज्जू खान, राजू खान, अशरफ हसन, पंचायत समिति सदस्य फरहाना खातून सहित उनके सहयोगी पूरे दिन सक्रिय रहे।

## हॉस्पिटल में गंदगी देख भड़की जिप सदस्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सभागार में बुधवार को जन आरोग्य समिति की बैठक जिला परिषद सदस्य सह समिति अध्यक्ष संगीता देवी व मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने किया। इससे पूर्व उन्होंने पूरे अस्पताल परिसर का जाएजा लेने के दौरान शौचालय व प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने शौचालय में व्याप्त गंदगी और प्रसव कक्ष के फ्लोर में खून के धब्बे देख भड़की। उन्होंने रंगरोगन व साफ सफाई की कमान संभाले प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विभूति कुमार से पूछताछ की। इसके बाद आय व्यय की पंजी का संधारण के क्रम में प्रति पंजी एक हजार व्यय किये जाने को गंभीरता से लेते हुए कहा कि विभागीय स्तर पर आवंटित होने वाली सामग्री को बाजार से क्यों खरीदा गया। इसका जवाब नहीं देने पर उन्होंने फर्जी बनाये गये तीन पंजियों को फाड़ डाला। साथ ही सात पंजियों को जब्त कर लिया है। उन्होंने कहा कि सभी व्यय की गई राशि की जांच व आरटीआई के माध्यम बीपीएम को जवाब देना होगा। मौके पर उपस्थित डॉ. ज्योतिष कुमार से अस्पताल में उपलब्ध दवा,मरीजों की सुविधाओं व कमियों की चर्चा के बाद कहा कि उनके स्तर से जिला प्रशासन सहित विभागीय उच्चाधिकारी को अवगत कराया जायेगा। साथ नियत समय पर अस्पताल खोलने व मरीजों को निःस्वार्थ भाव से चिकित्सा सेवा देने की भी चेतावनी दी है। मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि स्थानीय अस्पताल पूरे प्रखंड का एकमात्र अधिक सुविधाओं से युक्त मरीजों के लिये है। यहां लापरवाही और भ्रष्टाचार कतई नहीं होगा। इसके लिये उन्हें मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री तक क्यों नहीं जाना पड़े। बैठक में उनके अलावा सीएचओ शिल्पा मौर्या, करुणा निधि, फार्मासिस्ट नवीन कुमार पासवान, एलएस सह सदस्य शांति कुमारी, एएनएम प्रभावती कुमारी आदि शामिल थे।

**सहार विहरा में शिवमंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह**

## श्रीराम की कथा मानव मूल्यों की रक्षा करना सिखाती है : बैकुंठ नाथ स्वामी



**नवीन मेल संवादाता**

**मोहम्मदगंज।** कोल्हुआ-सोनबरसा पंचायत अंतर्गत सहार विहरा गांव में शिवमंदिर के प्राणप्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार से दिवाकाल में पूजा-पाठ और संध्याकाल में 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक नियमित रूप से श्रीराम कथा की प्रस्तुतीकरण से भक्तिभावना की बयार बहने लगी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए धर्मप्रेमी कौशलेंद्र शर्मा ने बताया कि भक्तों को श्रीराम कथा का श्रवण गोरखपुर (उतरप्रदेश) के रामकथा वाचक श्री बैकुण्ठ नाथ स्वामी के मुखारविंद से कराया जा रहा है। इस मौके पर काफी संख्या में भक्तों की आस्था उमड़ रही है। पहले दिन कथा वाचक ने श्रीराम की कथा को प्रस्तुत करते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीराम की कथा एक ऐसा साहित्य है, जो उनके आदर्श, चरित्र और जीवन के मूल्यों से साक्षात्कार कराता है। इसका श्रवण करने से हमें प्रेम,समर्पण, कर्त्तव्य, न्याय और मानव मूल्यों की रक्षा करने की सीख मिलती है। गौरतलब है कि इस गांव में नवनिर्मित शिवमंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को जलयात्रा के बाद मंगलवार से दिवाकाल में पूजा-पाठ और संध्याकाल में श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा। 23 मई को मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के बाद 24 मई को भंडारा और भजन संध्या के साथ इसकी पूर्णाहूति होगी। संपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम भारत के महान मनीषी रहे सनातन धर्मावलंबियों के पूज्य गुरुदेव त्रिदंडी स्वामी महाराज के परम शिष्य पूज्य लक्ष्मीप्रप्पन्न जीयर स्वामी महाराज के सान्निध्य में आयोजित किया जा रहा है। बतौर मुख्य यजमान सुरीष्ठ शर्मा व राजमुखी देवी और अन्य कई भक्त धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हैं। आयोजन में सभी ग्रामीणों का सक्रिय सहयोग मिल रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए उमाशंकर शर्मा भट्ट को अध्यक्ष, केके शर्मा उपाध्यक्ष, मानिक चंद शर्मा सचिव और अजीत शर्मा भट्ट को कोषाध्यक्ष चुना गया।

### आकाशीय बिजली गिरने से तीन भैंस की मौत

**नौडीहा।** थाना क्षेत्र के सरईडीह-शाहपुर के घुजू यादव पिता चौधरी यादव के तीनों भैंस बुधवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जाता है कि भैंस चर रही थी तभी अचानक दोपहर में आंधी तूफान के साथ बारिश होने लगी। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने से घटना स्थल पर तीनों भैस की मौत हो गई। भुक्तभोगी ने अंचल पदाधिकारी से उचित मुआवजा की मांग की है।

## तेज हवा से गिरा पारा, मिली गर्मी से राहत



**नवीन मेल संवादाता**

**मोहम्मदगंज।** दोपहर बाद अचानक मौसम में परिवर्तन हुआ। धूल भरी वायु के बीच असहज महसूस किया गया। दोपहर में ही शाम का धुंधलका छा गया। तापमान में गिरावट के साथ गर्मी से बड़ी राहत मिली। जबकि इससे पहले तक तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के साथ हीट वेब चलती रही थी। सुबह से ही तीखी धूप में दोपहर बाद तक घरों में दुबके रहने अथवा बिना सिर ढंके बाहर नहीं निकल पाना मुश्किल बना रहा था। इसके बाद मौसम परिवर्तन के साथ पूर्व की अपेक्षाकृत बाजार में चहल-पहल बढ़ा नजर आया। किसानों का कहना है कि चालू मृगशिरा नक्षत्र के तपने से ही अच्छी बरसात का संकेत मिलता है। तापमान में गिरावट इसे लेकर शुभ संकेत नहीं है।

# विकसित भारत के अमृत स्टेशन



## देश भर में पुनर्विकसित 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन

### जिसमें शामिल हैं झारखंड के 3 अमृत स्टेशन




राजमहल



शंकर पुर



गोविन्दपुर रोड

**लाभ**

- सिटी सेंटर के रूप में विकास - रुफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, विश्राम कक्ष, विशाल परिसंचारी क्षेत्र आदि जैसी सुविधाएं
- विरासत भी विकास भी -स्थानीय वास्तुकला से प्रेरित स्टेशन भवन
- अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, बेहतर पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं
- मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से ये स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र
- स्टेशनों के डिज़ाइन में ऊर्जा दक्षता और हरित उपायों को प्राथमिकता, जिससे न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

के कर कमलों द्वारा

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

**22 मई, 2025 | प्रातः 10:30 बजे**

**गरिमामयी उपस्थिति**

**संतोष कुमार गंगवार**
राज्यपाल, झारखंड

**हेमंत सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखंड

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**अर्जुन राम मेघवाल**
केंद्रीय विधि एवं न्याय (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री

**भारतीय रेल**

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें | www.indianrailways.gov.in | हमें फॉलो करें /RailMinIndia

# रानी सती दादी का मंगल पाठ... भक्तों ने मांगा आशीर्वाद

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष नवमी तिथि के अवसर पर स्थानीय रेड़मा चौक स्थित रानी सती मंदिर में भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन संदीप केजरीवाल और उनकी धर्मपत्नी निधि केजरीवाल ने किया। महिलाओं ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान ह्यचली चली रे नारायणी पाठशाला रे दादी थारो रूप मतवालो सहित कई भजन गाए गए।



मंगल पाठ की शुरूआत गणेश वंदना से हुई, और सभी महिलाओं ने एक समान चुनरी वाली साड़ी धारण की थी। कार्यक्रम में महिलाओं ने रानी सती दादी से सुख-समृद्धि और आशीर्वाद की प्रार्थना की। रानी सती दादी मंदिर ट्रस्ट के पीयूष तुलस्यान ने बताया कि मंगल पाठ एक धार्मिक अनुष्ठान है जो दादी सती की पूजा-अर्चना के लिए किया जाता है। रानी सती को देवी के रूप में पूजित किया जाता है और उनकी कृपा से लोग सुख-समृद्धि पाते हैं। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी दीपक निमाला, मनोज भिवानिया, मनीष भिवानिया, पप्पू लाठ, विकास उदयपुरी, ममता तुलस्यान, रीना लाठ, मीना लाठ सहित सुमित व दर्जनों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## शहर में चला वाहन जांच अभियान 47,310 रुपये का जुर्माना वसूला



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के सदीक चौक एवं छः मुहान क्षेत्र में जिला परिवहन विभाग द्वारा मंगलवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया, चारपहिया, ई-रिक्शा और टेंपो सवारी वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में कई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस और ट्रिपल लोडिंग करते हुए पकड़े गए।

वहीं 14 दोपहिया और 2 ई-रिक्शा चालकों को बीच सड़क पर जबरन सवारी बैठाते हुए पाया गया। यातायात में बाधा उत्पन्न करने के कारण इन वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षात्मक रूप से रखा गया है। इसी क्रम में सोमवार रात एक पिकअप मालवाहक गाड़ी को भी जब्त किया गया था, जिसे शहर थाना परिसर में खड़ा कर उसका चालान फाइन के लिए जिला परिवहन कार्यालय पलामू भेजा गया। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 21 मई को दो शराब पीकर वाहन चला रहे दोपहिया चालकों पर 21,522 का चालान किया गया। इसके अतिरिक्त 17 दोपहिया वाहनों पर 22,388 और 3 ई-रिक्शा सवारी गाड़ियों पर 3,450 का चालान किया गया। कुल मिलाकर विभाग द्वारा 47,310 रुपये का जुमार्ना वसूला गया है। परिवहन विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित वाहन संचालन सुनिश्चित करें।

# मुखिया पति पर मारपीट व धमकी देने का आरोप

## पीड़ित ने विधायक से लगाई न्याय की गुहार, 24 घंटे में कार्रवाई की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता



**तरहसी।** पलामू जिले के तरहसी प्रखंड अंतर्गत धूमा गांव निवासी जनेश्वर साव ने गुरहा पंचायत के मुखिया पति गुल खान पर मारपीट की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस मामले में तरहसी थाना को लिखित आवेदन देने के बावजूद एफआईआर नहीं दर्ज होने पर पीड़ित ने पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता से मुलाकात कर न्याय की मांग की। विधायक मेहता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी और एसडीपीओ को दूरभाष पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अगर 24 घंटे के भीतर एफआईआर नहीं हुई, तो विश्व हिंदू परिषद के साथ थाना घेराव किया जाएगा।

जनेश्वर साव का आरोप है कि उनके जमीन विवाद के मामले को शिव मंदिर परिसर में सुलझाने की इच्छा जताने पर मुखिया पति ने उन्हें अपने घर बुलवाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार, मुखिया पति के बॉडीगार्ड ने उन्हें जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाकर गुल खान के घर पहुंचाया, जहां उन्हें गालियां दी गईं और कहा गया कि जैसे राजकुमार साव को मारा गया, वैसे ही तुम्हें भी मारेंगे। तरहसी थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है, मामले की जांच जारी है। एसडीपीओ मनोज झा कहा कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पलामू उपायुक्त ने किया मनोनयन

## ग्रामीण विकास मंत्रालय की गाइडलाइन के तहत हुआ चयन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त शशिरंजन ने रांची रोड, रेडमा निवासी ईश्वरी पाण्डेय को गैर सरकारी सदस्य (सामान्य) के रूप में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) का सदस्य मनोनीत किया है। इस नियुक्ति से संबंधित आदेश में बताया गया है कि यह मनोनयन केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की जारी मार्गदर्शिका के अनुसार किया गया है। उपायुक्त ने इस संबंध में जिला विकास समिति के अध्यक्ष एवं पलामू सांसद विष्णु दयाल राम तथा झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के उप सचिव को भी पत्र की कॉपी भेजी है। ईश्वरी पाण्डेय के सदस्य बनाए जाने पर क्षेत्रीय लोग खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दे रहे हैं। बधाई देने वालों में मोहन जायसवाल, पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, सिरमा मुखिया राकेश दुबे, समाजसेवी राजकमल तिवारी, संतोष पाण्डे, मुखिया सुमन गुप्ता, अखिलेश पासवान, अखिलेश पाण्डे, रामस्वरूप सिंह, जगदीश पाण्डेय, अशोक सोनी, सिकंदर जायसवाल एवं दयानंद सिंह प्रमुख हैं।



## यात्रा-वृत्तांत 'बढ़ते कदम रेंगती' बातें का लोकार्पण

**मेदिनीनगर।** स्थानीय होटल चंद्रा रेजीडेंसी में रवि शंकर पाण्डेय की यात्रा पुस्तक बढ़ते कदम रेंगती बातें का भव्य लोकार्पण हुआ। समारोह की अध्यक्षता कवि श्रीधर द्विवेदी ने की व संचालन रीना प्रेम दूबे ने। कार्यक्रम में कई साहित्यकार व बुद्धिजीवी शामिल हुए। वक्ताओं ने पुस्तक की भाषा, शैली व भाव की सराहना की। लेखक ने पूर्व प्रकाशित काव्य संग्रह परिणाह और फुही का भी उल्लेख किया और सबके प्रति आभार जताया।

## गुरुगोष्ठी में अनुपस्थित शिक्षकों से शोकॉज

**केतार।** प्रखंड संसाधन केंद्र में 19 मई को संपन्न हुई गुरुगोष्ठी में अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों को बीईईओ कानन पात्रा ने शोकॉज किया है। शिक्षकों को पत्र प्रेषित करते हुए बीईईओ ने कहा है कि गुरुगोष्ठी की बैठक में सभी शिक्षकों को आवश्यक रूप से भाग लेने का निर्देश जारी किया गया था। उसके बावजूद कई शिक्षकों ने बिना कोई कारण बताए बैठक में भाग नहीं लिया। यह वरीय अधिकारियों के आदेश की अवहेलना और अपने कार्यों के प्रति लापरवाही को प्रदर्शित करता है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय खोनहर के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमरेंद्र गुप्ता, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डन अमिता पांडेय, प्राथमिक विद्यालय नावाडीह के सहायक अध्यापक मेघनाथ प्रजापति व नव प्राथमिक विद्यालय पंचफेड़ी ताली के सहायक अध्यापक राम कुमार राम को शोकॉज किया गया है।

# जनता दरबार में लोगों की समस्याओं का किया गया समाधान




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू समाहरणालय सभागार में आज जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त शशिरंजन के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने जनता दरबार में आए लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका तत्काल समाधान सुनिश्चित किया। आवेदनों की समीक्षा कर उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इस दौरान 20 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई आवेदनों का समाधान शीघ्रता से करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जनता दरबार में चैनपुर थाना क्षेत्र के ओरनार निवासी सुभागी कुमारी ने अनुबंध आधारित कार्य उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं नीलांबरपुर-पीतांबरपुर थाना क्षेत्र के एक नागरिक ने जमीन विवाद का आवेदन प्रस्तुत किया। चियांकी निवासी सोमरिया देवी ने समय सीमा तय करते हुए जमीन का सीमांकन करने का अनुरोध किया। उंटारी रोड थाना क्षेत्र के कुटुमू निवासी सुगिया देवी एवं अन्य ग्रामीणों ने सामूहिक आवेदन देकर चापाकल लगाने की मांग की। इसके अतिरिक्त चियांकी के योगेंद्र मुसहर ने रोजगार उपलब्ध कराने की भी मांग की। चैनपुर के एक निवासी ने ग्रामीण रास्ते को कब्जामुक्त कराने का आवेदन दिया। जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने भी अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश उप विकास आयुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए हैं।

# शहर में हुई 5.8 मिमी बारिश, मौसम हुआ सुहाना

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में बुधवार को दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, गरज-चमक के साथ हुई झमाझम बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। दोपहर पूर्व तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग घरों में दुबके हुए थे। जैसे ही मौसम बदला, आसमान में घने बादल छा गए और देखते ही देखते तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के कारण नगर निगम क्षेत्र में कई स्थानों पर जलजमाव हो गया। पांकी रोड, रांची रोड, चैनपुर-नेउरा मार्ग सहित अन्य मुख्य सड़कों पर पानी भर गया। कई मुहल्लों में नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा, जिससे पैदल यात्रियों और दोपहिया वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश से जहां आम लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली, वहीं बाजार क्षेत्र में व्यापारियों और ग्राहकों को कठिनाई का सामना करना पड़ा। व्यापारी अपना सामान बचाते नजर आए और ग्राहक भी जल्दबाजी में खरीदारी कर घर लौट गए। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम के समय आर्द्रता 92 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि कुल 5.8 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक इसी तरह का मौसम बना रह सकता है, जिसमें दिन में उमस और शाम को हल्की बारिश की संभावना है।

# आरटीई के तहत 103 बच्चों का नामांकन एक महीने देर से शुरू होगी पढ़ाई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (2009 के अंतर्गत वर्ष 2025झ26 में पलामू जिले के 18 मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में कुल 103 बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया गया है। हालांकि सत्र की शुरूआत के बावजूद इन बच्चों की पढ़ाई लगभग एक माह देरी से शुरू होगी। इस वर्ष आरटीई के तहत जिले भर से कुल 262 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 241 आवेदन को प्रारंभिक रूप से स्वीकृति दी गई। लेकिन दस्तावेज की कमी और ऑनलाइन आवेदन में त्रुटियों के चलते 139 आवेदन अस्वीकार कर दिए गए। अंततः 103 छात्रों का नामांकन हुआ है। जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि इस बार आवेदन की संख्या में वृद्धि जरूर हुई, लेकिन बड़ी संख्या में आयु सीमा से बाहर के बच्चों के आवेदन और दस्तावेज में खामियों के कारण दाखिले सीमित हो गए। विभाग द्वारा चयनित विद्यार्थियों को उनके निवास स्थान के नजदीक के विद्यालयों में नामांकित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि निजी विद्यालयों में शिक्षण सत्र अप्रैल से आरंभ हो जाता है, लेकिन आरटीई के तहत नामांकन प्रक्रिया में देरी के कारण संबंधित छात्र पढ़ाई से पिछड़ जाते हैं। शिक्षा विभाग द्वारा समय पर प्रक्रिया पूर्ण करने का प्रयास किया गया, फिर भी नामांकन में देरी हुई।

## दो गुमटी में चोरों ने हाथ साफ किया

**चिनियां।** थाना क्षेत्र मंगलवार की रात चोरों ने नेत्रहीन सत्येंद्र प्रसाद की पान गुमटी में नकदी चोरी कर ली। चोरों ने गुमटी से 500 रुपए से ऊपर रुपये नकद चुरा लिए। बुधवार सुबह जब सत्येंद्र दुकान खोलने पहुंचे तब दुकान का ताला टूटा देखा। इसी रात थाना क्षेत्र के कुम्हार टोली में राजू रंजन प्रजापति की गुमटी का ताला भी चोरों ने तोड़ कर 2 हजार रुपये नकद बक्सा सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गए। राजू ने बताया कि यह पैसे उनकी दो-तीन दिन की बिक्री की राशि थी।

# क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर सजग हैं वित्त मंत्री : प्रशांत किशोर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छत्तरपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर लगातार सक्रिय हैं और सड़क, पुल-पुलिया समेत आधारभूत संरचना के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। यह बातें युवा समाजसेवी और कांग्रेस नेता प्रशांत किशोर ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि वे पाटन-छत्तरपुर क्षेत्र के हर गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को समझ रहे हैं, ताकि उन्हें समय रहते दूर किया जा सके। सिरमा के मुखिया राकेश दुबे ने बताया कि वित्त मंत्री के पुत्र प्रशांत किशोर स्वयं गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं, जिससे आमजन में भरोसा और उम्मीद दोनों बढ़ी है।

समाजसेवी राजकमल तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा छत्तरपुर क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। सड़क और पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जा रही है। इस दौरान प्रशांत किशोर ने पाटन प्रखंड के सिक्की, बरसैता, कांके, बरवाडीह, सिरमा समेत दर्जनों गांवों का दौरा किया। कांके कला गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ईश्वरी पांडे, राकेश दुबे, खरीदन मियां, विजय सिंह, अफजल अंसारी, विनोद मेहता, कमलेश पांडे, चंद्र किशोर पांडे, सिकंदर पांडे, जनम मोची, लक्ष्मण दुबे सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।



# जलापूर्ति योजना की पाइपलाइन बिछाने में विलंब, लोग नाराज

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** निगम क्षेत्र के वार्ड सात की कई गलियों में शहरी जलापूर्ति योजना फेज टू के तहत पाइपलाइन बिछाने का काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी फैल गई है। आसपास की गलियों में पाइप बिछाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन वार्ड सात की कई जगहों में यह काम लंबित है। कृष्णापुरी रोड नंबर वन क्षेत्र में गर्मी के मौसम में पेयजल की गंभीर कमी रहती है, क्योंकि कई पुराने बोरिंग खराब हो चुके हैं। जिन गलियों में अभी तक पाइप नहीं बिछा है, वहां पहले से पेयजल की समस्या बनी हुई है। वार्ड के निवासी चंदन तिवारी ने बताया कि गर्मी में पेयजल की भारी समस्या झेलनी पड़ती है, जबकि निगम उनकी गलियों में पाइप बिछाने को लेकर स्पष्ट नहीं है। सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने बताया कि योजना के तहत निगम क्षेत्र के सभी हिस्सों को पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।



अगर कोई गली या इलाका पाइपलाइन से वंचित है, तो उसकी जानकारी लेकर शीघ्र ही पाइप बिछाने का कार्य किया जाएगा।

## सत्र नियमित करने व पठन-पाठन सुधार को लेकर सांसद प्रतिनिधि ने कुलपति से की मुलाकात



**मेदिनीनगर।** नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह से जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने औपचारिक मुलाकात की। उन्होंने विश्वविद्यालय में सत्र नियमित करने, नामांकन, कक्षाएं, परीक्षा व परिणाम समय पर जारी करने की मांग की। ओझा ने कहा कि रिजल्ट, एडमिट कार्ड, माइग्रेशन, डिग्री आदि में देरी छात्रों के भविष्य को प्रभावित कर रही है। उन्होंने छात्र संघ चुनाव, सीनेट की बैठक व दीक्षांत समारोह नियमित कराने की भी मांग की। साथ ही विश्वविद्यालय के अधीन कॉलेजों में पढ़ाई की निगरानी के लिए कमेटी गठन का सुझाव दिया। कुलपति ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना और शीघ्र सुधार का भरोसा दिया।

## 11वीं की वार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त संपन्न

**भवनाथपुर।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित 11वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा के दूसरे दिन राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय भवनाथपुर में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। जानकारी देते हुए केंद्राधीक्षक दिलीप कुमार उपाध्याय ने बताया कि परीक्षा में प्रथम पाली में विज्ञान एवं वाणिज्य वर्ग के कुल 146 परीक्षार्थियों में से 145 विद्यार्थी उपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में कला वर्ग के 774 परीक्षार्थियों में से 758 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। विद्यालय प्रबंधन और पर्यवेक्षण दल द्वारा परीक्षा की समुचित निगरानी की गई, जिससे परीक्षा व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हुई ।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

- कांग्रेस कार्यालय में आयोजित सभा में वक्ताओं ने उनके योगदानों को किया याद

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आज पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय, मेदिनीनगर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने की। सभा की शुरूआत राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

इस अवसर पर वक्ताओं ने उन्हें आधुनिक भारत के निमार्ता के रूप में याद किया। जैश रंजन पाठक ने कहा कि राजीव गांधी केवल एक प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि भविष्यद्रष्टा नेता थे, जिन्होंने भारत को विज्ञान, तकनीक, शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि पंचायती राज को सशक्त बनाने, युवाओं को आगे बढ़ाने और देश में तकनीकी क्रांति की नींव रखने में उनका योगदान ऐतिहासिक रहा है। उनके विचार और कार्य आज भी देश के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

वक्ताओं ने यह भी कहा कि राजीव गांधी का जीवन राष्ट्रीय एकता, लोकतंत्र और विकास के मूल्यों से ओतप्रोत था। सभा में मौजूद कांग्रेसजनों ने संकल्प लिया कि वे राजीव गांधी के सपनों के भारत को साकार करने के लिए निरंतर संघर्ष करते रहेंगे। इस अवसर पर 20 सूत्री कार्यक्रम की अध्यक्ष विमला कुमारी, विनोद तिवारी, ईश्वरी सिंह, शमीम अहमद राइन, प्रशांत किशोर, राजेंद्र अग्रवाल, सुरेश पाठक, सत्येंद्र सिंह, गिरजा राम, नसीम खान, शैलेश चंद्रवंशी, मिठू खान, मिथिलेश सिंह, नवल किशोर पाठक, नंद किशोर मिश्रा, अवध बिहारी सिंह, विद्या सिंह चेरो, अजय साहू, जितेंद्र कमलापुरी, नगर अध्यक्ष हैदर खान, मोहम्मद चांद, अनिल सिंह, अखिलेश चौधरी, गोपाल पासवान, तुलसी पासवान, ललित सिंह, खुर्शीद आलम, मीर खुर्शीद, छोटू चंद्रवंशी, सौरव शुक्ला, गोपाल प्रसाद सिंह, सुधीर सिंहा, गुड्डू खान, मस्तक आलम, प्रमोद यादव, रामानंद पांडे, शैलेश सिंह, अमीताभ शर्मा, परवाज आलम, साबुद्दीन अंसारी, सबाज अली सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल और विभिन्न प्रखंडों के कांग्रेस कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

## एक नजर

### भवनाथपुर एफसीआई गोदाम में ट्रैक्टरों से ओवरलोड ढुलाई

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदाम में ट्रैक्टरों द्वारा ओवरलोड ढुलाई की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार इन ट्रैक्टरों में निर्धारित सीमा से अधिक अनाज ढ़ोया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यहां आय दिन दुर्घटनाए होती रहती है। ओवर लोड होने के चलते ही गरीबों की दी जाने वाली गेहूं चावल सड़क पर गिर जाती है और यही अनाज सड़क से जमा कर गरीबों को दे दिया जाता है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटनाओं की संभावना हो सकती है। इसके अलावा ओवरलो के कारण ट्रैक्टरों की गति और नियंत्रण पर भी असर पड़ता है, जो आम जनता के लिए खतरा बन सकता है। मोटर वाहन अधिनियम के तहत ओवरलो एक दंडनीय अपराध है। इस अधिनियम के अनुसार निर्धारित भार सीमा से अधिक माल ढ़ोने पर जुर्माना और अन्य दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। इसके बावजूद, भवनाथपुर क्षेत्र में इस नियम का उल्लंघन खुलेआम हो रहा है। स्थानीय प्रशासन और परिवहन विभाग को इस मुद्दे की गंभीरता को समझते हुए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। एफसीआई को भी अपने गोदामों से निकलने वाले वाहनों की नियमित जांच सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि ओवरलोड की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। यदि प्रशासन समय रहते इस पर ध्यान नहीं देता, तो यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है, जिससे न केवल सड़क सुरक्षा प्रभावित होगी, बल्कि सरकारी संसाधनों पर भी अतिरिक्त भार पड़ेगा।

लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का सभी मुखिया को निर्देश

# योजनाओं के क्रियान्वयन में समन्वय बनाकर काम करें जनप्रतिनिधि : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बुधवार को जिला व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, मुखिया, प्रमुख के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड क्षेत्र में चलाई जा रही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। कार्य संचालन की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए और कार्यों में प्रगति लाकर ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में मुख्यतः मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), अबुआ आवास,15वें वित्त से संचालित योजना, पेयजल एवं स्वच्छता, स्वास्थ्य, जन वितरण प्रणाली, राशन कार्ड, समाज कल्याण विभाग, पेंशन योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, शिक्षा, कल्याण विभाग, कृषि, जेएसएलपीएस सहित अन्य विभागों से संबंधित समीक्षा बैठक आहूत की गई। विभागों से संबंधित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने




बैठक में उपस्थित मुखिया तथा प्रखंड प्रमुख से उनके पंचायतों में चलाई जा रही विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि अनुमंडल स्तर पर आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों को एक मंच पर लाकर उनके अपने-अपने कर्तव्यों को आपसी समन्वय बनाकर संचालित कराना है। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से कहा कि आप सभी अपने-अपने पंचायतों में सरकार की जनकल्याकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अहम योगदान देते है। आपकी जनता भी आपसे इसकी अपेक्षा रखती है ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में पंचायत सुदृढ़ीकरण विषय पर चर्चा करते हुए डीसी ने मुखिया तथा प्रखंड प्रमुख से कहा कि जिला तभी सुदृढ़ हो सकता है जब उसके सभी पंचायत सुदृढ़ हो और पंचायतों को सुदृढ़ करने में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आप सभी अपने-अपने पंचायत की समस्याओं को अपने स्तर से हल करने का प्रयास करें तथा पंचायत को सुदृढ़ बनाने में अपना योगदान दे। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपने प्रखंडों में पंचायती राज के गाइडलाइन के तहत सभी पंचायतों में बैठक का आयोजन करने का निर्देश दिया। समीक्षात्मक बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) से संबंधित बिंदुओं पर भी चर्चा की गई एवं कार्य को पूर्ण करने, योजनाओं के अधीन प्राप्त राशि को नियमानुसार शत प्रतिशत खर्च करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा के मुख्य बिंदुओं योजना की पूर्णता, एरिया ऑफिसर मॉनिटरिंग ऐप, आधार से आधारित भुगतान व मजदूरों का आधार एंट्री, 100 मानव दिवस वाले परिवार, पोटो हो खेल मैदान, बिरसा हरित ग्राम योजना, अस्वीकृत लेन-देन, अबुआ-आवास में निर्गत मास्टर रॉल, लोकपाल द्वारा उठाये गए बिन्दू इत्यादि की समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, डीआरडीए डायरेक्टर रवीश राज सिंह, आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय, पंचायती राज पदाधिकारी प्रवेश कुशवाहा सहित गढ़वा अनुमंडल के सभी बीडीओ, सीओ व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### आयुष्मान आरोग्य शिविर का सफल आयोजन

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आरंगी और प्रखंड के 17 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में एक साथ किया गया। इन सभी स्थलों पर सीएचओ और एएनएम के सहयोग से शिविर का संचालन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। इस विशेष शिविर में स्वास्थ्य से संबंधित कई महत्वपूर्ण सेवाएं आमजन को नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई। प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक ने बताया कि शिविर के दौरान विशेष रूप से एनसीडी, सिकल सेल एनीमिया और तपेदिक (टीबी) जैसी गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक जांच और स्क्रीनिंग की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य इन रोगों की समय रहते पहचान करना और उनके लिए उपयुक्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना था, ताकि रोगियों को शीघ्र उपचार मिल सके और रोग की जटिलताओं से बचाव हो सके। इस अवसर पर नागरिकों की डिजिटल स्वास्थ्य सुविधा को सशक्त करने हेतु बड़ी संख्या में आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी का निर्माण भी किया गया। इसके माध्यम से नागरिकों की स्वास्थ्य जानकारी को एकीकृत और सुरक्षित रूप से डिजिटल प्लेटफार्म पर संग्रहीत किया जाएगा, जिससे भविष्य में चिकित्सा सुविधा प्राप्त करना अधिक सरल और सुलभ हो सकेगा। शिविर में परिवार नियोजन, मातृ एवं शिशु टीकाकरण, स्वच्छता एवं पोषण से संबंधित जानकारियां भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में डॉ. अभिनीत विश्वास, डॉ. फैज, आयुष्मान मित्र गुप्तेश्वर प्रसाद, अनूप कुमार, सुनील पटेल, अनुज कुमार, धर्मजीत राम सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अन्य कर्मियों का सहयोग रहा।

## न्यूज बॉक्स

### एसडीओ ने एक पेड़ मां के नाम योजना की शुरूआत की

**श्री बंशीधर नगर।** 21 मई से 23 मई तक चल रहे एक पेड़ मां के नाम योजना का शुरूआत नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल ने किया। पहले चरण के अभियान में पेड़ लगाने के लिए स्थल का चयन किया गया। पहले चरण में वार्ड 16 के जतपुरा ग्राम में बन रहे निमार्णाधीन पार्क तथा वार्ड 5 में बभनी खाड़ डैम का चयन किया गया। स्थल चयन को लेकर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल ने महिला स्वयं सहायता समूह के महिलाओं को रवाना किया। कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल ने बताया कि नगर पंचायत में पहले चरण में 6 स्थानों का चयन किया गया है। स्थल चयन के बाद उक्त स्थान पर 5 जून को पौधा लगाया जाएगा।उन्होंने कहा कि यह अभियान एक पेड़ मां के नाम के साथ शहरी क्षेत्र में पर्यावरण को बचाने और स्वच्छ बनाने का है। उन्होंने इस अभियान को लेकर आम एवं से लोगों को जागरूक करने का अपील किया है। कार्यक्रम में नगर प्रबंधक प्रमय मण्डीलवार,रवि कुमार,सीआरपी इसरत खातुन विभिन्न महिला समूह के सदस्य उपस्थित थे।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**भवनाथपुर।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सेना के साहस को सम्मानित करने सहित सेना के वीर जवानों के शहादत के सम्मान में भाजपा मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव की अध्यक्षता में खरौंधी मोड़ से कर्पूरी चौक तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा सदस्यों ने अपने हाथों में तिरंगा व भारतीय सेना के जयघोष के साथ भारत माता की जय,देश की सेना जिंदाबाद के नारे गूंजते रहे। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर में शहीदों का स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं ने कहा कि इतिहास में पहली बार परमाणु हथियार संपन्न देश के ऊपर ऐसी कार्रवाई की गई। पहली बार सिंधु जल समझौता तोड़ा गया। भारतीय वायु सेना के कार्रवाई से पाकिस्तान के लगभग प्रत्येक शहर के आतंकी ठिकानों और उनके एयर बेस को ध्वस्त किया गया। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम और मिसाईलों ने पाकिस्तान को खैरात मिले,अमेरिका चीन,तुर्की अन्य देश के हथियारों निष्प्रभावी और नष्ट कर दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम, भारतीय सेना जिंदाबाद, वीर बलिदानी अमर रहें आदि के नारे लगाये गये। मौके पर भाजपा नेता मनोज सिंह,अनिल चौबे,सतीश कुमार पाठक,अरुण गुप्ता,सुनिल सिंह,धनंजय साह, सुरेश साह,अजय सोनी,रवि पाल,संतोष यादव,भानु गुप्ता,दयानन्द प्रजापति,मनोज रजक, विजय महतों, निरंजन पाठक,जीवधन साह,सूर्यकान्त राज,प्रदीप यादव आदि उपस्थित थे।

### एनडीए सरकार किसानों के साथ वादा खिलाफी कर रही : मोर्चा

**श्री बंशीधर नगर।** संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में प्रतिवाद मार्च निकाला गया। प्रतिवाद मार्च भवनाथपुर मोड़ से प्रारंभ होकर मुख्य पथ से होते हुये बालिका उच्च विद्यालय के निकट पहुंचकर नुक्कड़ सभा मे तब्दील हो गया।प्रतिवाद मार्च में शामिल कार्यकर्ता महंगाई पर रोक लगाओ,एमएसपी की गारंटी दो सहित अन्य नारे लगा रहे थे। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की एनडीए की सरकार लगातार किसानों के साथ वादा खिलाफी कर रही है। यह सरकार पूंजीपतियों की हितैषी है। सरकार गरीब, किसान, खेतिहर मजदूर की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। नेताओं ने कहा कि केंद्र की सरकार महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुख्य मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिये जाति धर्म का सहारा ले रही है। नेताओ ने कहा कि देश की जनता सब कुछ जान रही है। अब उनके मनसूबे को कामयाब नहीं होने देगी। नेताओ ने उपस्थित लोगों से एकजुट होकर भाजपा की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष करने की अपील की।नुक्कड़ सभा को कालीचरण मेहता, राजेश कुमार, शिवकुमार सिंह कुशवाहा, कयामुद्दीन अंसारी, राम प्रसाद सिंह, कामेश्वर विश्वकर्मा सहित अन्य ने सम्बोधित किया।

## पीएम श्री मध्य विद्यालय अरंगी के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** पीएम श्री मध्य विद्यालय अरंगी के स्कूली बच्चों को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के तहत उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले स्थित रेणुकूट ले जाया गया। इस शैक्षणिक यात्रा में विद्यार्थियों ने रिहंद बांध, बिरला मंदिर और कृष्णा मंदिर जैसे दर्शनीय व ज्ञानवर्धक स्थलों का भ्रमण किया। शैक्षणिक यात्रा की शुरूआत विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जयकुमार पासवान द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। इस अवसर पर समिति सदस्य सुनील कुमार प्रजापति भी उपस्थित रहे। भ्रमण में विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं शिक्षक विश्वनाथ राम,लीलावती देवी, राम, मिथिलेश कुमार पाठक, सुरेन्द्र कुमार मेहता, सुधांशु कुमार पाठक तथा कुश कुमार चौधरी बच्चों के साथ मौजूद रहे।रिहंद बांध, जिसे गोविंद बल्लभ पंत सागर भी कहा जाता है, सोनभद्र जिले में स्थित भारत के सबसे बड़े कृत्रिम जलाशयों में से एक है। यह बांध रिहंद नदी पर बना है, जो सोन नदी की एक सहायक नदी है। इसका निर्माण वर्ष 1962 में हुआ था और इसका मुख्य उद्देश्य सिंचाई, जल आपूर्ति एवं ताप विद्युत उत्पादन है। बच्चों ने रिहंद बांध की कार्यप्रणाली, जल संग्रहण और जल प्रबंधन की जानकारी के साथ-साथ इसके ऐतिहासिक और पर्यावरणीय महत्व के बारे में भी सीखा। प्रधानाध्यापक सत्येंद्र दास ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

## 15 वर्षों से चल रहे भूमि विवाद का हुआ समाधान

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के बीरबल गांव के सूर्य मंदिर से जुड़ा एक दशक से अधिक पुराना भूमि विवाद आखिरकार सुलझा लिया गया है। यह विवाद गांव के निवासी प्रसिद्ध प्रजापति एवं उनके परिवार तथा स्थानीय ग्रामीणों के बीच सूर्य मंदिर को लेकर करीब 15 वर्षों से चल रहा था। इस विवाद को लेकर पहले भी तीन बार भूमि मापी की जा चुकी थी और दोनों पक्षों के बीच तीन से अधिक बार कानूनी कार्रवाई भी हो चुकी थी, लेकिन विवाद का समाधान नहीं निकल पा रहा था। स्थानीय प्रशासन की कई कोशिशों के बावजूद यह मामला लगातार उलझा रहा। बुधवार को थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार की सक्रिय पहल और समझदारी से इस लंबे समय से चला आ रहा विवाद शांतिपूर्वक सुलझा लिया गया।



थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों को सूर्य मंदिर, बीरबल परिसर के पास बुलाकर बैठक की। बैठक में दोनों पक्षों की सहमति से विवाद का समाधान निकाला गया और आपसी सहमति से भूमि सीमा का निर्धारण किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि उनके संज्ञान में यह मामला काफी दिनों से लंबित चल रहा था, जिसका निपटारा पूर्व जिला परिषद नंद गोपाल यादव, प्रखंड प्रमुख अजय साह, स्थानीय मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, नंद किशोर यादव, सूर्य मंदिर बीरबल के अध्यक्ष देवराज प्रजापति सीताराम चंद्रवंशी, भोला साव, नगीना साव, बिंदेश्वरी भुइयां के सहयोग से आज करा लिया गया है। दोनों पक्षों द्वारा राजी मंदी कर लिया गया है। साथ में थाना से सहायक पुलिस निरीक्षक सईद जुबैर अहमद, पुलिस बल के जवान एवं अन्य ग्रामीण भी उपस्थित थे।स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी की इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे गांव में आपसी सौहार्द कायम रहेगा। इस समाधान से न केवल वर्षों पुराना विवाद खत्म हुआ, बल्कि एक मिसाल भी कायम हुई है कि आपसी सामाजिक पहल और प्रशासन की पहल से जटिल से जटिल मामलों को भी सुलझाया जा सकता है।

## सरकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक लाभुकों को कार्य प्रारंभ करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड कार्यालय में एसडीओ प्रभाकर मिर्धा की अध्यक्षता में सरकारी योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (ढज्र) सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। एसडीओ ने विशेष रूप से उन लाभुकों पर नाराजगी जताई जो अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के तहत अनुदान प्राप्त करने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किए हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे लाभुकों पर दबाव बनाकर उन्हें जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू कराया जाए।मनरेगा के तहत प्रगति में चल रही योजनाओं की भी गहन समीक्षा की गई। इसमें कार्य की गुणवत्ता, मजदूरी भुगतान और मजदूरों की भागीदारी जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। साथ ही पीडीएस व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने और लाभुकों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रवींद्र कुमार, अंचलाधिकारी गौतम कुमार लकड़ा, बीपीओ अंकीत कुमार सिंह, जेई अविनाश कुमार, संजय कुमार, वसीम अंसारी सहित कई पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### क्रशर प्लांट में टैंकर चालक की करंट से मौत

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र के घासीखाप स्थित एमवीएस क्रशर प्लांट पर करंट लगने से टैंकर चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक छतरपुर थाना क्षेत्र के दिनादाग गांव निवासी सीताराम यादव का पुत्र 35 वर्षीय राजेन्द्र यादव है। यह घटना बुधवार की देर शाम की है। बताया जाता है कि राजेन्द्र यादव प्लांट का मीनी डीजल टैंकर चलाता था। वह प्लांट पर चल रहे डीजी जेनरेटर में डीजल डाल रहा था। इस दौरान वह करंट की चपेट आ गया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए छतरपुर लाया जा रहा था। इस दौरान रास्ता में ही मौत हो गई। पिपरा थाना के एस ?आई नकुल शर्मा ने घटना की पुष्टि की है।

## भाजपा ने सैनिकों के सम्मान में तिरंगा निकाली यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** भाजपा ने श्री बंशीधर नगर में मंगलवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल लोग हाथ में तिरंगा लेकर शहर का भ्रमण किया। इस दौरान भारत माता की जय के साथ सैनिकों को सम्मान देने के लिए नारे लगाए जा रहे थे। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि भारत की सेना ने दुनिया को अपने शक्ति और साहस का को परिचय दिया है। वह गौरवान्वित करने वाला है। सैन्य शक्ति को दुनिया ने देखा। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को बता दिया है कि अब देश आतंकवादी घटनाओं को पूरे दमखम के साथ जवाब देगा। अगर दुबारा दुस्साहस किया तो पूरी तरह से मिट्टी में मिला दिया जाएगा। सिंदूर यात्रा सिर्फ अस्थाई रूप से रुका है, बंद नहीं हुआ है। वक्ताओं ने इस दौरान वीर जवानों को सैल्यूट किया। पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि आज देश रक्षा मामले में किसी भी देश से कम नहीं है। मोदी के नेतृत्व में विश्व की सबसे ताकतवर देश बन गया है। मोदी जी ने कह दिया है कि आतंकवाद के विरूद्ध भारत की नीति जीरो टॉलरेंस की रहेगी। मौके पर जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, वरिष्ठ भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव,विनय चोबे,ब्रजेश उपाध्याय,ओमप्रकाश गुप्ता,एसी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम,सांसद प्रतिनिधि मुकेश चोबे,विकाश पांडेय,मथुरा राम,शैलेश चोबे,अशोक सेठ,कुमार कनिष्क,अश्विनी कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

Date Corrigendum Notice

Due to unavoidable reasons dates of e-NIT No. 107/PR/JUSNL/2025-26 is being revised as detailed below and rest of the conditions published will remain same :-

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on e-Tender website | 26.05.2025 at 12:00 PM |
| Start Date & Time of upload of BID | 26.05.2025 at 12:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 16.06.2025 at 02:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 17.06.2025 at 02:30 PM |
| BID Opening date for Price Part (Part-II) | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No. 352893

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 353162 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (25-26)_D

कॉफी विद एसडीएमः 75 स्वच्छता कर्मियों को अंग वस्त्र प्रदान कर किया सम्मानित

## स्वच्छ व सुंदर गढ़वा की इमारत में नींव के पत्थर हैं स्वच्छता कर्मी : एसडीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने अपने एक घंटे के नियमित साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम कॉफी विद एसडीएम में गढ़वा जिले के स्वच्छता कर्मियों को बुधवार को अपने यहां कॉफी पर आमंत्रित किया था। उनके इस आमंत्रण पर गढ़वा, मझिआंव क्षेत्र के 75 स्वच्छता कर्मी ने संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। एक घंटे से अधिक चले इस अनौपचारिक संवाद कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने न केवल स्वच्छता कर्मियों से उनकी समस्याएं जानी। शहर के विकास में उनके सुझाव लिए, बल्कि उनके योगदान को रेखांकित करते हुए अंग वस्त्र प्रदान कर सार्वजनिक रूप से सभी को सम्मानित भी किया। आमंत्रित सदस्यों ने अपनी निजी समस्याओं जैसे राशन कार्ड, आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, घर के बुजुर्गों की पेंशन आदि जैसे मुद्दों से जुड़ी शिकायतें और समस्याएं रखी, जिन्हें एसडीएम ने एक-एक कर नोट किया। सभी को आश्वस्त किया कि उनकी



समस्याओं के निराकरण की दिशा में संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया जाएगा। दूसरी ओर कुछ लोगों ने शहर की बेहतरी को लेकर कई सकारात्मक सुझाव भी दिये। मझिआंव नगर पंचायत से पहुंचे स्वच्छता कर्मियों में समुद्री देवी, शकुंतला देवी, अरुण कुमार, राकेश कुमार, बबलू राम, गोविंदा तथा विकास कुमार ने कहा कि उन लोगों को समय से मासिक मजदूरी नहीं मिल पाती है। कई महीनों के बकाया होने के उपरांत एक-एक महीने की मजदूरी मिलती है। उन्हें हर माह ससमय मजदूरी मिले। गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के स्वच्छता कर्मचारी जितेंद्र राम, राजू राम, जगन राम आदि ने वेतन वृद्धि व उनके स्थायीकरण की दिशा में आवश्यक कदम उठाने के लिए पहल करने का अनुरोध किया। ज्यादातर स्वच्छता कर्मियों ने अपने परिवार के लिए आवास मुहैया करवाने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि गढ़वा के ज्यादातर स्वच्छता कर्मी टंडवा के स्वीपर मुहल्ला जिसे अब विवेकानंद कॉलोनी के नाम से जाना जाता है, वहां रहते हैं। नदी किनारे बसी इस स्लम बस्ती में लोगों ने झोपड़ी नुमा घर तो बना लिया है, लेकिन उन लोगों के पास इसका मालिकाना हक या रसीद नहीं है। इसलिए उनको प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस दिशा में उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी से अनुरोध किया कि वे स्लम विकास परियोजना के तहत उनके आवास बनवाने की दिशा में आवश्यक पहल कर सकते हैं। सोनवा देवी, शीला देवी, रीता देवी आदि ने कहा कि उन्हें जो तनख्वाह मिल रही है। उससे उनका भरण पोषण तो हो जाता है, किंतु आवास की समस्या बरकरार है। एसडीएम ने कहा कि स्वच्छ गढ़वा, सुंदर गढ़वा की इमारत में नींव के पत्थर हैं स्वच्छता कर्मी। मौके पर रामानुज प्रसाद, विजयपाल, मदन कुमार, अमित कुमार, जितेंद्र राम, अजय कुमार, पवन कुमार, अमन कुमार, करण राम, जगन राम, बसंती देवी, फूला देवी, रूबी देवी, रानी देवी, चमेला देवी, रीता देवी, बिजली कुमारी, सोनू राम, सरयू राम, कमलेश प्रजापति, दीपक राम, बबलू राम, चंदन राम, मुन्ना कुमार, मीरा देवी, उर्मिला देवी, सुमित्रा देवी, नंदिनी, सोनवा देवी, शीला देवी, पूजा देवी, ज्योति कुमारी, मधु ममता, राजू, धीरज आदि कुल 75 स्वच्छता कर्मचारी मौजूद थे।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावा के सभी छात्र हुए सफल

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावा के लिए यह गौरव का क्षण है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा जारी परिणामों में विद्यालय के सभी छात्र शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त किए हैं। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री कामेश्वर प्रसाद सिंह ने इस उल्लेखनीय सफलता पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम सभी के सामूहिक प्रयास और मेहनत का फल है। विद्यार्थियों ने लगातार कठिन परिश्रम किया और शिक्षकों ने उन्हें हर स्तर पर मार्गदर्शन दिया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि आने वाले वर्षों में विद्यालय इसी तरह सफलता की नई ऊंचाइयों को छूता रहेगा। उन्होंने बच्चों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन को सही दिशा देती है। इस सफलता से विद्यालय का नाम पूरे प्रखंड में रोशन हुआ है।स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है और विद्यालय के प्रति आभार प्रकट किया है।

कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण
(I.T.D.A) लातेहार
(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

सूचना

कार्यालय आदेश ज्ञापांक– 140/(ITDA), लातेहार दिनांक–17.01.2025 के द्वारा प्रकाशित सूचना के आलोक में लातेहार जिलान्तर्गत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, लातेहार, बरवाडीह एवं गारू में रिक्तियों के विरूद्ध अतिथि शिक्षकों की सेवा प्राप्ति हेतु दिनांक– 10.02.2025 तक आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसके आलोक में विषयवार कुल– 401 (चार सौ एक) आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 247 (दो सौ सैंतालीस) आवेदन योग्य पाए गए थें। प्राप्त आवेदन के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक– 916, दिनांक– 15.04.2025 के द्वारा आवेदकों से आपत्ति की मांग दिनांक– 23.04.2025 तक की गई थी, जिसके क्रम में प्राप्त आपत्ति का निराकरण करते हुए मेधा सूची तैयार की गई है।

दिनांक– 25.04.2025 को आयोजित जिला स्तरीय एकलव्य विद्यालय समिति की बैठक में रिक्त पद के विरूद्ध तीन गुणा अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलाने का निर्णय लिया गया है। जिसके क्रम में मेधा सूची प्रकाशित करते हुए विषयवार निम्नांकित क्रम के आवेदकों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | विषय | तैयार किए गए मेधा सूची में कुल आवेदनों की संख्या | रिक्त पद | साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले आवेदकों का क्रम0 सं0 से क्रम सं0 तक | साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले आवेदकों का कुल संख्या | साक्षात्कार की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक (TGT) विज्ञान | 30 | 3 | 1 से 9 तक | 9 | 29.05. 2025 |
| 2 | स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक (TGT) गणित | 24 | 1 | 1 से 3 तक | 3 | |
| 3 | स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक (TGT) हिन्दी | 19 | 3 | 1 से 9 तक | 9 | |
| 4 | स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक (TGT) सामाजिक विज्ञान | 92 | 3 | 1 से 9 तक | 9 | 30.05. 2025 |
| 5 | स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक (TGT) संस्कृत | 12 | 3 | 1 से 9 तक | 9 | |
| 6 | कला/क्राफ्ट शिक्षक | 8 | 3 | 1 से 8 तक | 8 | 31.05. 2025 |
| 7 | शारीरिक शिक्षक (पुरूष/महिला) | 62 | 2 | 1 से 6 तक | 6 | |
| | कुल योगः– | 247 | 18 | | 53 | |

तैयार की गई मेधा सूची प्रकाशित करते हुए जिले के बेवसाईट www.latehar.nic.in पर अपलोड किया जा रहा है। उक्त क्रम के आवेदकों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को समाहरणालय सभागार लातेहार में अपने मूल प्रमाण–पत्रों के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

परियोजना निदेशक,
आई०टी०डी०ए०, लातेहार

PR 353161 Welfare(25-26)#D

## न्यूज बॉक्स

### डीएलसीसी सब-कमिटी की हुई बैठक



**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में डीएलसीसी/डीएलआरसी एवं सीडी रेश्यो सब-कमिटी की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में माह दिसंबर व माह मार्च तक एसीपी अचीवमेंट की समीक्षा की गई जिसमें उपलब्धि 74.76 प्रतिशत पाया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा बैंकों की आउटरीच बढ़ाने का निर्देश दिया गया। सीडी रेश्यो बढ़ाने के लिए सभी बैंकों को अपनी योजनाओं की रूपरेखा तैयार कर कार्य करने का निर्देश दिया गया। फसल केसीसी और पशुपालन एवं मत्स्य पालन ऋण में उपलब्धि बढ़ाने का निर्देश दिया गया। बैंकवार स्वयंसहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज दिये जाने की समीक्षा की गई। गवर्नमेंट स्पॉन्सर्ड स्कीम मुद्रा ऋण, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएमएफएमई , पीएम-स्वनिधि योजनाओं की समीक्षा की गई और सभी बैंकों को दो सप्ताह के अंदर लक्ष्य हासिल करने का निदेश दिया गया। आरसेटी निदेशक को युवक-युवतियों को प्रशिक्षण उपरांत क्रेडिट उपलब्ध कराने और आय सृजन कराने हेतु निर्देश दिये गये। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, उद्योग प्रबंधक रघुवर सिंह, अग्रणी बैंक प्रबंधक, सभी बैंकों के प्रबंधक उपस्थित थे।

### अजय नाथ शाहदेव के नेतृत्व में तेज़ी से बढ़ेगा झारखंड क्रिकेट : धीरज साहू



**लोहरदगा।** पूर्व राज्यसभा सांसद और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता धीरज प्रसाद साहू ने झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के चुनाव में अध्यक्ष पद पर अजय नाथ शाहदेव की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की है। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि श्री शाहदेव के निर्वाचित होने के बाद झारखंड में क्रिकेट का निरंतर विकास होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रांची में अब और भी अधिक टेस्ट क्रिकेट और एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया जा सकेगा साथ ही लोहरदगा में भी क्रिकेट की बेहतर आधारभूत संरचना तैयार होगी। साहू ने कहा कि शाहदेव की टीम कुशल, अनुभवी एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से सुसज्जित है और इस बात का पूरा भरोसा है कि झारखंड में क्रिकेट अब नए मुकाम पर स्थापित हो सकेगा। प्रदेश में क्रिकेट का विकास होगा साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर रांची और झारखंड को और भी महत्वपूर्ण पहचान मिलेगी।

### समीद अंसारी बने कैरो प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि



**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड के कैरो निवासी समीद अंसारी को लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने कैरो प्रखंड प्रतिनिधि मनोनीत किया है। जिसके लिए सांसद का आभार प्रकट करते हुए बधाई दी गई। बुधवार को सांसद सुखदेव भगत ने समीद अंसारी को अपना कैरो प्रखंड प्रतिनिधि मनोनीत करते हुए कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी के नाम मनोनयन पत्र भेजवाया। पत्र के माध्यम से सांसद सुखदेव भगत ने कहा है कि मेरे गैरमौजूदगी में मेरे द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि सरकार के द्वारा प्रायोजित बैठक, सभा, सम्मेलन में सांसद प्रतिनिधि के रूप में सहभागिता व प्रतिनिधित्व करेंगे साथ ही विकास योजनाओं के क्रियान्वयन व मुल्यांकन में प्रशासन के साथ संबंध स्थापित करेंगे। समीद अंसारी ने सांसद सुखदेव भगत का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुझे जो जिम्मेवारी दी गई उसे बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा। बधाई देने वालों में शरत कुमार विद्यार्थी, किशोर उरांव, अल्ताफ अंसारी, मुस्लिम अंसारी,जोरावर खान, मो सजाद, रूपा उरांव, रिजवान अंसारी, कमला भगताईन, रिजवान अंसारी,तौहीद अंसारी, मतलूब अंसारी, संजु सुक्ला, मंटू उरांव, मुर्तजा अंसारी आदि सामील हैं।

### नंदकिशोर शुक्ला बने सेन्हा प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि



**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की सेन्हा निवासी पूर्व प्रखंड अध्यक्ष नन्दकिशोर शुक्ला को लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने सेन्हा प्रखंड प्रतिनिधि मनोनीत किया है.वही बुधवार को सांसद सुखदेव भगत ने श्री शुक्ला को प्रतिनिधि मनोनीत करते हुए प्रमाण पत्र दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी को भेजें गए पत्र में जानकारी देते हुए सांसद सुखदेव भगत ने बताया है कि मुर्की सेन्हा निवासी नन्दकिशोर शुक्ला को सेन्हा प्रखंड का सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया जाता है. जिस निमित सांसद की गैरमौजूदगी में नन्दकिशोर शुक्ला सरकार के द्वारा प्रायोजित बैठक,सभा और सम्मेलन में श्री शुक्ला सांसद प्रतिनिधि के रूप में प्रतिनिधित्व करेंगे। विकास योजनाओं के क्रियान्वयन व मुल्यांकन में प्रशासन के साथ संबंध स्थापित करेंगे। वही सांसद सुखदेव भगत के सेन्हा प्रखंड प्रतिनिधि बनने के बाद नन्दकिशोर शुक्ला ने कहा कि प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं में अनियमितता तथा लापरवाही सहन नहीं होगी। लापरवाह अधिकारियों व ग्रामीण जनता को परेशान करने वालें अधिकारियों व कर्मियों के विरुद्ध कारवाई के लिए सांसद व जिला प्रशासन को पत्राचार जानकारी दिया जायेगा। सरकार द्वारा संचालित विकास सभी योजनाओं का लाभ जनता को मिले यही प्राथमिकता होगी। वही नन्दकिशोर शुक्ला को सेन्हा प्रखंड सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष है.बधाई देने वालों में सूखैर भगत,प्रकाश उरांव,इमरान आजाद अंसारी,इम्तियाज अंसारी,दुखिया उरांव,फिरोज अंसारी,सुखदेव उरांव,जमील अंसारी,ईश्वर सहाय कुजूर, सगीर अंसारी समेत अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हैं।

### लोहरदगा में नशे के कारोबार पर पुलिस का करारा प्रहार

# गांजा तस्करी में एक गिरफ्तार बड़ी मात्रा में नशा सामग्री बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में नशा माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में लोहरदगा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो स्थानों पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा, चिलम व अन्य सामग्री जब्त की है। इस कार्रवाई में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक महिला तस्कर मौके से फरार हो गई। गोपनीय सूचना के आधार पर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर के नेतृत्व में सहायक पुलिस निरीक्षक रमेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विशेष छापामार दल का गठन किया गया, जिसमें अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अमरनाथ पांडेय, चालक व सशस्त्र बल शामिल थे।



पहली कार्रवाई ब्लॉक मोड़ क्षेत्र में की गई, जहां रेखा देवी नामक महिला के द्वारा गांजा बिक्री की सूचना मिली थी। पुलिस के पहुंचने पर महिला तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गई। उसके दुकान की तलाशी में गांजा की छोटी-छोटी पुड़िया, चीनी कागज़ में लिपटा गांजा, 'ब्लेज़ अप' ब्रांड की सामग्री और 47 मिट्टी के चिलम बरामद किए गए। बरामद गांजा का कुल वज़न लगभग 450 ग्राम बताया गया है। दूसरी छापेमारी कैमो केन टोली क्षेत्र में की गई, जहां दिलीप प्रजापति नामक व्यक्ति की दुकान से 4 गांजा पुड़िया, 240 गांजा मिश्रित सिगरेट और 44 चिलम जब्त किए गए। पूछताछ में दिलीप ने बताया कि उसने गांजा बड़ा तालाब क्षेत्र से खरीदा था, लेकिन आपूर्तिकर्ता की जानकारी देने में वह असमर्थ रहा। उसके पास से कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला, जिसके आधार पर उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। उसके विरुद्ध लोहरदगा थाने में मादक पदार्थ नियंत्रण अधिनियम की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच उपनिरीक्षक राजेश को सौंपी गई है। थाना प्रभारी रत्नेश ठाकुर ने स्पष्ट किया कि नशा कारोबारियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और किसी भी कीमत पर उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से बचाना समाज की पहली ज़िम्मेदारी है। जनता से भी उन्होंने अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

## झारखंड आंदोलनकारियों के मामले को लंबित रखना सरकार के लिए उचित नहीं : राजू महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक बुधवार को कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केन्द्रीय समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो, प्रधान महासचिव कयूम खान, महिला संयोजिका विनिता खलखो, एरेन कच्छप, नीरू शांति भगत, जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत, गिरिडीह जिला के राजेश वर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों के मामले को लंबित रखना झारखंड सरकार के लिए उचित नहीं है। मुख्यमंत्री व सरकार से आग्रह करते हुए अनुरोध किया है कि झारखंड आंदोलनकारियों से वार्ता करें और आंदोलनकारियों के लिए बनी नियमावली में संशोधन कर जेल जाने की बाध्यता समाप्त करें। सभी आंदोलनकारियों को सम्मानजनक तरीके से समान रूप से सम्मान, नियोजन समेत व्यवस्थाओं का लाभ देने की दिशा में ठोष कार्य करें। श्री महतो ने कहा कि आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन के द्वारा तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को लिखे पत्र के अनुरूप गुरुजी मोडल लागू करें।



उन्होंने कहा कि जल्द ही झारखंड आंदोलनकारियों के हितों की लड़ाई को तेज करने के लिए सभी आंदोलनकारी संगठन की बैठक कर जल्द ही एक समन्वय समिति का गठन किया जाएगा।केन्द्रीय प्रधान महासचिव कयूम खान के नेतृत्व में चुनाव प्रभारी के बतौर प्रत्यक्ष रूप से चुनाव संपन्न कराया गया जिसमें सर्वसहमति से जिला संयोजक के रूप में प्रो. विनोद भगत, जिलाध्यक्ष अनिल कुमार भगत, कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो, सचिव विशेषण भगत व कोषाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर को चुना गया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष के रूप में उषा रानी लकड़ा, दीपक वर्मा, सहसचिव अशोक कुमार, सोमनाथ भगत, सहकोषाध्यक्ष मनोज उरांव को चुना गया। इसके अलावे 15 कार्यसमिति सदस्य भी बनाए गए, जिनमें राजमोहन महतो, शिवनाथ टोप्पो, छोटन विश्वकर्मा, आरीफ खान, मंगलेश्वर उरांव, सोमा उरांव, भोला भगत, चन्द्रपाल उरांव, सुरेश उरांव, चैतू मुंडा, लालदेव टाना भगत, जगदीश उरांव, सूरज मोहन लकड़ा और मालती टोप्पो शामिल हैं। केन्द्रीय महिला संयोजिका विनिता खलखो ने कहा कि कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा चिन्हितीकरण के नाम पर लोगों को बरगला कर आर्थिक दोहन करने का प्रयास कर रहे हैं। उनसे सावधान रहें। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आंदोलनकारी के पुत्र होने का हक अदा करें। बिना किसी दबाव के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी झारखंड आंदोलनकारियों को समान रूप से मान-सम्मान, पहचान, नियोजन, पेंशन आदि के मामले को अविलंब निष्पादित करें। संबोधित करने वालों में केन्द्रीय महिला संयोजिका सीता उरांव, नीरू शांति भगत, दशरथ उरांव, सचिव विशेषण भगत, जगदीश उरांव, कोषाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर, उषा रानी लकड़ा, अजीत खाखा, सुशीला लकड़ा आदि शामिल थे।

### झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का मांग दिवस संपन्न

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की राज्य कमिटी के निर्देश पर मंगलवार को सदर अस्पताल लोहरदगा परिसर में मांग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोशनी टोप्पो ने की। इस दौरान कर्मचारियों ने मूसलाधार बारिश के बावजूद एकजुट होकर अपनी 22 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। महासंघ के जिला सचिव महेश कुमार सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए सभी प्रमुख मांगों को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हक को लेकर महासंघ लंबे समय से संघर्ष कर रहा है। आगामी 9 जुलाई 2025 को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 17 मुख्य बिंदुओं पर सरकार से तत्काल निर्णय लेने की जरूरत है। इनमें सबसे प्रमुख मुद्दा चार लेबर कोड को बताया गया, जिसे कर्मचारी विरोधी बताया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी मांगों को समाहित करते हुए एक ज्ञापन मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव, झारखंड सरकार के नाम उपायुक्त लोहरदगा को सौंपा गया।

## अहीर रेजिमेंट गठन की मांग को लेकर निकाली गई जागृति कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अहीर रेजिमेंट के गठन की वर्षों पुरानी मांग को लेकर झारखंड यादव महासभा के बैनर तले एक विशाल जागृति कलश यात्रा निकाली गई। रेजांगला युद्ध की पवित्र मिट्टी से भरे कलश को लेकर यात्रा ने पूरे नगर में भ्रमण किया और अंत में बीआईडी मोहल्ला स्थित यादव सभागार में एक सभा में तब्दील हो गई। मुख्य अतिथि झारखंड यादव महासभा के प्रांतीय संयोजक पीतांबर दास ने कहा कि यादव समाज ने सदा देश की रक्षा में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने रेजांगला युद्ध की वीरगाथा को दोहराते हुए कहा, "1962 में 120 यादव सैनिकों ने 1300 चीनी सैनिकों से लोहा लिया और अपने प्राणों की आहुति देकर दुश्मन को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। यह बलिदान भारत के सैन्य इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। महासभा के प्रांतीय महासचिव नरेंद्र कुमार यादव ने कहा, 114 कुमाऊं रेजिमेंट की अहीर कंपनी की बहादुरी आज भी सैन्य इतिहास में प्रसिद्ध है। इसके बावजूद आज तक अहीर रेजिमेंट का गठन न किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोहरदगा जिला अध्यक्ष कविराज यादव ने समाज को शिक्षित, संगठित और देश की एकता के लिए समर्पित होने का आह्वान किया। लोहरदगा प्रभारी रामचंद्र गोप ने रेजांगला युद्ध को भारतीय सेना की वीरता का प्रतीक बताते हुए केंद्र सरकार से अहीर रेजिमेंट गठन की माँग की। सभा में बुलू गोप, सुरेश गोप, केदार गोप, सहित कई वक्ताओं ने समाज की वीर परंपरा को रेखांकित करते हुए रेजिमेंट गठन की माँग को दोहराया। इस अवसर पर भरत यादव, सुरेंद्र यादव गुरुजी, आदित्य यादव, मिथिलेश यादव, रुद्र प्रताप यादव, भीम यादव, बसंत यादव समेत बड़ी संख्या में यादव समाज के सदस्य मौजूद रहे। कलश यात्रा की शुरुआत शंख नदी के पास हुई, जहाँ टीम का भव्य स्वागत किया गया। पूरे नगर में यात्रा ने उत्साह और जोश के साथ भ्रमण किया।

## राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

- कांग्रेसजनों ने याद किया पूर्व प्रधानमंत्री का योगदान, विचार गोष्ठी का भी हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में राजेंद्र भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखैर भगत ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके पश्चात उनकी स्मृति में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि राजीव गांधी ने अपने दूरदर्शी सोच और मजबूत नेतृत्व के साथ आधुनिक भारत की नींव रखी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने देश में कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति की शुरुआत की, जिससे भारत विश्व में एक उभरती तकनीकी शक्ति बन सका। उन्होंने युवाओं को राजनीति में भागीदारी देने के लिए मतदान की आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष कर दी। साथ ही पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने और नई शिक्षा नीति की नींव रखने जैसे ऐतिहासिक निर्णय लिए। इस अवसर पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि राजीव गांधी एक दूरदर्शी और प्रगतिशील नेता थे जिन्होंने अपने निर्णयों से भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के विचार और कार्य आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। कार्यक्रम में शामिल प्रमुख नेताओं में प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला उपाध्यक्ष मोहन दुबे, महासचिव सदरुल अंसारी, प्रवक्ता प्रदीप विश्वकर्मा, विशाल डुंगडुंग, मुजम्मिल अंसारी, परवेज सिद्दीकी, संगीता उरांव, राजू कुरैशी, जुगल भगत, विनोद खैरवार, मुनीम अंसारी, रुस्तम अंसारी समेत अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

अति अल्पकालीन ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar/ F2 - 03/2025-26

पत्रांक–319 लातेहार / दिनांक–20.05.2025

| क0 सं0 | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 01 | डी0एम0एफ0टी0 मद अन्तर्गत प्रखंड–लातेहार के पंचायत–पाण्डेयपुरा में मछली पालन हेतु मत्स्य हेचरी एवं मत्स्य प्रक्षेत्र में अवस्थित तालाब (Desilting of Fishery stocking pond) का जीर्णोद्धार | 17.79 | 3 माह | |
| 2 | | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 26.05.2025 | | |
| 3 | | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.06.2025 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 4 | | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.06.2025 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 5 | | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 18.06.2025 5.00 बजे अपराह्न | | |
| 6 | | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।<br>9939182470 | | |
| 7 | | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 | | |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 353111 Water Resource(25-26)#D

**Government of Jharkhand Urban Development Department**
**Latehar Nagar Panchayat , Latehar**
**e- Procurement Notice (Very Short Tender Notice)**

NIT No. - UDD/LNP/06/2025-26 (2nd Call)

Notice No. - Date –

| S.L. No. | Tender ID | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DMFT | | | | | | |
| 01 | 07/LNP/06 /2025-26 | लातेहार जिले के नगर पंचायत लातेहार में वार्ड संख्या 13 पहाड़पुरी संत जेवियर स्कुल स्कुल के निकट स्थित सामुदायिक भवन में एक अदद शौचालय का निर्माण कार्य। | 242800.00 | 5000.00 | 1000.00 | एक माह |
| 02 | 09/LNP/06 /2025-26 | लातेहार जिले के नगर पंचायत लातेहार में वार्ड सं0 12 अम्वाटीकर अम्बेदकर चौक के निकट स्थित सामुदायिक भवन में एक अदद शौचालय का निर्माण कार्य। | 242800.00 | 5000.00 | 1000.00 | एक माह |
| 03 | 10/LNP/06 /2025-26 | लातेहार जिले के नगर पंचायत लातेहार में वार्ड सं0 05 डुरूआ मेंSLRM कार्य हेतु सामुदायिक भवन, डुरूआ को जिर्णोद्वार कार्य। | 239300.00 | 4800.00 | 1000.00 | एक माह |
| 04 | 11/LNP/06 /2025-26 | लातेहार जिले के नगर पंचायत लातेहार में वार्ड सं0 05 डुरूआ में औरंगा नदी के निकट स्थित सामुदायिक भवन में एक अदद शौचालय का निर्माण कार्य। | 242800.00 | 5000.00 | 1000.00 | एक माह |
| 05 | 12/LNP/06 /2025-26 | लातेहार जिले के नगर पंचायत लातेहार में वार्ड सं0 05 डुरूआ लातेहार में स्थित सामुदायिक भवन में सैप्टिंक टैंक का निर्माण कार्य। | 123200.00 | 2500.00 | 1000.00 | एक माह |
| 06 | Date of Publication of Tender on website | | 22.05.2025 at 11:00 AM | | | |
| 07 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 08 | Date start of submission of bids | | 22.05.2025 at 10:00 am | | | |
| 09 | Last Date/Time of submission of bids | | 28.05.2025 upto 03:00 pm | | | |
| 10 | Technical & Financial Bid opening date (Online) | | 29.05.2025 at 5.00 PM | | | |
| 11 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 12 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 8789131804 | | | |
| 13 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 8789131804 | | | |

NOTE : Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

(Rajeev Ranjan)
Administrator
Nagar Panchayat, Latehar

PR 353134 Urban Development(25-26)D

**Govt. of Jharkhand**
**Office Of the Executive Officer Nagar Panchayat Manjhiaon**

**Notice Inviting Tender**

**e- tender notice no. : 01 /2025-26 Dated : 20.05.2025**

The under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Department and only UDHD of Jharkhand.. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtender.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| Sl. No. | Tender ID | Name of the Work | Estimated Cost(in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) Online | Cost of tender paper (Rs.) Online | Time of completion | Head |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | UDHD/NPM/ 01/01/25-26 | Construction of Urban Health & wellness Centre under UDHD under Nagar Panchayat Manjhiaon. | 4117500.00 | 82350.00 | 10000.00 | 180 Days | 15th FC |

Note : Updated estimated cost should be considered for earnest Money.
- Period of availability of tenders online\date & time bidding on-line\last date of seeking clarification/of opening of tender papers are as give below:

| Sl. No. | Procurement Officer | Place of Opening E Tender | Availability of tender on line for bidding | | Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| | | | From | To | |
| 1. | Executive officer ,Nagar Panchayat Manjhiaon | Office of Executive officer , Nagar Panchayat Manjhiaon | Date-26.05.2025 Time 05:00 P.M | Date- 12.06.2025 Time 5:00 P.M. | Date 14.06.2025 Time 04:00 P.M |

Note : 1. Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
4. पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146(S) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार 10 (दश) प्रतिशत से न्यून निविदाताओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से
(i) 10 से 20% Below की राशि का 20% तथा
(ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू रहेगा।
5. उक्त निविदा https://udhd.jharkhand.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
6. Helpline Number of E-Procurement cell- 7488858091, 8521156090
7. Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department, Gov of Jharkhand (Letter No 120, Date 03.10.2023)

Executive Officer,
Nagar Panchayat Manjhiaon.

PR 353128 (Urban Development)25-26*D


### संविधान बचाओ रैली को लेकर कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक, सुखैर भगत बोले-

# संविधान को बचाने के लिए होगा बड़ा आंदोलन, सौंपी गई जिम्मेवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में दो प्रमुख कार्यक्रमों 26 मई को रांची में राजभवन घेराव एवं 31 मई को लोहरदगा में संविधान बचाओ रैली की तैयारी को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में सुखैर भगत ने कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित राजभवन घेराव कार्यक्रम सरना धर्म कोड लागू करने तथा पेसा कानून को



राज्य में पूर्ण रूप से लागू करने की मांग को लेकर है। यह आंदोलन आदिवासी अस्मिता और अधिकारों की रक्षा के लिए जरूरी है। वहीं 31 मई को प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली ऐतिहासिक होगी, जिसमें झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू, प्रदेश नेतृत्व एवं कई राष्ट्रीय नेता भाग लेंगे। उन्होंने कहा, "भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार लगातार संविधान के मूल स्वरूप पर हमला कर रही है। दलित, आदिवासी और पिछड़ों के आरक्षण के अधिकार को समाप्त करने की मंशा स्पष्ट है। संवैधानिक संस्थाएं जैसे ईडी, आईटी, सीबीआई और चुनाव आयोग तक को नियंत्रित कर लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। बैठक में हाजी शकील अहमद (कार्यकारी अध्यक्ष), नेसार अहमद (प्रदेश प्रतिनिधि), मोहन दुबे (जिला उपाध्यक्ष), संतोषी उरांव (महासचिव), प्रकाश उरांव, नंदकिशोर शुक्ला, परवेज सिद्दीकी, समूल अंसारी, रविंद्र सिंह, जुगल भगत (प्रखंड अध्यक्ष), सत्यदेव भगत, विनोद खैरवार, अनीस अहमद, अनिल उरांव, ठाकुर प्रसाद, कुणाल अभिषेक, जुल्फान अंसारी, नुसरत अंसारी, मुनीम अंसारी, वासुदेव भगत, महावीर उरांव, विजय उरांव, तारीक अनवर सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### युवा चरित्र निर्माण शिविर का भव्य शुभारंभ, 250 युवा ले रहे भाग

**लोहरदगा।** प्रांतीय आर्य वीरदल एवं गुरुकुल शांति आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को छह दिवसीय राज्य स्तरीय युवा चरित्र निर्माण शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। शिविर में राज्य भर से आए करीब 250 युवा भाग ले रहे हैं। शिविर का उद्घाटन माता यशोदा समिति की प्रतिमा जायसवाल, एकल अभियान लोहरदगा अंचल अध्यक्ष सतीश जायसवाल एवं गुरुकुल शांति आश्रम के आचार्य शरचन्द्र आर्य द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य अतिथि प्रतिमा जायसवाल, मंजू जायसवाल, रूबी जायसवाल एवं सीमा केसरी ने कहा कि अनुशासन ही राष्ट्र को महान बनाता है। हमें सदैव अपने गुरुओं और माता-पिता की सेवा के लिए समर्पित रहना चाहिए। आचार्य शरतचन्द्र आर्य ने कहा कि आर्य समाज समाज को सशक्त और मार्गदर्शित करने का कार्य लगातार करता रहा है।

# जंगली हाथी का तांडव, घर को किया ध्वस्त, ग्रामीणों में दहशत



**जारी।** जारी अंचल क्षेत्र के सीसकरमटोली पंचायत के सीसीकरमटोली गांव में मंगलवार रात एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया, जिससे एक ग्रामीण का घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और गांव में दहशत का माहौल है।जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात करीब 11 बजे श्रीनगर गांव की ओर से आए एक जंगली हाथी ने माइकल टोप्पो नामक ग्रामीण के घर पर हमला कर दिया। हाथी ने घर की छत को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में रखे अनाज को भी चट कर गया।माइकल टोप्पो ने बताया कि छत के खपरैल गिरने की आवाज सुनकर जब वह उठे तो देखा कि एक विशाल हाथी उनके घर को ढहा रहा था। माइकल और उनके परिवार ने शोर मचाना शुरू किया, जिसके बाद ग्रामीण इकट्ठा हुए। ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद हाथी को श्रीनगर जंगल की ओर खदेड़ा जा सका। बताया जा रहा है कि हाथी अभी भी उसी जंगल में डेरा जमाए हुए है।हाथी के इस हमले से माइकल टोप्पो का घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित परिवार ने वन विभाग से तत्काल मुआवजे की मांग की है। इस घटना से ग्रामीणों में भारी दहशत है और वे जंगली हाथियों के लगातार गांवों में आने से चिंतित हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की अपील की है।

## न्यूज बॉक्स

### श्री हनुमान चालीसा पुस्तक का किया गया निःशुल्क वितरण



**सिसई।** सिसई प्रखंड क्षेत्र के लरंगो पंचायत स्थित टंगराटोली गांव के हनुमान मंदिर प्रांगण में मंगलवार की संध्या मुख्य अतिथि समाजसेवी उदय कुशवाहा के द्वारा भव्य रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया। एवं उनके द्वारा सनातनियों के बीच श्री हनुमान चालीसा पुस्तक का निःशुल्क वितरण किया गया। उदय कुशवाहा ने सनातनियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में लव जिहाद एवं धर्मांतरण वृहद पैमाने पर हो रहा है, जिससे आए दिन सरना सनातनी समाज के बहन बेटियों के साथ कुकृत्य,लव जिहाद,एवं धर्मांतरण करके उनकी जिंदगी को बर्बाद की जा रही है। ऐसे में सभी अभिभावकगण अपने अपने बच्चियों को नैतिक शिक्षा दें, ताकि वे इन दुष्टों को पहचान कर इनसे दूरी बनाए रख सकें और लवजिहाद होने से बच सके।समाज में लोग अंधविश्वास एवं डायन बिसाही के शक में निर्दोष लोगों की हत्या कर दे रहे हैं जो इंसानियत के नाम पर धब्बा है, लोगों को भूत प्रेत के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। यह समाज के लिए अभिशाप है। समाज में फैले कुरीतियों को दूर करने हेतु समाज के प्रभुत्वजनों को आगे आना होगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बैठक कर लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का काम करना होगा।

### पशुओं की देखभाल पर जोरः दवाओं का किया गया वि तरण



**सिसई (गुमला)।** सिसई के पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को क्षेत्र की महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधारने और स्वरोजगार से जोड़ने को लेकर राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री पशुधन पालन योजना के तहत लाभुकों को बकरी व सुकर का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद सदस्य उत्तरी विजय लक्ष्मी कुमारी, प्रखंड प्रमुख मीणा देवी, अंचल अधिकारी नितेश रोशन खलखो, प्रधान लिपिक राकेश कुमार सुमन व प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ अभिनव के द्वारा लाभुकों के बीच 10 यूनिट बकरी और 4 यूनिट सुकर का वितरण दिया गया। प्रत्येक यूनिट में पांच पांच पशु धन का वितरण किया गया। साथ ही लाभुकों को पशुओं की अच्छे से देखभाल करने और चारा पानी के लिए परात, बाल्टी एवं पशुओं के स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न प्रकार की दवाओं का भी वितरण किया गया। इस दौरान डॉ अभिनव ने पशुओं को दवा खिलाने का तौर तरीकों की जानकारी लाभुकों के बीच साझा किए। वितरण कार्यक्रम में जेएसएलपीएस बीपीएम रिजवाना, प्रखंड कम्प्यूटर ऑपरेटर बजरंग साहू, पशुपालन विभाग के कर्मी व लाभुक उपस्थित थे।

### आरटीआइ कार्यकर्ता ने सरकारी भूमी की सुरक्षा को लेकर सौंपा ज्ञापन

**गुमला।** नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं आरटीआई कार्यकर्ता आनंद किशोर पंडा ने गुमला जिले की सभी सरकारी जमीनों की सुरक्षा और पहचान सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त को एक पत्र सौंपा है। उन्होंने मांग की है कि जिले की हर सरकारी जमीन पर सूचना बोर्ड लगाया जाए, ताकि इन जमीनों पर बिचौलियों का कब्जा और अवैध अतिक्रमण रोका जा सके। श्री पंडा ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि रांची जिले में पहले ही इस दिशा में सकारात्मक पहल की जा चुकी है, और गुमला जिले में भी ऐसा कदम उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुमला, घाघरा, विशुनपुर, चैनपुर, डुमरी, जारी, रायडीह, भरनो, सिसई, बसिया, पालकोट और कामडारा—इन सभी 12 अंचलों में गैर मजरूआ खास, गैर मजरूआ मालिक, गैर मजरूआ आम, जंगल-झाड़ी, खासमहल व कैसरे हिंद जैसी कई श्रेणियों की सरकारी जमीनें मौजूद हैं। उन्होंने मांग की कि अंचल अधिकारियों को यह निर्देश दिया जाए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की सभी सरकारी जमीनों की स्पष्ट पहचान करते हुए वहां "सरकारी भूमि से संबंधित सूचना पट्ट" लगवाएं। इस बोर्ड पर संबंधित जिला, अंचल, मौजा, हल्का संख्या, थाना संख्या, खाता संख्या, प्लॉट संख्या, जमीन का कुल रकबा और प्रकार की जानकारी अंकित होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी सरकारी जमीनों की स्पष्ट मार्किंग कर उसकी तस्वीरें जिला कार्यालय व अंचल कार्यालयों में सुरक्षित रखने का सुझाव दिया है, ताकि इन जमीनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से तय की जा सके।

### तीन हाइवा ट्रक व एक जेसीबी मशीन जब्त

**बसिया(गुमला)।** बसिया से होकर दक्षिणी कोयल नदी की नयनाभिराम धारा बहती है। विगत कुछ वर्षों से नदी की यह धारा बालू माफियाओं की निगाहों में चढ़ा हुआ है। प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद बेखौफ बालू माफियाओं पर नकेल कसना अब बहुत मुश्किल काम बन चुका है। यह एक बड़ा कारण है कि यहां सूरज के ढलते ही बालू का खेल परवान चढ़ने लगता है। बालू के अवैध खनन का यह गोरखधंधा अब प्रशासन के लिए भी चुनौती बन चुका है और इससे निपटने के लिए गत मंगलवार देर शाम प्रखंड के निनई गाँव स्थित कोयल नदी से अवैध बालू उत्खनन व तस्करी करने पर कार्रवाई करते हुए सीओ नरेश कुमार मुंडा के नेतृत्व में तीन हाइवा ट्रक व एक जेसीबी मशीन को जप्त करने की कार्यवाही की गई।

### चैनपुर प्रखंड सभागार में विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

# सरकारी योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : अपर समाहर्ता

नवीन मेल संवाददाता




**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड सभागार में आज अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पुस्तकालय,मनरेगा, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, पीएम जनमन और सरकार की अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। अपर समाहर्ता ने कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी। बैठक के दौरान, अपर समाहर्ता ने अंचल कार्यालय में विभिन्न प्रकार के कागजातों की बारीकी से जांच की। उन्होंने प्रखंड और अंचल कार्यालय में मौजूद आम लोगों की समस्याएं भी सुनीं और अधिकारियों को त्वरित कार्य निष्पादन का आदेश दिया। अपर समाहर्ता का दृष्टिकोणः "योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे" बैठक के बाद, अपर समाहर्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा, "सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का मुख्य उद्देश्य आम जनता तक उनका लाभ पहुँचाना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आज कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की है और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।" उन्होंने जोर दिया कि नियमित निगरानी के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि योजनाएं सही दिशा में आगे बढ़ें और योग्य लाभार्थियों को उनका हक मिले। बीडीओ यादव बैठाः "लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कटिबद्ध" प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) यादव बैठा ने बताया, "अपर समाहर्ता महोदय के मार्गदर्शन में आज हमने प्रखंड में संचालित सभी प्रमुख योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की है। हमारे सभी अधिकारी और कर्मचारी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कटिबद्ध हैं। जो भी कमियां सामने आई हैं, उन्हें तुरंत दूर किया जाएगा और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी योजनाएं समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरी हों।" उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित निवारण उनकी प्राथमिकता है। अंचल अधिकारी दिनेश कुमारः "पारदर्शिता और जन-सुनवाई हमारी प्राथमिकता" अंचल अधिकारी (सीओ) दिनेश कुमार ने कहा, "अपर समाहर्ता महोदय ने अंचल कार्यालय के कार्यों की गहन समीक्षा की है। हमने कागजातों के साथ-साथ जन-सुनवाई पर भी विशेष ध्यान दिया है। हमारा प्रयास है कि कार्यालय में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और उसका त्वरित समाधान किया जाए। पारदर्शिता और जवाबदेही हमारी कार्यप्रणाली का अभिन्न अंग हैं।" बीपीओ कांति कुमारी "मनरेगा और आवास योजनाओं पर विशेष ध्यान" बीपीओ कांति कुमारी ने बताया, "मनरेगा और आवास योजनाएं, जिनमें अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास शामिल हैं।

### बाल विवाह की रोकथाम को लेकर प्रधानाध्यापकों की अहम बैठक

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिले में सामाजिक कुरीतियों और जनस्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के खिलाफ अभियान तेज हो गया है। इसी कड़ी में बुधवार को चैनपुर अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चैनपुर अनुमंडल अंतर्गत सभी सरकारी हाई स्कूल और प्लस टू विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया।

### ऑटो पलटने से चालक की मौके पर हुई दर्दनाक मौत

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो (गुमला)।** भरनो चट्टी मुख्य मार्ग पर बुधवार की दोपहर एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे ऑटो चालक सुखलू उरांव (40 वर्ष), निवासी दीघिया गांव, बेड़ों थाना क्षेत्र, की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, ऑटो मालिक बबलू उरांव घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऑटो मालिक बबलू उरांव और चालक सुखलू उरांव भरनो की ओर जा रहे थे। वनटोली मोड़ के पास ऑटो की गति अत्यधिक तेज होने के कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन सड़क किनारे पलट गया। हादसे में चालक ऑटो के नीचे दब गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं, ऑटो में सवार मालिक बबलू उरांव को पीठ में चोट लगी है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही भरनो थाना के सब इंस्पेक्टर मंटू चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

### कई मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन

**बसिया(गुमला)।** बसिया थाना परिसर में बुधवार को थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मौके पर जमीन संबंधी कई मामलों के निपटारे की सूचना है। बताया जाता है कि इस दौरान ऐसे सात संवेदनशील मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। पुलिस प्रशासन की इस पहल को लेकर आम लोगों में भारी उत्साह है जबकि इस कार्यक्रम में अंचल अधिकारी नरेश मुंडा के नेतृत्व में अंचल कार्यालय की पूरी टीम व थाना प्रभारी युद्धिष्ठिर प्रजापति व तमाम पुलिसकर्मियों के माध्यम से जमीन संबंधी मामलों के निष्पादन की सूचना है।

### दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड मुख्यालय स्थित सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बुधवार को दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गुलाबी देवी और विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय ने बुजुर्गों के स्नेह, अनुभव और मार्गदर्शन को जीवन का आधार बताया, साथ ही बच्चों को जीवनभर उनका सम्मान करने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि गुलाबी देवी ने छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर विद्यालय और समाज का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भैया-बहनों के दादा-दादी और नाना-नानी शामिल हुए, जिनका पूजन और आरती कर विद्यार्थियों ने सम्मान किया। विद्यालय की ओर से सभी बुजुर्गों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे माहौल भावनात्मक और गरिमामय हो गया। समारोह में अभिभावक, शिक्षकगण और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ किया गया। इस अवसर पर मुकेश शाही, संतोष तिवारी, महावीर केशरी समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### गुमला व डुमरी के स्कूलों में समर कैंप का आयोजन

# रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों में आत्मविश्वास का होता है संचार

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिले के गुमला और डुमरी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में आज विशेष समर कैंप का आयोजन किया गया। पिरामल फाउंडेशन द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में जिला व प्रखंड शिक्षा विभाग तथा संबंधित ग्राम पंचायतों का सक्रिय सहयोग रहा। समर कैंप का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, सहयोग की भावना, स्वास्थ्य जागरूकता और जीवन कौशल को बढ़ावा देना था।

डुमरी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में आयोजित कैंप में पंचायत मुखिया नीलमणि मिंज, पिरामल फाउंडेशन से खेमचंद एवं शुभम भारती मौजूद रहे। कार्यक्रम में करीब 160 छात्र-छात्राओं ने बाल गीत, चेतना गीत, चित्रांकन प्रतियोगिता और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया।

साथ ही फाइलेरिया जैसे गंभीर रोग को लेकर एक विशेष जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। वहीं, गुमला प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय, असनी में आयोजित समर कैंप में पंचायत की मुखिया गौरी उरांव, शिक्षकगण और स्थानीय ग्रामीणों की उत्साही उपस्थिति रही। बच्चों ने बैलून गेम, म्यूजिकल चेयर, दौड़, समूह चर्चा और शब्द खेलों में भाग लेकर अपनी रचनात्मकता, आत्मविश्वास और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। मुखिया गौरी उरांव ने भी बच्चों के साथ खेलों में भाग लिया और प्रतिभागियों को चॉकलेट देकर उत्साहवर्धन किया।

### चैनपुर में आयोजित हुई अनुमंडल स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

# क्षेत्रीय समस्याओं का त्वरित समाधान करे : एसडीओ

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** आज बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी, चैनपुर पूर्णिमा कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चैनपुर अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों एवं अंचलों से संबंधित विकासात्मक, प्रशासनिक एवं विधि-व्यवस्था से जुड़े विषयों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में अंचल अधिकारी चैनपुर और जारी दिनेश गुप्ता,डुमरी एवं परमवीर अल्बर्ट एक्का, जारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चैनपुर एवं जारी यादव बैठा, एवं डुमरी उमेश कुमार स्वांशी तथा थाना प्रभारी चैनपुर कुन्दन चौधरी,डुमरी अनुज कुमार, जारी आदित कुमार एवं कुरुमगढ़ मुनेश तिवारी उपस्थित थे।अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्रीय समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए और योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। विकास योजनाओं की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लाभार्थियों तक सेवा की पहुंच सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।बैठक के दौरान राजस्व कार्यों, भूमि विवादों के निपटारे, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, जलापूर्ति, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई।

### 26 टीबी मरीजों को वितरित की गई पोषण किट

**गुमला (बसिया)।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बसिया प्रखंड में 26 टीबी मरीजों को निश्चय पोषण किट का वितरण किया गया। यह वितरण बसिया प्रखंड विकास पदाधिकारी सुप्रिया भगत, अंचल पदाधिकारी नरेश कुमार मुंडा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विजय लकड़ा, डॉ. राजकुमार कुजूर, कार्यक्रम केदारनाथ संदीप कुमार साहू तथा एसटीएस अलेक्सियस एक्का के संयुक्त प्रयास से रेफरल अस्पताल बसिया में संपन्न हुआ। इस अवसर पर 18 निश्चय मित्रों (दानदाताओं) ने स्वेच्छा से सामने आकर टीबी मरीजों की मदद हेतु पोषण सामग्री प्रदान की। निश्चय मित्र बनकर समाजसेवियों और जागरूक नागरिकों ने यह संदेश दिया कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूर्णतः इलाज योग्य रोग है, और इसके खिलाफ लड़ाई में समाज की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। डॉ. विजय लकड़ा ने बताया कि टीबी रोगियों को उचित पोषण, समय पर दवा और मानसिक संबल की आवश्यकता होती है, जिसमें निश्चय मित्रों का योगदान महत्वपूर्ण है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुप्रिया भगत ने निश्चय मित्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जनभागीदारी से ही टीबी उन्मूलन संभव है, और यह अभियान लोगों में टीबी के प्रति जागरूकता लाने में भी सहायक है।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,चतरा**
**(जिला स्थापना शाखा)**

**—: आम सूचना :—**

चतरा जिलान्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2024 के आलोक में दिव्यांग कोटि के निम्नांकित अभ्यर्थियों का शारीरिक जाँच एवं दौड़ कराने के लिए **दिनांक 28.05.2025 को पूर्वाह्न 06:00 बजे पुलिस लाईन, चतरा में** शारीरिक माप एवं दौड़ का आयोजन किया गया है। तदनुसार संबंधित अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र, मूल आधार कार्ड एवं एक अद्यतन फोटो के साथ पूर्वाह्न् 05:00 बजे तक यथास्थान पहुँचना सुनिश्चित करेंगे। उक्त तिथि/अवधि में अनुपस्थित रहने पर उनका दावा समाप्त समझा जाएगा।

**अभ्यर्थियों की विवरणी :–**

| क्र0 | रौल नं0 | अभ्यर्थी की विवरणी |
|---|---|---|
| 1 | 131318 | श्री मनिष कुमार, पिता– शिवनन्दन प्रसाद, ग्राम–बारा, थाना–बशिष्ठनगर जोरी। |
| 2 | 130816 | श्री संतोष कुमार, पिता–त्रिभुवन यादव, ग्राम–दुधौरी, थाना–चतरा। |
| 3 | 130795 | श्री सुनील कुमार, पिता– निरंजन यादव, ग्राम–भगवान दास, थाना–चतरा। |
| 4 | 131710 | श्री दीपक कुमार, पिता– विजय दाँगी, ग्राम–करनी, थाना–ईटखोरी। |
| 5 | 130145 | श्री राजेश कुमार, पिता– राजपत पासवान, ग्राम–भौराज, थाना–प्रतापपुर। |

उपायुक्त,
चतरा

PR 353080 Chatra(25-26).D



**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL, NETARHAT**
(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)

Letter No. - 1024 Date- 21.05.2025

**EXPRESSION OF INTEREST ARE INVITED FOR AMC OF AC AT SCHOOL AUDITORIUM.**

Netarhat Vidyalaya, a fully residential boys' senior secondary school is located 155 km. from Ranchi on top of beautiful Netarhat plateau at a height of about 3700 ft. It is under Latehar district of Jharkhand state. This being a premier government educational institution the state government has granted it an autonomous status since, 2009 and is now being administered by 'Netarhat Vidyalaya Samiti', registered under the Societies Registration Act, 1860. However, state government's budgetary support to it continues as before.

Expression of Interest are invited from eligible firms for Annual Maintenance Contract of Air Condition system installed at School Auditorium. The interested firms may visit the school Auditorium on 03rd June 2025 to know the present status of AC. A Pre-bid meeting regarding this is also planned on 04th June 2025 at 11.00 a.m. to discuss about the necessary things to be done while maintaining the Air Condition System of School Auditorium. Based on the final discussion held during the meeting, the Interested parties may submit their expression of interest superscribing "EOI for AMC of AC at School Auditorium" separately for technical & financial bids to the undersigned on or before 10th June, 2025 till 02.00 p.m. The tender document will be opened on same date at 04.00 p.m. in the office chamber of the undersigned. The bidders may be present at the time of opening of the bid. The undersigned shall have the right to reject all or any of the proposals without assigning any reasons thereof.

**Other related information can be seen on the school's website www.netarhatvidyalaya.com**

Sd/-
Principal,
Netarhat Residential School Netarhat

PR 353107 (Human Resource Developement) 25-26 (D)



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**एन०आर०ई०पी०, लातेहार**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा संख्या :–03/2025-26/EE/NREP/LATEHAR दिनांक : 21.05.2025**

| क्र0 | आईडेंटीफिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंकमें | अक्षर में | | |
| 1. | NREP/LATEHAR /4/ 2025-26 | प्रखंड–लातेहार नगर पंचायत अंतर्गत OBC छात्रावास गुरुकुल, माको का जिर्णोद्धार | 24,80,800.00 | चौबीस लाख अस्सी हजार आठसौ | 03 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 24.05.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :30.05.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 02.06.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –6205174469
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
11. उक्त निविदा में भवन प्रमंडल, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
12. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 353088 Rural Development(25-26).D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

ईश्वर के प्रति आत्मसमर्पण के अतिरिक्त उनके प्रेम को पाने का और कोई तरीका नहीं है। अपने मन के स्वामी बनिए ताकि आप उसे ईश्वर को अर्पित कर सकें। – श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### सात देशों का वर्चस्व सारी दुनिया पर


दुनिया की सात सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का समूह जी-7, जो वैश्विक व्यापार और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली पर हावी है, वैश्विक नीति समन्वय के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, लेकिन लोग आंतरिक मतभेदों और जी 20 जैसे वैकल्पिक अधिक प्रतिनिधि संस्थानों के उदय के कारण इस समूह की प्रासंगिकता पर तेजी से सवाल उठा रहे हैं। जी-7 का अब भी अस्तित्व में बने रहना एक निश्चित जड़ मानसिकता को दर्शाता है कि सात अमीर देश बाकी 200 देशों के भाग्य का निर्धारण कर सकते हैं। इसकी घड़ी 1960 के दशक में ही अटकी हुई है। इसके आंतरिक विभाजन के अलावा, बाहरी गतिशीलता ने जी-7 के वैश्विक प्रभाव को कम कर दिया है। मौजूदा स्वरूप में जी-7 के अस्तित्व में बने रहने का कोई कारण नहीं रह गया है। हाल ही में, दुनिया के उन्नीस सबसे बड़े देशों और यूरोपीय संघ के समूह (जी-20) की शक्ति और प्रतिष्ठा, जी-7 से आगे निकल गई है। जी-20 के सदस्य देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 80 फीसदी और दुनिया की करीब 60 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। चीन, भारत और ब्राजील जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं ने भारी लाभ कमाया है, जिससे जी-7 की प्रासंगिकता और विश्व अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने में इसकी भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं, जो कम अमीर देशों के विकास पर तेजी से निर्भर हो रही है। ब्राजील, चीन, भारत, मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका सहित उभरती शक्तियां, जिनकी जी-7 में अनुपस्थिति अक्सर देखी जाती थी, वे सभी जी-20 में शामिल हैं। इसके अलावा ब्रिक्स नए सदस्यों को शामिल कर रहा है, जबकि जी-7 एक बंद क्लब है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में कोई भी उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन नहीं हुआ, जो इस बात का संकेत है कि संयुक्त राष्ट्र का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। वर्ष 2025 पागलपन का साल है। यूक्रेन और उसका विनाश, इस साल का प्रमुख मुद्दा है, जैसा कि इस्राइल और गाजा का है। कश्मीर में हुए भीषण आतंकवादी हमले से उपजे भारत-पाकिस्तान तनाव ने कुछ समय के लिए अंतरराष्ट्रीय सुर्खियां बटोरीं। फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हास्यास्पद दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान, दोनों को पीछे हटने या व्यापार प्रतिबंधों का सामना करने के लिए धमकाकर तृतीय विश्वयुद्ध को रोका है। पाकिस्तान और उसके द्वारा अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद को जन्म देने को आसानी से भुला दिया गया। मई 2025 के मध्य में राष्ट्रपति ट्रंप सऊदी अरब गए, जो उनके दूसरे कार्यकाल में उनकी पहली विदेश यात्रा थी, और सऊदी क्राउन प्रिंस की मौजूदगी में उन्होंने सीरिया के स्वयंभू आतंकवादी राष्ट्रपति को गले लगाया, जिसके सिर पर एक करोड़ अमेरिकी डॉलर का इनाम था। वह ट्रंप का सबसे नया 'सुंदर' पसंदीदा बन गया। वह यूएई और कतर भी गए और उनके साथ अरबों डॉलर के रक्षा सौदे किए।

*जी-20 के सदस्य देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 80 फीसदी और दुनिया की करीब 60 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं।*

# विचार की वीणा पर व्यंग्य के स्वर
# नीत्शे की पेशी और अन्य नाटक

पुस्तक समीक्षा

**सोमदत्त शर्मा की कृति**






**डॉ. सीमा शर्मा**
सह आचार्य (हिंदी)

नीत्शे की पेशी और अन्य नाटक सोमदत्त शर्मा का पहला नाट्य संग्रह है, जिसमें उनके अनुभव, वैचारिक परिपक्वता और व्यंग्यात्मक शैली अत्यंत प्रभावपूर्ण है। इससे पूर्व लेखक ने विभिन्न विधाओं में अपनी लेखनी चलायी है, लेकिन यह संग्रह उन्हें एक विचारशील और प्रयोगशील नाटककार के रूप में स्थापित करता है। इस संग्रह में कुल तीन नाटक हैं जिनमे से पहले दो नाटक 'नीत्शे की पेशी' और 'भगवान के चक्कर में' मंच पर प्रस्तुत किए जाने हेतु रचे गए हैं, जबकि तीसरा नाटक 'डील पक्की महाराज' विशेष रूप से रेडियो प्रसारण के लिए उपयुक्त है, जिसमें दो भाग हैं। इसका पहला भाग अपने आप में एक स्वतंत्र नाटक की तरह मंचित भी किया जा सकता है। तीनों नाटकों का मूल स्वर व्यंग्य है तथा लेखक ने पौराणिक पात्रों और प्रतीकों के माध्यम से समकालीन यथार्थ को उजागर करने का अभिनव प्रयास किया है। उनके नाटकों में देवता, दार्शनिक और आम मनुष्य एक ही मंच पर उपस्थित होकर वर्तमान सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक विसंगतियों पर तीखी टिप्पणी करते हैं। इस क्रम में लेखक ने न केवल धर्म, दर्शन और मिथकों की पुनर्रचना की है, बल्कि उनके माध्यम से आज के समाज का प्रतिबिंब भी प्रस्तुत किया है। धर्म के नाम पर पाखंड, विचार के नाम पर अराजकता और संस्कृति के नाम पर विकृति इन सभी पहलुओं को लेखक ने तीव्र व्यंग्य के माध्यम से प्रस्तुत किया है। इन नाटकों की विशेषता यह है कि ये दर्शकों को केवल हँसाते नहीं, बल्कि उन्हें सोचने के लिए भी विवश करते हैं। काल, स्थान तथा कार्य (संकलन-त्रय), पात्रों की योजना और भाषा की सहजता इन्हें अत्यंत प्रभावशाली बनाती है। यह संग्रह पौराणिकता और आधुनिकता के बीच एक सशक्त वैचारिक सेतु का निर्माण करता है, जो समकालीन हिंदी नाटक को एक नई दिशा प्रदान करेगा। संग्रह का प्रथम नाटक 'नीत्शे की पेशी' एक असामान्य दार्शनिक अदालत का दृश्य प्रस्तुत करता है, जहाँ पश्चिमी विचारक फ्रेडरिक नीत्शे को उसके विचारों के लिए कठघरे में खड़ा किया जाता है। परंतु यह नाटक केवल एक दार्शनिक की सुनवाई भर नहीं, बल्कि विचारों, आस्था, परंपरा, मनुष्यता और नियति पर एक व्यापक संवाद है। यदि हम इस नाटक की कल्पना को भारतीय पौराणिक प्रतीकों और देवी-देवताओं के माध्यम से देखें, तो यह एक अत्यंत रोचक और गहन दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। कल्पना कीजिए कि नाटक में विष्णु मुख्य न्यायाधीश की भूमिका में हैं; सृष्टि की रक्षा और धर्म की स्थापना का भार जिन पर है। नारद इस प्रक्रिया के प्रमुख संवादवाहक हैं, जो देवताओं और जीवों के बीच संवाद रचते हैं और कहीं न कहीं व्यंग्य और कटाक्ष के माध्यम से नीत्शे के विचारों की परीक्षा कराते हैं। लक्ष्मी जी इस व्यवस्था में मनुष्य की 'कामनाओं' और 'मूल्य-बोध' की प्रतीक हैं, जो नीत्शे के मूल्य-परिवर्तन के विचार से टकराती हैं। ब्रह्मा और सरस्वती देवी विचार और ज्ञान के प्रतीक रूप में उपस्थित हैं ब्रह्मा सृष्टि के कर्ता हैं और सरस्वती देवी 'वाणी', 'विवेक' और 'शब्द' की अधिष्ठात्री। यह दोनों पात्र नीत्शे के तर्कों का साक्षात्कार करते हैं और यह प्रश्न उठाते हैं कि क्या ईश्वर की मृत्यु का विचार सृष्टि के मूल को नकारने के समान है? शिव इस नाटक में संहारक नहीं बल्कि विवेचक रूप में हैं, वे नीत्शे की 'अतिमानव' की संकल्पना को अपने 'वैराग्य' और 'तांडव' के माध्यम से परखते हैं। वहीं यमराज और चित्रगुप्त जीवन के कर्म और उसके परिणामों का लेखा-जोखा रखते हुए यह निर्णय करते हैं कि नीत्शे का दर्शन कर्महीनता की ओर ले जाता है या आत्मोन्नति की ओर। भाग्यविधात्री देवी और सरस्वती जैसे स्त्री पात्र यहाँ निर्णायक भूमिका निभाते हैं नाटक में उपस्थित पहला जीव, दूसरा जीव, तीसरा जीव, चौथा जीव और पाँचवाँ जीव आम जनमानस के प्रतिनिधि हैं, जो अपनी व्यथा, द्वंद्व, शंका और जिज्ञासाओं के माध्यम से नीत्शे के विचारों की धरातल पर पड़ने वाले प्रभावों को सामने लाते हैं। उनके संवाद वास्तविक जीवन की चिंताओं को दर्शाते हैं यथा क्या विचारों की स्वतंत्रता अराजकता को जन्म देती है या आत्मनिर्माण की ओर ले जाती है? इस प्रकार, नाटक केवल दर्शनशास्त्र की बहस नहीं, बल्कि कर्म, धर्म, नियति और विचार स्वतंत्रता के बीच का गूढ़ संघर्ष है। 'नीत्शे की पेशी' भारतीय सांस्कृतिक प्रतीकों के आलोक में एक ऐसा मंच बन जाता है जहाँ पश्चिमी विचार और भारतीय परंपरा आमने-सामने बैठकर आत्मावलोकन करते हैं।

कह सकते हैं कि यह नाटक एक दार्शनिक विमर्श को पौराणिक मंच में बदल देता है, जहाँ हर पात्र न केवल नीत्शे का न्याय करता है, बल्कि स्वयं के विचारों और भूमिका पर भी प्रश्न उठाता है। श्रोताओं को न केवल हँसाता है, बल्कि भीतर तक झकझोरते हुए गंभीर सामाजिक प्रश्नों से भी साक्षात्कार कराता है। यही इस नाटक की सबसे बड़ी सफलता और विशेषता है।

संग्रह का दूसरा नाटक 'भगवान के चक्कर में' मंदिर व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार, पाखंड और धार्मिक राजनीति की सच्चाइयों को प्रभावशाली ढंग से उजागर करता है। लेखक ने इस नाटक के माध्यम से यह दिखाने का प्रयास किया है कि कैसे आज का धर्म व्यवस्थागत छल, लोभ और बाजारवाद में फँसकर अपनी मूल आत्मा से दूर हो चुका है। पौराणिक पात्रों जैसे शंकर भगवान, विष्णु, लक्ष्मी, नारद और पंडितजी के माध्यम से यह नाटक आज की धार्मिक विडंबनाओं का आईना बन जाता है। नाटक की केंद्रीय कहानी एक मंदिर के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें पंडित जी मुख्य भूमिका निभाते हैं। वे मंदिर के व्यवस्थापक होने के साथ-साथ एक व्यापारी भी बन जाते हैं, जो धर्म को अपने लाभ के लिए प्रयोग करता है। भगवान स्वयं इस मंदिर में आने का निर्णय करते हैं ताकि देखें कि उनके नाम पर क्या हो रहा है, लेकिन जब वे वहाँ पहुँचते हैं तो पाते हैं कि उनकी स्थिति किसी आम आदमी जैसी हो गई है; न पहचान, न सम्मान और न ही कोई सुनवाई। नारद मुनि हमेशा की तरह देव-लोक और पृथ्वी के बीच संवाद सेतु बनते हैं, किंतु इस बार वे देवताओं के लिए चिंता लेकर आते हैं क्योंकि पृथ्वी पर मंदिरों में भगवानों की स्थिति विचारणीय है। विष्णु और शंकर जैसे हमारे आराध्य, जो त्रिलोकपाल माने जाते हैं, वे भी व्यवस्था के आगे असहाय दिखते हैं। इस दृश्य में लेखक ने अत्यंत प्रभावी रूप से यह दिखाया है कि यदि ईश्वर भी इस व्यवस्था में कुछ नहीं कर सकते, तो सामान्य भक्त की क्या बिसात है?

कमेटी के अध्यक्ष, मंत्री और अन्य पात्र धर्म के व्यवसायीकरण को दर्शाते हैं। मंदिर अब भक्ति का स्थान नहीं, लाभ और राजनीति का केंद्र बन चुका है। कमेटी, जो भगवान की सेवा हेतु बनी है, अब केवल दिखावा और निर्णय थोपने का माध्यम बन जाती है। नाटक में लक्ष्मीजी भी आती हैं पर वे अब भक्ति की नहीं, धन की देवी बनकर प्रस्तुत होती हैं। यह दृश्य न केवल व्यंग्य रचता है, बल्कि एक तीव्र आलोचना भी करता है कि कैसे 'धर्म' अब 'धन' से नियंत्रित होता है। लेखक का यह संदेश अत्यंत स्पष्ट है कि जब धर्म; राजनीति और पूंजीवाद की जकड़ में आ जाए, तो ईश्वर भी निरीह हो जाते हैं। मंदिर अब उस पवित्र स्थल की जगह ले चुका है जहाँ भ्रष्टाचार, अहंकार और स्वार्थ का बोलबाला है। इस विडंबना को प्रस्तुत करने के लिए पौराणिक पात्रों का समकालीन संदर्भ में उपयोग, नाटक को प्रभावी बनाता है।

'भगवान के चक्कर में' एक गंभीर सामाजिक व्यंग्य है, जो हास्य के आवरण में एक गहरी पीड़ा और चिंता प्रकट करता है। यह नाटक हमें धर्म की वास्तविकता पर सोचने के लिए विवश करता है। क्या हम सचमुच भगवान की भक्ति कर रहे हैं, या केवल उनके नाम का व्यापार? इस नाटक में भी प्रथम नाटक 'नीत्शे की पेशी' का प्रभाव शेष है। तभी तो नारद जी कहते हैं- "एक दुनिया वो है प्रभु जिसने घोषणा कर दी है कि भाषा, धर्म, इतिहास, कविता, परिवार, विचार, संगीत सब का अंत हो चुका है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### अपने मुंह मियां मिट्ठू

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

राजन नामक प्राणी एक छोटे से नगर में जन्मा, लेकिन महापुरुष बनने की महत्त्वाकांक्षा लेकर बड़ा हुआ। वैसे तो वह सरकारी दफ्तर में तीसरे दर्जे का क्लर्क था, लेकिन आत्मा में वह एक प्रधानमंत्री, मस्तिष्क में एक नोबेल पुरस्कार विजेता, और दिल में एक बॉलीवुड हीरो था। समस्या बस इतनी थी कि उसे कोई और ऐसा नहीं मानता था – तो उसने खुद ही मानना शुरू कर दिया। राजन को "मुंह मियां मिट्ठू" बनने की कला में पीएचडी प्राप्त थी। वह खुद को ऐसा प्रचारित करता जैसे चुनावी पोस्टर पर मुस्कुराता हुआ नेता – "विकास का दूसरा नाम – राजन!" वह जब भी किसी से मिलता, उसकी बातचीत की शुरुआत होती, "आपको शायद पता नहीं, मैं पहले भी कई बार न्यूयॉर्क जा चुका हूँ..." फिर चाहे वह न्यूयॉर्क पास की मिठाई की दुकान क्यों न हो। राजन का संवाद-संग्रह एकतरफा था – सामने वाला सुनता और राजन अपने महान कार्यों की बुलेट ट्रेन चलाता। "मैं कॉलेज में टॉपर था," वह कहता, जबकि हकीकत में उसने गणित के पेपर में सवाल को 'कविता' समझकर लिखा था – "घटाना है जीवन, जोड़ना है अनुभव।" एक दिन राजन ने ठान लिया कि छोटा शहर उसकी प्रतिभा के लिए छोटा पड़ रहा है। जैसे एक मोर को पिंजरे में बंद कर दिया गया हो। उसने एक बड़े शहर की ओर प्रस्थान किया, जहां उसे एक मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी मिल गई। पहले ही दिन ऑफिस में घुसते ही उसने घोषणा कर दी – "मैं तो यहाँ सीएसआर हेड बनने आया हूँ।" जबकि नौकरी की प्रोफ़ाइल थी – "डाटा एंट्री ऑपरेटर।" राजन ने अपने सहकर्मियों को बताना शुरू किया कि वह एक प्रसिद्ध लेखक हैं। "मेरी कहानियाँ पढ़कर लोग रो पड़ते हैं।" जब किसी ने पूछा, "कहाँ छपी हैं?" तो बोले-"एक विदेशी जर्नल में, नाम याद नहीं आ रहा, कुछ फ्रेंच में था – शायद 'द वायर' या 'द विडर'।" फिर बोले, "छपने से पहले ही बेस्टसेलर घोषित हो गई थीं।" उसने दावा किया कि वह एक राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेटर रह चुके हैं। जब पूछा गया, "किस टीम से खेले?" तो राजन बोले – "दिल्ली डॉल्फ़िन्स एक सीक्रेट टीम थी, बीसीसीआई को बताना भी मना था।" जब सबने हंसते हुए उसकी तरफ देखा तो उसने विषय बदल दिया – "मेरी मां एक अंतरराष्ट्रीय पेंटर थीं, जिनकी पेंटिंग्स आज भी पेरिस की गलियों में बिकती हैं – हाँ, गूगल पर नहीं मिलेंगी, वो underground artist थीं।" ऑफिस के लोग पहले तो उसकी बातों पर हँसते रहे, फिर ध्यान देना छोड़ दिया। अब जब भी राजन बोलता, तो कान बंद कर लिए जाते थे। ऑफिस में उसे 'फील-गुड चैनल' कहा जाने लगा – फ्री में मूड ठीक करने वाली झूठी बातें सुननी हो तो राजन के पास चले जाओ। लेकिन एक दिन आफ़त आ गई – दफ़्तर में नया बॉस आया। वह तेज, सख्त और ईमानदार था। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### हाशिए से बुकर तक : बानू मुश्ताक की कलम की ताकत

बुकर तक पहुँची वो आवाज़, जिसे कभी सुना नहीं गया

आज की बात



**प्रो. आरके जैन**

बानू मुश्ताक़ का नाम आज एक ऐसी शख्सियत के रूप में उभरकर सामने आया है, जो न केवल कन्नड़ साहित्य की दुनिया में एक चमकता सितारा है, बल्कि उन तमाम औरतों की आवाज़ है, जिन्हें समाज ने लंबे समय तक हाशिए पर रखा। 2025 में जब उनकी लघु कथा संग्रह 'हार्ट लैंप' को अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया, तो यह क्षण न केवल उनके लिए, बल्कि भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं और उनमें रची जा रही साहित्यिक कतियों के लिए एक ऐतिहासिक जीत बन गया। यह पुरस्कार एक संदेश है—दुनिया अब उन कहानियों को सुनने को तैयार है, जो रसोईघरों की चहारदीवारी, बुर्कों की ओट और सामाजिक बंधनों की ज़ंजीरों से निकलकर सामने आ रही हैं। बानू की कहानियां सिर्फ़ साहित्य नहीं, बल्कि एक ख़ामोश क्रांति हैं, जो पितृसत्ता, धार्मिक कट्टरता और सामाजिक अन्याय के खिलाफ़ चुपचाप लेकिन दृढ़ता से खड़ी होती हैं। उनकी लेखनी उस दीपक की तरह है, जो न केवल रोशनी देता है, बल्कि उस अंधेरे को भी उजागर करता है, जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं। बानू मुश्ताक़ का जीवन स्वयं एक कहानी है—संघर्ष, विद्रोह और आत्म-खोज की कहानी। कर्नाटक के एक छोटे से मुस्लिम मोहल्ले में जन्मीं बानू का बचपन उन गलियों में बीता, जहां रूढ़ियां और परंपराएं हर कदम पर साये की तरह साथ चलती थीं। उनके पिता की प्रगतिशील सोच ने उन्हें कन्नड़ माध्यम के स्कूल में पढ़ने का अवसर दिया, जो उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। उर्दू में क़ुरान की तालीम से शुरू हुआ उनका सफ़र कन्नड़ साहित्य की दुनिया तक पहुंचा, और यहीं से उनके भीतर की कहानीकार ने जन्म लिया। स्कूली दिनों में ही उन्होंने लिखना शुरू कर दिया था, लेकिन विवाह और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने उनके लेखन को कुछ समय के लिए थाम लिया। जीवन के सबसे कठिन दौर में, जब वे अवसाद और घरेलू बोझ से जूझ रही थीं, उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम उठाने की कोशिश की। लेकिन यह वही पल था, जब उनके भीतर की आग ने नया रूप लिया। इस दर्द ने उनकी लेखनी को एक नई गहराई दी, और 'हार्ट लैंप' की कहानियां इसी आग की लपटों से रची गईं। 'हार्ट लैंप' की कहानियां साधारण औरतों की असाधारण कहानियां हैं। ये औरतें चीखती-चिल्लाती नहीं, न ही नारे लगाती हैं। इनका विद्रोह ख़ामोश है, लेकिन इतना गहरा कि वह पाठक के मन को झकझोर देता है। बानू की कहानियों में घरेलू स्त्रियां हैं—माएं, बहनें, पत्नियां—जो रोज़मर्रा की जिंदगी में पितृसत्ता और सामाजिक दबावों से जूझती हैं। उनकी कहानियां सवाल उठाती हैं—नारी की आज़ादी क्या है? क्या यह सिर्फ़ बाहरी बंधनों से मुक्ति है, या फिर अपने भीतर की उस आवाज़ को सुनने की हिम्मत, जो समाज के शोर में दब जाती है? 'हार्ट लैंप' उन अनकहे विकल्पों की कहानी है, जिन्हें साहित्य अक्सर अनदेखा कर देता है। यह किताब सिर्फ़ कहानियों का संग्रह नहीं, बल्कि एक सामाजिक दस्तावेज़ है। बानू की लेखनी की ताक़त यही है कि वह सामान्य को असामान्य बना देती है, और हाशिए पर मौजूद लोगों की कहानियों को मुख्यधारा में लाती है। बानू की साहित्यिक यात्रा केवल लेखन तक सीमित नहीं रही। उन्होंने पत्रकारिता और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। 'बांदाया आंदोलन' से जुड़कर उन्होंने साहित्य को सामाजिक बदलाव का हथियार बनाया। उनकी लेखनी में पत्रकारिता का यथार्थ और एक्टिविज़्म का जज़्बा साफ़ झलकता है। जब उन्होंने मस्जिदों में महिलाओं के नमाज़ पढ़ने के अधिकार पर खुलकर लिखा, तो उन्हें धमकियां मिलीं, फ़तवे जारी हुए, और यहाँ तक कि उनकी जान पर हमला भी हुआ। लेकिन बानू ने हार नहीं मानी। उन्होंने लिखा, और लिखती रहीं—स्पष्ट, निडर और ईमानदार। उनकी यह हिम्मत उनकी कहानियों में भी दिखती है, जहां पात्र छोटे-छोटे विद्रोहों के ज़रिए अपनी जगह बनाते हैं। बानू मुश्ताक़ की लेखनी का सबसे बड़ा योगदान यह है कि उन्होंने मुस्लिम महिलाओं को उस रूढ़िगत छवि से बाहर निकाला, जिसमें उन्हें अक्सर कैद कर दिया जाता है। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा, "मैंने हमेशा उन धार्मिक व्याख्याओं को चुनौती दी है, जो अंधविश्वास पर टिकी हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

नया रथी, रथ भी नया, उत्साहित जज़्बात।
चले खूब, फिर भी वहीं, खड़े, जहाँ थे रात।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

### तमस से ज्योति की ओर एक सुधारवादी यात्रा

राजा राममोहन राय जन्म जयंती

अलग बात



**ललित गर्ग**

यह वह समय था जब हिन्दुस्तान एक तरफ विदेशी दासता की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था वहीं दूसरी तरफ रूढ़िवाद, धार्मिक संकीर्णता, सामाजिक कुरीतियों और दमघोंटू प्रथाओं के बोझ तले दबा हुआ था। तभी एक मसीहा, समाज-सुधारक एवं क्रांतिकारी महामानव अवतरित हुआ जिसने तमाम बुराइयों को चुनौती दी और आखिरी सांस तक बदलाव के लिये क्रांतिकारी योद्धा की तरह लड़ा। ये मसीहा था राजा राममोहन राय। इन्हें देश एवं दुनिया आज भारत में सामाजिक सुधारों के अग्रदूत के तौर पर याद करती है। अपने दौर में वे 'भारतीय पुनर्जागरण के पितामह' बनकर सच्चे जीवन की लौ बनें और इस लौ का आह्वान था नये भारत का निर्माण। वे तमस से ज्योति की ओर एक बहुआयामी सुधारवादी यात्रा का उजाला थे। बहुमुखी प्रतिभा के धनी राय के द्वारा स्थापित 'ब्रह्म समाज', जो आधुनिक पश्चिमी विचारों से प्रभावित था, सबसे शुरुआती सुधार आंदोलन था। एक सुधारवादी विचारक के रूप में राय आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानवीय गरिमा तथा सामाजिक समानता के सिद्धांतों में विश्वास करते थे। राय के प्रयासों से ही भारत में आधुनिक धार्मिक और सामाजिक सुधार आंदोलनों की नींव पड़ी। राय के बाद, देवेंद्रनाथ ठाकुर और केशव चंद्र सेन जैसे सुधारकों ने ब्रह्म समाज के विचारों को आगे बढ़ाया और इसे एक राष्ट्रीय आंदोलन बनाया। उन्नीसवीं सदी के भाल पर अपने कर्तृत्व की जो अमिट रेखाएं उन्होंने खींची, वे इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगी। वे साहित्यस्रष्टा के साथ-साथ धर्मक्रांति एवं समाजक्रांति के सूत्रधार विराट व्यक्तित्व थे। राजा राम मोहन राय का जन्म पश्चिम बंगाल स्थित हुगली जिले के राधानगर गांव में 22 मई 1772 को हुआ। पिता रमाकांत राय शुद्ध वैष्णव परंपरा को मानने वाले थे, वहीं माता तारिणी देवी धार्मिक विचारों की महिला थीं। पूरा परिवार कट्टर हिन्दु परंपराओं का हिमायती था लेकिन राममोहन राय को बिना तर्क किसी भी बात को स्वीकार नहीं करते थे, इसलिए जब केवल 15 साल के थे तो उन्होंने मूर्ति पूजा को लेकर सवाल खड़े कर दिये। साथ ही अन्य प्रथाओं की भी आलोचना करनी आरंभ कर दी। हिन्दू परंपराओं का विरोध करना शुद्ध वैष्णव परंपरा को मानने वाले पिता रमाकांत को नागवार गुजरी। पिता-पुत्र में गहरा मतभेद हो गया। राय को पढ़ने के लिए पटना भेज दिया गया। यहां उन्होंने बांग्ला, पारसी, अरबी, संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजी भाषाओं का अच्छा ज्ञान प्राप्त कर लिया। यहां भी वो हिन्दू परंपराओं और प्रथाओं को तर्क की कसौटी पर परखते रहे और सवाल उठाते रहे। पढ़ाई पूरी करने के बाद राय ने ईस्ट इंडिया कंपनी के राजस्व विभाग में नौकरी कर ली, यहां वे कई अंग्रेजों के संपर्क में आये। उनकी सभ्यता, सोच और तौर-तरीकों को करीब से महसूस किया। उन्होंने समझ लिया कि पश्चिमी सभ्यता विकास की प्रक्रिया में काफी आगे निकल गयी है जबकि हिन्दुस्तान इसके मुकाबले सदियों पीछे जी रहा है। राय ने हिन्दू ग्रंथों के साथ इस्लाम एवं ईसाई धर्मों एवं ग्रंथों का भी गहराई से अध्ययन किया। उन्हें एक बात समझ आयी कि हिन्दू धर्म ग्रंथों में वो कतई नहीं लिखा है जो पोंगा पंडित, लोगों को बता रहे हैं। उन्होंने महसूस किया कि भारतीय जनमानस अपने ग्रंथों की मूलभावना से काफी अनजान है। ऐसा इसलिए था क्योंकि धर्मग्रंथ संस्कृत भाषा में लिखे गये थे और लोगों की पहुंच से दूर थे। इसलिए उन्होंने धर्मग्रंथों का हिन्दी, बांग्ला, अरबी और फारसी भाषाओं में अनुवाद किया। उन्होंने अपने अखबारों 'संवाद कौमुदी' और 'मिरात-उल-अखबार' में लेखों के जरिये आम जनमानस को जागरूक करने का प्रयास किया। राजा राममोहन राय को आधुनिक भारत का जनक माना जाता है। वे एक महान समाज सुधारक, विचारक एवं क्रांतिपुरुष थे, जिन्होंने 19वीं सदी में भारत में सामाजिक, धार्मिक और शैक्षिक सुधारों के लिए अनूठे एवं विलक्षण उपक्रम किये। उन्होंने व्यक्ति-क्रांति के साथ समाज-क्रांति करते हुए सती प्रथा, बाल विवाह और जाति व्यवस्था जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने अंग्रेजी शिक्षा को बढ़ावा दिया और महिलाओं के अधिकारों के लिए भी संघर्ष किया। राय का मानना था कि धार्मिक रूढ़िवादिताएं समाज की स्थिति को सुधारने के बजाय क्षति का कारण, परेशानी का स्रोत, सामाजिक जीवन के लिए हानिकारक और लोगों को भ्रमित करने वाली बन गई हैं। उनका यह भी मानना था कि बलिदान और अनुष्ठान लोगों के पापों की भरपाई नहीं कर सकते; यह आत्म-शुद्धि और पश्चाताप के माध्यम से किया जा सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## वज्रपात से एक पशु की मौत

महुआडांड़। थाना क्षेत्र के ओरसा पंचायत में अचानक वज्रपात से एक भैंस और एक भैंसा की मौत हो गयी। इस संबंध में पशुपालक रणवीर यादव पिता स्वर्गीय कुंज बिहारी यादव ने बताया कि घर के बाहर खेत में भैंस और भैंसा बंधे हुए थे। वज्रपात ने भैंसे को अपने चपेट में ले लिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। मौके पर मौजूद ओरसा पंचायत के मुखिया अमृता देवी ने बताया कि वज्रपात से पशुपालक रणवीर यादव के भैंस मृत्यु होने से आर्थिक नुकसान हुआ है। संबंधित विभाग के अधिकारियों से जांच कर उचित मुआवजा की मांग की।

# चटुआग डैम में डूबने से नाबालिग की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के कामता पंचायत अंतर्गत चटुआग गांव स्थित डैम में अपने दोस्तों के साथ नहाने गये किशोर की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान चंदवा के सरोज नगर निवासी सुनील कुमार के पुत्र शिवम कुमार (15 वर्ष) के रूप में हुई। घटना बुधवार की सुबह 9 बजे की बताई जा रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शिवम अपने तीन दोस्तों के साथ चटूआग डैम नहाने गया था। डैम के उत्तरी छोर पर नहाने के क्रम में शिवम डूबने लगा। साथ गए तीनों मित्रो ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन गहराई काफी होने के कारण वे भी डूबने लगे। बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुनने के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण भाग कर वहां पहुंचे। इसके बाद ग्रामीण तैराकों ने 3 बच्चों को सकुशल बचा लिया, जबकि शिवम पानी में काफी गहराई में डूब चुका था, जिसे भी स्थानीय ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद पानी से निकाल लिया। डैम में डूबे शिवम के परिजन व अन्य बच्चों के परिजन, ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। परिजन उसे लेकर आनन फानन में चंदवा सीएचसी पहुंचे। वहां सीएचसी प्रभारी नीलिमा कुमारी, डॉ. प्रकाश बड़ाइक, डॉ. मनोज कुमार की टीम ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा डैम पहुंचे व पूरे घटना की जानकारी ली। बीडीओ चंदन कुमार व पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार चंदवा अस्पताल पहुंच कर बच्चे के परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली। आवश्यक करवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। शव के घर पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। शिवम के पिता सुनील कुमार झारखंड पुलिस के जवान हैं। शिवम उनका इकलौता चिराग था, जिसके असामयिक मौत के बाद परिवार में दुःख का पहाड़ टूट पड़ा है।

## सवारी वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, एक की मौत, चार घायल



**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लुकुईया-लोहरदगा मार्ग पर बुधवार की दोपहर बाद एक अनियंत्रित सवारी वाहन पेड़ से टकराकर दुर्घटना होने से वाहन पर एक यात्री की मौत हो गई, जबकि वाहन में सवार दर्जनों लोग घायल हो गये। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार को चुरुवे, सेरेंदाग लोहरदगा से सवारी वाहन पर सवार लोग शादी समारोह में बारियातू प्रखंड के नचना टोली जा रहे थे। इस दौरान चंदवा थाना क्षेत्र के लुकुईया लोहरदगा मार्ग पर डेढ़टंगवा घाटी में वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में उक्त वाहन में सवार दर्जनों लोग घायल हो गये। घायलों को 108 एम्बुलेंस कि मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया। वहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। इलाज के क्रम में रामकेश्वर उरांव (45) की मौत हो गई। उसके सिर पर गंभीर चोट आई थी। गंभीर रूप से घायल सुखराम लोहरा, जीतू, शाहदेव महतो व बुधन देवी को बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर किया गया। बताते चले कि उक्त घाटी में आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है।

# बारिश का कहरः वज्रपात से दो दर्जन पशुओं की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** मनिका प्रखंड मे बुधवार दिन को भारी बारिश के साथ हुई वज्रपात की घटना में दो दर्जन से अधिक पशुओं की मौत हो गई। वज्रपात की उक्त घटना मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत विशुनबांध पंचायत के व्यांग गांव का बताया जा रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार सभी पशु दोपहर में गांव के खेत में ही विचरण कर चारा खा रहे थे। अचानक से मौसम ने करवट बदली और भारी बारिश होने लगी। बारिश होने की वजह से किसान अपने पशुओं को घर नहीं ले जा सके। इस दौरान अचानक से वज्रपात हो गई। वहां खेत में चर रहे सभी पशुओं की मौत हो गई। दो दर्जन से अधिक पशुओं का शव देखकर लोग मर्माहत हो गए। जिन किसानों के पशुओ की मौत हुई है, उनमें से दामोदर यादव का 12, मनोज यादव का 3 गुथाली यादव का 2, गंगेश्वर यादव का 3, देवन यादव का 2, छठन यादव का 2, कमलेश यादव का 2, राजू यादव का 1, दिलेश्वर यादव का एक पशु की मौत हुई है। बड़ी संख्या में वज्रपात की चपेट मे आने से हुई पशुओं की मौत होने की सूचना पाकर मनिका पशुपालन विभाग की पूरी टीम पशु ऐंबुलेंस के साथ घटना स्थल पर पहुंची। सभी पशुओं की मौत हो चुकी थी। वज्रपात की घटना में हुई मौत से किसानों की रीढ़ की हड्डी टूट सी गई है। बरसात आने के पूर्व भी बड़ी संख्या में हुई पशुओं की मौत से अब किसानों को बरसात मे खेती की चिंता सताने लगी है। किसानों ने पशुओं की मौत के बाद जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# कोल वाहन ने युवक को रौंदा, एक की मौत, एक घायल




**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क किनारे स्थित बिंगलात में पेट्रोल पंप के ठीक सामने आम्रपाली कोल परियोजना से कोयला लेकर जा रहे तेज रफ्तार हाइवा ने बुधवार को मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को रौंद देने से एक की मौत घटना स्थल पर हो गई। मृतक की पहचान आम्रपाली परियोजना क्षेत्र के कुमडांग कला निवासी 28 वर्षीय गणेश प्रजापति पिता स्व जगन्नाथ प्रजापति के रुप में हुई है। मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। कुमडांग कला के 24 वर्षीय दीपक उर्फ छोटू ओझा पिता रामप्रवेश उर्फ दुःखन ओझा को परिजनों द्वारा गंभीरावस्था में रांची ले जाया गया। बताया गया कि उक्त घटना दिन में 12 बजे की है। मृतक अपने दोस्त के साथ घर जा रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों के करुण चित्कार से मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई। बताया गया कि मृतक गणेश की शादी पांच वर्ष पूर्व हुई थी, जिससे ढाई साल का एक बेटा है। उसकी पत्नी पांच माह की गर्भवती भी है। जानकारी के अनुसार मृत युवक पीएनएम कंपनी में डीजल टैंकर चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण किया करता था। आसपास के सैंकड़ों ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कोल वाहनों का परिचालन ठप कर दिया।

### आश्रितों को 25 लाख का मुआवजा दे ट्रांसपोर्टरः विधायक

सिमरिया विधायक उज्जवल दास ने मृतक के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों से अविलंब 25 लाख रुपए व घायल व्यक्ति के समुचित इलाज कराने की मांग की है। बहरहाल देर शाम तक बूंदाबांदी बारिश में भी भींगकर ग्रामीण व रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर बैठे थे।

# पारिवारिक विवाद में पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** पारिवारिक विवाद में पति ने पत्नी की हत्या सोमवार की रात जलावन की लकड़ी से मारकर कर दी। मृतक की पहचान त्रिशीला नगेसिया के रूप में हुई हैं। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ओरसा पंचायत के ग्राम शिशाडीह निवासी सिद्धू नगेसिया ने पारिवारिक विवाद में अपनी पत्नी त्रिशीला नगेसिया की जलावन के लिए रखी लकड़ी से सिर पर वार कर हत्या कर दी। इसके बाद पति ने पूरी रात शव को घर में ही रखा। सुबह जब सिद्धू नगेसिया का बेटा, जो अपने चाचा के घर गया था वापस लौटा। इस दौरान उसकी मां का शव घर की जमीन पर पड़ा था। इसके बाद उसने इसकी जानकारी स्थानीय लोगों को दी। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय मुखिया द्वारा महुआडांड़ थाना को दी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनोज कुमार, पुअनि इंद्रदेव रजवार, पुअनि गगन प्रधान पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। वहां शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा। मृतका के भाई द्वारा हत्या का मामला दर्ज कराने के बाद हत्या का आरोपी पति सिद्धू नगेशिया को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया।

# क्रशर व ईंट भट्ठा में फायरिंग मामले में एक उग्रवादी गिरफ्तार, भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर चंदवा थाना के नामजद आरोपी अनुज गंझू, पिता स्व. शर्मा गंझू को थाना क्षेत्र के माल्हन पंचायत अंतर्गत केकराही गांव स्थित घर से गिरफ्तार कर अग्रेतर कार्रवाई के बाद लातेहार मंडल कारा भेज दिया। पुलिस ने बताया कि 4 अप्रैल को थाना क्षेत्र अंतर्गत हड़गड़वा स्थित संतोष कंस्ट्रक्शन के क्रशर में गोली बारी व सोना ब्रिक्स नामक ईंट भट्ठा में मुंशी को गोली मारने की घटना में अनुज की संलिप्तता थी। अनुज के विरुद्ध आर्म्स एक्ट व 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज था। मामले के मुख्य आरोपी संतोष उरांव उर्फ सूर्या कुजूर उर्फ तूफान समेत तीन उग्रवादियों को पुलिस ने 15 मई को ही जेल भेजा दिया है। उक्त मामला में संलिप्त अन्य उग्रवादियों की धर पकड़ के लिए छापेमारी अभियान जारी है।

# भाटचतरा गांव में एक वर्ष से जलमीनार खराब, पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम भाटचतरा रामदेव मोड़ के समीप बने जलीमनार पिछले एक वर्ष से खराब पड़ा है, जिससे पेयजल की समस्या से बूंद- बूंद पानी के लिए ग्रामीण तरस रहे है। लाखों रुपए की लागत से बना जलमीनार को लोग बड़ी हसरत की नजर से देखे थे। यहां के ग्रामीण सरकारी घोषणाओं को वास्तविक जीवन से जोड़ कर देखने लगे थे। लेकिन पेयजल की समस्या से निजात नहीं मिला। ग्रामीण शशि लोहरा, सुरेन्द्र लोहरा, पिंटू लोहरा, देवा लोहरा, डब्लू लोहरा, कुलदीप लोहरा, लीलू लोहरा, सुजीत लोहरा, राजमनि देवी, गेंदिया देवी, रिंकी देवी, दौलतिया देवी, लालमुनी देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया की पीएचईडी विभाग से बने यह जलमीनार पिछले एक वर्ष से खराब पड़ा हुआ है, जिसको लेकर हम लोग कई बार पंचायत सचिवालय में आवेदन जमा किए। साथ ही प्रखड कार्यालय बारियातू में विधायक द्वारा लगाए गए जनता दरबार में विधयाक को आवेदन के माध्यम से अवगत कराया, लेकिन अभी तक किसी प्रकार का कोई समाधान नहीं हो पाया। यहां पर लगभग 40 घर में 80 परिवार निवास करते है, जलमीनार खराब रहने से हमलोगों को पेयजल के साथ अन्य दैनिक कार्य के लिए काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अभी भीषण गर्मी में पानी पीने के लिए दिक्कतों का सामना करते हुए एक दूसरे टोले से बाल्टी से पानी भरकर लाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने कहा की बंद पड़े जलमीनार को लेकर विभाग और संवेदक मौन साधे हुए है। ग्रामीणों ने उपयुक्त से खराब जलमीनार को दुरुस्त करवा कर पानी बहाल करने की मांग की हैं।

## आधार मोबाइल अपडेट कैंप आज से शुरू

**चंदवा।** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में लाभुकों का आधार मोबाइल अपडेट नही होने के कारण उन्हें लाभ लेने में काफी समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है। उक्त समस्या के निराकरण हेतु गुरुवार 22 से 30 मई तक सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक चंदवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में विशेष रूप से आधार मोबाइल अपडेट कैंप आयोजित की गई है। इस कड़ी में चंदवा प्रखण्ड के अलोदिया पंचायत में उक्त कैंप गुरुवार 22 से 30 मई, बनहरदी पंचायत में 22-23 मई, बारी पंचायत में 24-25 मई, बरवाटोली पंचायत में दिनांक 22 से 23 मई, बोदा व चकला पंचायत में दिनांक 22-25 मई, चंदवा पूर्वी व पश्चिमी पंचायत में 22-30 मई, चेटर पंचायत में दिनांक 30 मई, डुमारो पंचायत में 26-27 मई, हुटाप पंचायत में 22-25 मई, जमीरा पंचायत में 28-29 मई, कामता पंचायत में 22-30 मई, लाधुप में 24-25 मई, मालहन में 26-28 मई, सासंग पंचायत में दिनांक 26-27 मई और सेरक पंचायत में 28-29 तक आयोजित की जाएगी। बीडीओ चंदन प्रसाद ने ग्रामीणों से उक्त शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# आईटीसी का 10 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में कार्यरत शिक्षकों का 10 दिवसीय गैर आवासीय आईटीसी का प्रशिक्षण उत्क्रमित उच्च विद्यालय करकट में 21 मई को संपन्न हो गया। इसका उद्देश्य है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा छात्र-छात्राओं को मिले। इसे लेकर टेलेकम्यूनिकेशंस कंसल्टेंटस इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल) द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में मास्टर प्रशिक्षक नीरज कुमार साव, तबस्सुम प्रवीण द्वारा सभी शिक्षकों को कंप्यूटर संचालन का उद्देश्य, स्मार्ट क्लास का संचालन, लैब का उपयोग, इंटरनेट की जानकारी और बच्चो को कंप्यूटर में कैसे दक्ष करे आदि की जानकारी दी गयी। इस दौरान प्रशिक्षुओं के बीच कंप्यूटर से संबंधित किताब भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षक व शिक्षिकाओं में उमा कुमारी, सुचिता मिंज, ज्ञान प्रभा मिंज, अतुल कुमार, मीना देवी, फ्लोरा मिंज, पूनम क्लित्ता कुजूर, मंजू शांति आइंद, पंकज कुमार, प्रकाश, पवन कुमार, पवन कुमार यादव, महाभारत भगत, विनोद कुमार सिंह, सुरेंद्र महतो, रोहिणी लाल रजक, सुबेश्वर उरांव, जितेंद्र यादव, धनंजय कुमार व देवेंद्र कुमार दुबे आदि का नाम शामिल है। प्रशिक्षण संपन्न होने पर उन्होने कहा कि प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभवों को अपने-अपने विद्यालयों के बच्चों के बीच साझा कर उन्हें कंप्यूटर में दक्ष करने का प्रयास करेंगे।

# मगध संयुक्त मोर्चा ने 24 सूत्री मांग को लेकर किया प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** मगध संघमित्रा क्षेत्र के मगध कोल माइंस के रेस्ट शेल्टर कार्यालय परिसर में बुधवार को संयुक्त मोर्चा द्वारा केंद्र सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन किया गया। मौके पर प्रदर्शन कार्मियों ने बताया कि केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी चार लेबर कोड सहित 24 सूत्री मांगों को लेकर केंद्रीय श्रम संगठनों ने संयुक्त मोर्चा द्वारा मगध संघमित्रा क्षेत्र के मगध परियोजना में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान श्रमिक संगठन के नेताओं ने केंद्र सरकार के विरोध मे जमकर नारा लगाया व आगामी 9 जुलाई को होने वाले राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि मजदूर विरोधी चार लेबर कोड को समाप्त करने की लड़ाई आसान नही है फिर भी हमारी लड़ाई अब आर पार की होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त रूप से सभी यूनियनों के नेताओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी यूनियन से संबंधित दर्जनों प्रतिनिधि व सैकड़ों मजदूर उपस्थित थे।

# आंधी-तूफान व बारिश से भारी नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा में अचानक आई आंधी तूफान और बारिश ने जमकर तबाही मचाई है। थाना क्षेत्र के चाया गांव में रहने वाले बैजनाथ यादव का घर इसकी चपेट में आ गया। वहां उनके घर का करकट और छत पर लगा सोलर प्लेट पूरी तरह से नष्ट हो गया है। उनके पुत्र लालू यादव ने बताया कि आंधी तूफान और बारिश ने उनके घर में रखा अनाज, बर्तन और अन्य सामानों को काफी नुकसान पहुंचाया है। इस घटना से उन्हें लगभग 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें इस नुकसान के लिए उचित मुआवजा दिया जाए।

# मगध में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** मगध संघमित्रा क्षेत्र के मगध कोल माइंस परिसर में बुधवार को सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन अर्पिता महिला मंडल द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। मौके पर विभानाथ में बताया कि यह सामाजिक दायित्व के अंतर्गत मगध संघमित्रा क्षेत्र अधीन, आरा, चमातु, फुलबसिया के महिलाओं व बच्चियों को सिलाई प्रशिक्षण देने हेतु सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया है। प्रथम चरण में 5 सिलाई मशीनों के साथ इसके शुभारंभ की गई है। इसमें जो ट्रेनर के भूमिका में हैं वह सीसीएल, मगध संघमित्रा क्षेत्र की ही कर्मचारी हैं, जिन्होंने अपने कार्य के साथ ग्रामीण बच्चियों को भी सिलाई प्रशिक्षण देने का बीड़ा उठाया है। सिलाई में दक्ष होने के बाद इन्हें सिलाई मशीन भी मगध संघमित्रा क्षेत्र के तरफ से दी जायेगी, जिनसे वह अपना स्वरोजगार के तरफ आगे बढ़ सकें और खुद को समृद्ध बना सकें। मौके पर महिला मंडल से विभानाथ के साथ ममता सदाला, पम्मी देवी, निशा सिंह, संगीता रंजन, दीप्ति चट्टराज एवं रीना सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर की अनोखी पहल

# बच्चों ने करीब से देखी सब्जी बाजार की प्रक्रिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** शहर के धर्मपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों को सब्जी बाजार भ्रमण कराया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय में प्ले स्कूल शिशु वाटिका के बच्चों को अपने सामाजिक सहयोगियों से परिचय कराना था। इसके लिए कक्षा अरुण उदय व प्रभात ए, बी के बच्चों को उनके मातृ आचार्य के साथ विद्यालय बस से निकटतम बाजार ले जाया गया। बाजार में बच्चों को विभिन्न प्रकार के सब्जियां और उनको विक्रय करने की प्रक्रिया को करीब से देखने का अवसर मिला। बच्चों में इस बीच काफी उत्साह रहा। आयोजन को सफल बनाने में शिशु वाटिका प्रमुख गीता कुमारी, महिला आचार्य शिल्पा कुमारी, नीलम अंबष्टा, नीलम कुमारी व कर्मचारियों का योगदान रहा।


कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

Email Id – civilsurgeonpalamu@gmail.com

आवश्यक सूचना

जिला स्वास्थ्य समिति पलामू अन्तर्गत विज्ञापन सं0 01/2025 से संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन सं0 01/2025 द्वारा दिनांक 11.05.2025 को आयोजित परीक्षा का मेघा सूची तथा चयनित अभ्यर्थियों की सूची www.palamu.nic.in पर प्रकाशित कर दिया गया है।

आदेशानुसार
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

PR.NO.353085 District(25-26):D



कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

अति अल्पकालीन ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar/ F2 - 02/2025-26

पत्रांक–318 लातेहार/दिनांक–20.05.2025

| क0 सं0 | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 01 | डी0एम0एफ0टी0 मद अन्तर्गत प्रखंड–लातेहार के पंचायत–पाण्डेयपुरा में मछली पालन हेतु मत्स्य हेचरी एवं मत्स्य प्रक्षेत्र में अवस्थित तालाब (Desilting of Fishery pond) का जीर्णोद्धार | 20.85 | 3 माह | |
| 2 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | | 26.05.2025 | | |
| 3 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | | 16.06.2025 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 4 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | | 16.06.2025 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 5 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | | 18.06.2025 5.00 बजे अपराह्न | | |
| 6 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 9939182470 | | |
| 7 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | | 0651– 2214784 | | |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 353110 Water Resource(25-26).D

# मुंबई की घातक बल्लेबाजी, नमन व सूर्या ने गेंदबाजी की उड़ाई धज्जियां



**मुंबई । एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) का 63वां मैच आज मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। ये मुकाबला प्लेऑफ के लिहाज से सबसे तगड़ा माना जा रहा है। इस मुकाबले में टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। अक्षर इस मुकाबले में नहीं खेल रहे हैं। बीमार होने की वजह से वो मैच में नहीं हैं। उनकी जगह फाफ डु प्लेसिस कप्तानी कर रहे हैं। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्या की 73 रनों की तूफानी पारी के दम पर दिल्ली के सामने 181 रनों का लक्ष्य रखा है।

**ऐसी रही मुंबई की बल्लेबाजी :** पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी मुंबई की शुरुआत बेहद शानदार रही। रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन ने आतिशी अंदाज में बल्लेबाजी की। लेकिन तीसरे ही ओवर में मुंबई को पहला झटका लगा जब रोहित शर्मा 5 रन बनाकर आउट हो गए। लेकिन इसके बाद विल जैक्स और रिकेल्टन ने अच्छी साझेदारी की। 5 ओवर में टीम का स्कोर 46 पर पहुंचा दिया। लेकिन छठे ओवर में विल जैक्स अपना विकेट गंवा बैठे। जैक्स ने 21 रनों की पारी खेली। इसके बाद अगले ही ओवर में रिकेल्टन को कुलदीप यादव ने चलता किया। रिकेल्टन के बल्ले से 25 रन निकले।

इसके साथ ही कुलदीप यादव ने आईपीएल में अपने 100 विकेट भी पूरे कर लिए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा के बीच अच्छी साझेदारी हुई। 10 ओवर के बाद मुंबई का स्कोर 80-3 था। दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई। लेकिन 15वें ओवर में मुंबई को चौथा झटका लगा जब तिलक वर्मा 27 रन बनाकर मुकेश कुमार का शिकार बने। इसके बाद हार्दिक पंड्या भी कुछ कमाल नहीं कर सके। लेकिन एक छोर पर सूर्या टिके रहे। उन्होंने शानदार फिफ्टी जड़ी। वहीं नमन धीर ने भी अच्छी पारी खेली। जिसके दम पर मुंबई ने दिल्ली के सामने 181 रनों का लक्ष्य रखा। सूर्या ने नाबाद 73 रनों की पारी खेली।

### जानें अंक तालिका का हाल

मुंबई इंडियंस के 14 और दिल्ली कैपिटल्स के 13 अंक हैं। दोनों टीमें अपनी किस्मत खुद तय कर सकती हैं, लेकिन घरेलू मैदान और हालिया प्रदर्शन के चलते एमआई को थोड़ा फायदा माना जा रहा है। अगर मुंबई जीत जाती है, तो वह 16 अंकों के साथ दिल्ली की पहुंच से बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर, दिल्ली को अपने दोनों बचे हुए मैच जीतने होंगे – दूसरा मैच 24 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ है।

### जानें किसका पलड़ा है भारी

आईपीएल इतिहास में दिल्ली औपर मुंबई के बीच अबतक 36 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 16 मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने जीत हासिल की है, जबकि 20 बार मुंबई की टीम ने बाजी मारी है। ऐसे में मुंबई का पलड़ा भारी नजर आ रहा है।

## रणनीतिक गठजोड़

### चीन-पाकिस्तान-तालिबान एकजुट, बढ़ी वैश्विक चिंता



**नई दिल्ली ।** चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने बीजिंग में एक अनौपचारिक त्रिपक्षीय बैठक के दौरान चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को अफगानिस्तान तक विस्तारित करने पर सहमति व्यक्त की है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार, चीनी विदेश मंत्री वांग यी और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने अपने-अपने देशों में व्यापार, बुनियादी ढांचे और विकास को बढ़ावा देने के लिए कूटनीतिक गतिविधियों और उपायों पर चर्चा की। विकास पहलों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए, दोनों देशों ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) पर सहयोग बढ़ाने तथा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को अफगानिस्तान तक विस्तारित करने पर सहमति व्यक्त की। बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में इशाक डार ने कहा कि पाकिस्तान, चीन और अफगानिस्तान क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और विकास के लिए एक साथ खड़े हैं। डार तीन दिवसीय बीजिंग यात्रा पर हैं, जो भारत के साथ तनाव बढ़ने के बाद उनकी पहली उच्च स्तरीय बातचीत है।

## अयोध्या तैयार

### जून तक पूरा होगा राम मंदिर का निर्माण कार्य




**नई दिल्ली ।** श्री राम जन्मभूमि निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा के अनुसार, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण 5 जून तक पूरा हो जाएगा। नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि 5 जून तक पूजा-अर्चना के साथ मुख्य मंदिर की स्थापना कर दी जाएगी। मंदिर की पहली मंजिल, दूसरी मंजिल और शिखर का निर्माण हो चुका है। पहली मंजिल पर राम दरबार स्थापित किया जाएगा, जिसमें राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियां होंगी। इनकी मूर्तियां जयपुर के कारीगरों ने राजस्थान की खानों में पाए जाने वाले बेहतरीन और बेहद प्रतिष्ठित मकराना संगमरमर का इस्तेमाल करके बनाई हैं। नृपेंद्र मिश्रा ने आगे बताया कि जयपुर से मूर्तियां भेजी जा चुकी हैं और 23 जून तक अयोध्या पहुंच जाएंगी। 5 जून तक राम मंदिर परिसर में 14 छोटे मंदिरों की भी प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। एक मुख्य लंबित कार्य जो सितंबर में पूरा हो जाएगा, वह है प्राचीर के एक छोटे हिस्से का निर्माण।

## क्या 9 दिन में रक्त कैंसर का इलाज हो जाएगा ?

# वेलकारटी इलाज से बचेगा 90% खर्च

**आरपी सिंह**



- आईसीएमआर व सीएमसी वेल्लोर के एक क्लिनिकल ट्रायल में यह सफलता मिली
- यह प्रक्रिया अस्पताल में ही स्वचालित मशीनों से की गई जिसमें 9 दिन का समय लगा

**नई दिल्ली।** भारत में रक्त कैंसर के इलाज के लिए कार-टी सेल्स को अस्पताल में ही बनाकर मरीजों को दिया गया। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) नई दिल्ली ने कैंसर चिकित्सा में बड़ी कामयाबी बताते हुए घोषणा की है कि 80% मरीजों में 15 माह बाद भी कैंसर सक्रिय नहीं पाया गया। आईसीएमआर के अनुसार , यह ट्रायल दिखाता है कि कैंसर का इलाज सस्ता, तेज व मरीजों के करीब कैसे किया जा सकता है। यह सफलता आईसीएमआर और सीएमसी वेल्लोर के एक क्लिनिकल ट्रायल में हासिल हुई है, जिसे वेलकारटी नाम दिया है। इस परीक्षण के परिणाम मोलिक्यूलर थेरेपी ऑन्कोलॉजी जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। जर्नल में प्रकाशित विवरणों के मुताबिक डॉक्टरों ने कार-टी थेरेपी के जरिये एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया (एएलएल) और लार्ज बी-सेल लिम्फोमा (एलबीसीएल) के मरीजों पर परीक्षण किया। यह दोनों ही रक्त कैंसर के प्रकार हैं। इस प्रक्रिया में मरीज के अपने टी-सेल्स (प्रतिरक्षा कोशिकाओं) को कैंसर से लड़ने के लिए तैयार किया। हालांकि भारत में कार-टी थेरेपी का यह पहला अध्ययन नहीं है। इम्यूनो एक्ट व टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुंबई ने मिलकर पहली स्वदेशी थेरेपी विकसित की जिसे 2023 में केंद्र से अनुमति भी मिली है।

आईसीएमआर ने ट्रायल परिणाम जारी करते हुए बताया कि एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया (एएलएल) कैंसर से प्रभावित सभी मरीज ठीक हो गए, जबकि लार्ज बी-सेल लिम्फोमा (एलबीसीएल) रोगियों में से 50% रोग मुक्त हुए। दोनों तरह के मरीजों पर लंबे समय तक निगरानी रखी गई जिसमें 80% मरीज 15 महीने बाद भी रोग-मुक्त रहे। हालांकि, इस बीच रोगियों में थेरेपी के हल्के दुष्प्रभाव देखने को मिले हैं, पर न्यूरो टॉक्सिसिटी यानि तंत्रिका तंत्र पर प्रभाव नहीं पाया गया। सीएमसी वेल्लोर के डॉक्टरों ने बताया कि यह प्रक्रिया अस्पताल में ही स्वचालित मशीनों के जरिये की गई जिसमें करीब नौ दिन का समय लगा। जबकि वैश्विक स्तर पर कार-टी थेरेपी में कम से कम पांच सप्ताह यानी 40 दिन का समय लगता है। भारतीय परीक्षण में मरीज की ताजा कोशिकाओं का उपयोग किया गया, जिससे उनकी तेजी से रिकवरी हुई। उन्होंने कहा कि भारत ने 90 % से भी अधिक सस्ती प्रक्रिया को जन्म दिया है। भारत में जहां कैंसर का इलाज महंगा है और ज्यादातर लोगों के पास बीमा नहीं है। यह थेरेपी लागत को 90% तक कम करती है। वैश्विक स्तर पर कार-टी थेरेपी की लागत 3,80,000-5,26,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 3-4 करोड़ रुपये) है, लेकिन वेलकारटी मॉडल ने अब इसे बहुत कम कीमत पर उपलब्ध कराने का रास्ता खोल दिया है। ईसीएमआर का कहना है कि भारत में हर साल 50 हजार नए ल्यूकेमिया मरीज सामने आ रहे हैं।

## प्रधानमंत्री आज राजस्थान का करेंगे दौरा

# बीकानेर के पलाना में विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे



**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को राजस्थान के दौरे पर रहेंगे। वे बीकानेर जाएंगे और सुबह करीब 11 बजे देशनोक स्थित करणी माता मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री सुबह लगभग 11:30 बजे अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित देशनोक स्टेशन का उद्घाटन करेंगे और बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे और पलाना में एक सार्वजनिक समारोह को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री देश में रेल अवसंरचना को निरंतर बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1,300 से अधिक स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकसित किया जा रहा है, जिन्हें क्षेत्रीय वास्तुकला को प्रतिबिंबित करने और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। करणी माता मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की सेवा करने वाला देशनोक रेलवे स्टेशन मंदिर वास्तुकला, मेहराब और स्तंभ विषयवस्तु से प्रेरित है।

## समुद्री आतंकवाद-लुटेरों पर भारत व संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र (आईएएनएस)।** भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने कहा कि समुद्र में आतंकवाद का मुकाबला करना और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करना भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों के लिए महत्वपूर्ण है। हरीश ने कहा, "भारत समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद का मुकाबला करना अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों के लिए महत्वपूर्ण मानता है। उन्होंने आगे कहा, " लेकिन भारत की समुद्री सुरक्षा रणनीति व्यापक और बहुआयामी है", जो पारंपरिक और गैर-पारंपरिक खतरों—आतंकवाद, समुद्री डकैती, तस्करी, मानव तस्करी और अवैध मछली पकड़ने—का सामना करती है। आतंकवाद और समुद्री डकैती से होने वाले खतरे अन्य लोगों के लिए भी चिंता का विषय थे, जिन्होंने समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने पर सुरक्षा परिषद की खुली बहस में बात की।

## नेतन्याहू को 22 देशों की खुली चेतावनी, बढ़ा तनाव

**इजरायली।** इजरायली फौज यानी आईडीएफ ने गाजा में अब तक का सबसे बड़ा मिलिट्री ऑपरेशन शुरू कर दिया। जिसमें भारी मानवाधिकार उल्लंघन हो रहा है और रोजाना बड़ी तादाद में लोग मारे जा रहे हैं। इस ऑपरेशन को लेकर ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने नाराजगी जाहिर करते हुए गाजा में इजरायली सैन्य कार्रवाई की आलोचना की है। इस पर इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जवाब भी दिया है। नेतन्याहू ने इन देशों पर आरोप लगाते हुए कहा कि 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल में हमास के जनसंहार का इनाम दे रहे हैं और इजरायल को उसकी आत्मरत्रा के अधिकार से वंचित करना चाहते हैं। आपको बता दें कि इजरायल ने गाजा को सीमित मानवीय राहत की इजाजत दे दी है और कुछ रास्तों को खोल दिया है। लेकिन इस फैसले के बावजूद 22 देशों ने संयुक्त बयान जारी करते हुए इजरायल से अपील करते हुए कहा है कि वे गाजा को मिलने वाली कोई भी सहायता में रुकावट न डाले।

# भारत सहित एशिया के कई देशों में बढ़ रहा कोविड के बदले रूप का संक्रमण

**इससे बचाव के लिए पहले की तरह ही सावधानी बरतें**

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** कोविड-19 वायरस रूप बदलकर एक बार फिर से बढ़ने लगा है। सिंगापुर, हॉन्गकॉन्ग, चीन, थाईलैंड में केस बढ़ रहे हैं। भारत में भी कुछ जगह केस सामने आए हैं। इसका बचाव भी वैसे ही करना है, जैसे पहली लहर के बाद से लोग किये।अब लोगों में प्रतिरोधक क्षमता कुछ विकसित हो चुकी है, फिर भी लापरवाही भारी पड़ सकती है।मालूम हो कि भारत में कोरोना की पहली लहर जनवरी 2020 से फरवरी 2021 तक रही। सबसे घातक दूसरी लहर थी, जब डेल्टा वैरिएंट से बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई थी। मार्च 2021 से मई 2021 के बीच कोरोना की दूसरी लहर में भारत समेत पूरे विश्व में सबसे ज्यादा मामले सामने आए। उस दौरान अस्पतालों में बेड व ऑक्सिजन की भी भारी कमी हुई। उसके बाद ओमिक्रॉन वेरिएंट के कारण तीसरी लहर में मामलों में तो इजाफा देखा गया, लेकिन यह डेल्टा वैरिएंट के मुकाबले कम घातक रहा। ओमिक्रॉन से मृत्यु दर भी कम लगभग 0.2 % तक ही थी। वैसे ओमिक्रॉन वैरिएंट में कई तरह के बदलाव हो चुके हैं और यह समय-समय पर अपना असर दिखाता रहा है। विशेषज्ञों ने ओमिक्रॉन वेरिएंट के आने के समय ही साफ कर दिया था कि इस वैरिएंट में बदलाव होते रहेंगे। भारत में इससे पहले कोविड-19 के उप-स्वरूप जेएन.1 (बीए.2.86.1.1) के कारण मामलों में बढ़ोतरी हुई थी। लेकिन देश में बड़े स्तर पर जीनोम जांच होती है और वैरिएंट का पता चल जाता है। अभी भारत में स्थिति नियंत्रण में है और केस भी ज्यादा नहीं हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, आपात चिकित्सा राहत प्रभाग, आपदा प्रबंधन सेल, इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च व केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों की हाल ही में समीक्षा बैठक हुई।

सभी विशेषज्ञों ने कहा कि अभी घबराने की जरूरत नहीं है। 19 मई तक के आंकड़ों को देखें तो भारत में कोविड-19 के मामलों की मौजूदा संख्या 257 है, जो देश की बड़ी आबादी को देखते हुए बहुत कम है। जो मामले सामने भी आ रहे हैं, उनमें मामूली लक्षण है और अस्पताल में दाखिल होने की जरूरत नहीं पड़ रही। एशिया क्षेत्र में हॉन्गकॉन्ग में बीते कुछ सप्ताह में कोविड केस 30 गुना तक बढ़े हैं, वहीं सिंगापुर व थाईलैंड में भी संक्रमण तेजी से फैल रहा है। सिंगापुर में एक सप्ताह में 28 से 30 % तक मामले बढ़े हैं। इन देशों में जीनोम जांच के बाद पता चला है कि कोविड 19 का नया वेरिएंट जेएन1 स्ट्रेन से संबंध रखता है। ओमीक्रॉन के वेरिएंट जेएन1 और उसके सब-वैरिएंट्स एलएफ 7 और एनबी1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य अधिकारियों ने स्थिति को लेकर अलर्ट जारी किया है।इस बारे में विशेषज्ञ कहते हैं कि वैरिएंट तो चेंज होते रहेंगे लेकिन संभावना यही है कि नया वैरिएंट पहले के मुकाबले हल्का ही रहेगा। फिर भी यदि किसी को पहले से ही गंभीर बीमारी है तो उसे सावधान रहना होगा। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है, उन्हें भी ध्यान रखना होगा। भारत में अब तक जो मामले हैं, उनमें माइल्ड फ्लू जैसे लक्षण हैं और कुछ दिनों में मरीज ठीक हो जाता है। यदि कोई बीमार है तो वह खुद को आइसोलेट कर ले। हल्के संक्रमण हो सकते हैं, जिनके सामान्य सर्दी या फ्लू जैसे लक्षण होते हैं। ऐसे में मास्क पहनें, हाथ धोएं और भीड़ - भाड़ से बचें।

# किरण राव शंघाई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के निर्णायक मंडल में शामिल

**कहानी फिल्म जगत की**

निर्णायक मंडल में अर्जेंटीना के फिल्म निर्माता इवान फंड, चीनी अभिनेता और निर्देशक हुआंग बो, चीनी निर्देशक और वृत्तचित्र फिल्म निर्माता यांग लीना और प्रशंसित चीनी अभिनेत्री योंग मेई सहित कई अन्य लोग शामिल हैं।

***किरण राव की लापता लेडीज भारत की 96वें ऑस्कर के लिए आधिकारिक प्रविष्टि रही***



फिल्म निर्माता किरण राव 27वें शंघाई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एसआईएफएफ) के अंतरराष्ट्रीय निर्णायक मंडल (ज्यूरी) का हिस्सा होंगी। राव इतालवी निर्देशक और पटकथा लेखक ग्यूसेप टॉर्नेटोर के नेतृत्व वाले निर्णायक मंडल में शामिल होंगी। ग्यूसेप को ऑस्कर विजेता 'सिनेमा पैराडाइसो' के लिए जाना जाता है। किरण की फिल्म 'लापता लेडीज' 96वें अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि थी। निर्णायक मंडल में अर्जेंटीना के फिल्म निर्माता इवान फंड, चीनी अभिनेता और निर्देशक हुआंग बो, चीनी निर्देशक और वृत्तचित्र फिल्म निर्माता यांग लीना और प्रशंसित चीनी अभिनेत्री योंग मेई सहित कई अन्य लोग शामिल हैं।




**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**संदेश**

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर मैं झारखण्ड के समस्त लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। संथाल परगना के घने वन हों या छोटानागपुर की भव्य पहाड़ियां, हमारा राज्य समृद्ध जैव विविधता से परिपूर्ण है।

वर्तमान में समस्त विश्व जलवायु परिवर्तन की समस्या से ग्रस्त है, ऐसे में जैव विविधता का संरक्षण नितांत आवश्यक है। जैव विविधता का संरक्षण न केवल भूमि के क्षरण को रोकने में, बल्कि जल संरक्षण में भी सहायक है। संतुलित जैव विविधता से हमें उत्तम कृषि उपज औषधीय पौधे वन आधारित आजीविका जैसे लाह की खेती, तसर सिल्क की खेती, मधुमक्खी पालन, बांस की खेती के उत्तम परिणाम मिलते हैं।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का विषय **"प्रकृति के साथ सामंजस्य एवं सतत विकास"** है।

आइए, अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2025 के अवसर पर हम सभी, जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन तथा उनके संतुलित उपयोग के लिए संकल्प लें।

PR. 353165 (Forest, Environment and Climate Changes) 2025-26

**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार**

## दुर्गा सोरेन को सीएम ने दी श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखंड राज्य आंदोलन के अग्रणी नेता एवं पूर्व विधायक स्व. दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि पर नामकुम स्थित दुर्गा सोरेन स्मारक पर सीएम हेमंत सोरेन व विधायक कल्पना सोरेन पहुंची। वहीं स्व. दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

# अहिल्याबाई होलकर रानी नहीं बल्कि गरीबों और असहायों की माता थीं : अन्नपूर्णा देवी

- सनातन मान बिंदुओं का कराया पुनरुद्धार
- महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक सुधारों के लिए किए अनेक कार्य

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती भाजपा रांची ग्रामीण जिला द्वारा नगड़ी में आयोजित की गई। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर रानी नहीं बल्कि गरीबों,असहायों की माता थीं। उन्होंने जीवन पर्यंत एक शासक के रूप में नहीं बल्कि भगवान शिव की प्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा की। वे अपने हस्ताक्षर भी भी भगवान शिव के निर्देशानुसार लिखती थीं। कहा कि एक सामान्य परिवार में जन्म लेने वाली रानी अहिल्याबाई होलकर अपनी अद्वितीय प्रतिभा के कारण राज परिवार में ब्याही गईं। अपने जीवन काल में विषम परिस्थितियों का उन्होंने सामना किया और राजकाज भी संभाला। कहा कि 30 वर्षों के शासन में उन्होंने अनेक उल्लेखनीय कार्य किए जो स्वर्णाक्षरों में अंकित है। आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। कहा कि उन्होंने नारी सशक्तिकरण के लिए सख्त दहेज विरोधी कानून बनाए,बिना संतान की विधवाओं की संपत्ति राज्य द्वारा जब्त कर लेने की नीति समाप्त की,विधवाओं को गोद लेने की स्वतंत्रता दी,विधवा पुनर्विवाह का नैतिक समर्थन किया, महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिया, महिलाओं बच्चों केलिए विशेष सुरक्षा कानून बनाए,महिलाओं को युद्ध कौशल सिखाया और महिला सैन्य टुकड़ी का गठन किया।

अन्नपूर्णा ने कहा कि आज भारत को नरेंद्र मोदी के रूप में एक ऐसा नेतृत्व मिला है जो रानी अहिल्याबाई होलकर के पद चिन्हों पर आगे बढ़ते हुए गांव गरीब किसान, दलित वंचित समाज की सेवा कर रहा साथ ही भारत के सांस्कृतिक वैभव को स्थापित करने केलिए कार्य कर रहा। कहा कि जनधन खाता हो या उज्जवला योजना के गैस सिलिंडर,किसान सम्मान निधि हो या गरीब कल्याण अन्न योजना। प्रधानमंत्री आवास योजना हो या फिर आयुष्मान योजना सभी गरीबों बीके कल्याण को समर्पित हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए भी मोदी सरकार ने अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। आज नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति बन चुकी है। राम मंदिर का निर्माण हो या बाबा विश्वनाथ ,उज्जैन महाकाल मंदिर कोरिडोर सभी भारत के सांस्कृतिक वैभव को स्थापित करते हैं। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, प्रदेश मंत्री मनोज महतो वाजपेयी, किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू,वरिष्ठ भाजपा नेता शशिभूषण भगत, पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम सहित अन्य मौजूद थे।

### फर्जी बिक्री पट्टा पर बैंक से 5.61 करोड़ की ठगी

## 2 बैंक अफसर समेत 7 पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** फर्जी बिक्री पट्टा पर बैंक से 5.61 करोड़ ठगी, 2 बैंक अफसर समेत 7 पर कोर्ट ने लिया संज्ञान रांची, संवाददाता। फर्जी बिक्री पट्टा पर जमशेदपुर स्थित इंडियन बैंक की मुख्य शाखा से 5.61 करोड़ रुपए ऋण लेने से जुड़े मामले में दो बैंक अधिकारी समेत सात के खिलाफ मुकदमा चलेगा। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत ने मामले में अभियोजन स्वीकृति आदेश मिलने के बाद संज्ञान लिया है। साथ ही आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया गया है। मामले में तत्कालीन इलाहाबाद बैंक सह वर्तमान में इंडियन बैंक के सहायक महाप्रबंधक साकेत कुमार, इंडियन बैंक के मुख्य प्रबंधक अजय कुमार गुप्ता, राजेश्वरी आयरन स्टील कंपनी प्राइवेट लिमिटेड तथा इसके निदेशक लालपुर निवासी सुमित कुमार केजरीवाल, आशा केजरीवाल, अमित कुमार केजरीवाल और अभित कुमार सिंह के खिलाफ संज्ञान लिया है। सुनवाई की अगली तारीख 26 जून निर्धारित की गई है। इन लोगों के खिलाफ कोर्ट ने भादवि की धारा 120बी के साथ-साथ 420, 467, 468, 471 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-13 1डी के तहत कोर्ट ने संज्ञान लिया है।

## नए आपराधिक कानून पर झारखंड पुलिस मुख्यालय में हुई बैठक



**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। यह बैठक एडीजी आधुनिकरण की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित हुई। इस उच्च-स्तरीय बैठक में रांची जोन के आईजी (महानिरीक्षक), सभी रेंज के डीआईजी (उप महानिरीक्षक), सभी जिलों के एसपी (पुलिस अधीक्षक), आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) के एसपी और रेल एसपी शामिल हुए।

### स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी का बड़ा एक्शन, कहा

# नकली दवा बेचने वाले दोषियों को मिलेगी सजा

- राज्य में जल्द खुलेंगे फूड और मेडिसिन टेस्टिंग लैब : डॉ इरफान अंसारी
- क्यूआर कोड के बिना नहीं बिकेगी दवा
- बिना रजिस्ट्रेशन की दवा मिली तो दुकान सील

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड में नकली दवाइयों के कारोबार पर अब कड़ा एक्शन लिया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्पष्ट कर दिया है जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वो दवा माफिया हो या भ्रष्ट अधिकारी।

डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि अब क्यूआर कोड ही नकली और असली दवा के बीच की दीवार बनेगा।सरकार ने बड़ी पहल करते हुए 300 महत्वपूर्ण दवाओं के लिए क्यूआर कोड अनिवार्य कर दिया है। अब पेनकिलर, बुखार की दवा, प्लेटलेट बढ़ाने वाली दवाएं, शुगर व थायरॉयड की दवाएं, गर्भनिरोधक व विटामिन सप्लीमेंट्स जैसी प्रमुख दवाएं क्यूआर कोड के बिना बाजार में नहीं बिकेंगी। यह कोड हर दवा की असली पहचान, निर्माता, बैच नंबर, मैन्युफैक्चरिंग व एक्सपायरी तारीख की जानकारी देगा – जिससे नकली दवा की पहचान तुरंत हो सके।

सभी मेडिकल दुकानों को साफ निर्देश दिया गया है अगर बिना रजिस्ट्रेशन वाली कोई दवा पाई गई, तो दुकान का लाइसेंस तुरंत रद्द होगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि सभी बड़े मॉल, होटल और रेस्टोरेंट में बिक रहे फूड प्रोडक्ट्स की जांच होगी। खाद्य पदार्थों में मिलावट, एक्सपायरी और गुणवत्ता की अनदेखी करने वालों पर तत्काल छापेमारी और कानूनी कार्रवाई होगी।

### कफ सिरप का दुरुपयोग युवा पीढ़ी को कर रहा है नष्ट




स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बाजार में बिक रहे कई कफ सिरप में पाया जाने वाला कोडीन और अल्कोहल युवाओं को नशे की लत में धकेल रहा है। यह कफ सिरप दवा के नाम पर ज़हर बन चुका है, जो ब्रेन और लिवर को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है। मंत्री ने कहा कि कफ सिरप का दुरुपयोग कर युवा पीढ़ी को नष्ट किया जा रहा है, जिसे हर हाल में रोका जाएगा। सभी मेडिकल दुकानों को निर्देश दिया गया है कि बिना वैध डॉक्टर की पर्ची के यह सिरप बेचना अपराध होगा, और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ड्रग इंस्पेक्टर हों सतर्क

राज्य के सभी ड्रग इंस्पेक्टरों को निर्देशित किया गया है कि वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से जांच करें। नकली दवा बरामद होने पर सीधी कार्रवाई होगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जो अधिकारी एक ही जगह पर वर्षों से जमे हैं, वे व्यवस्था को सड़ा रहे हैं। अब उनका तबादला होगा। मिलीभगत और भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं। जल्द ही दुमका, रांची, जमशेदपुर और पलामू में अत्याधुनिक फूड एवं मेडिसिन टेस्टिंग लैब स्थापित किए जाएंगे। अब दवाओं और खाद्य पदार्थों की रिपोर्ट राज्य में ही उपलब्ध होगी - बिना देरी के, बिना गड़बड़ी के।

## राज्य के सभी विश्वविद्यालय में प्रो-वीसी नियुक्त करें राज्यपाल : डॉ सूरज मंडल



**रांची।** पूर्व सांसद डॉ सूरज मंडल ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मांग की है कि झारखंड के प्रत्येक विश्वविद्यालय में प्रति कुलपति की अविलंब नियुक्ती की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से प्रत्येक विश्वविद्यालय में न केवल प्रशासन एवं प्रबंधन दुरुस्त होगा बल्कि कार्यों में पारदर्शिता भी आएगी और पठन-पाठन बेहतर होगा. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में मुलाकात के दौरान डॉ. मंडल ने कहा कि झारखंड में उच्च शिक्षा की बेहतर स्थिति न केवल छात्र-छात्राओं या संपूर्ण शैक्षणिक जगत के हित में है बल्कि कुल मिलाकर झारखंड के सभी लोगों के तीव्र गति से सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए भी यह आवश्यक है. डॉ. मंडल ने कहा कि इतिहास में इस बात के प्रमाण भरे पड़े हैं कि जहां भी उच्च शिक्षा की स्थिति कमजोर हुई है वहां उसका खामियाजा न केवल पूरे समाज या प्रदेश को भुगतना पड़ा है बल्कि आर्थिक विकास भी धीमा हो गया। डॉ. मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य सरकार उच्च शिक्षा के मामले में पूरी तरीके से उदासीन है और उसका नकारात्मक और निराशाजनक रवैया पूरी तरह स्पष्ट है। हर एक मामले पर राज्य सरकार, राजभवन के साथ टकराव का रवैया अख्तियार कर रही है। ऐसे परिप्रेक्ष्य में राज्यपाल श्री गंगवार की भूमिका बहुत अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने राज्यपाल से अपनी बातों को साझा कर उनसे अपील की है कि झारखंड एवं यहां के लोगों के हित में अपनी प्रभावी भूमिका एवं संविधान प्रदत्त अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

## झारखंड के कई विभागों में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हैं : विजय शंकर नायक



**रांची।** आईएएस विनय कुमार चौबे व गजेंद्र सिंह की गिरफ्तारी हेमंत सोरेन व पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करती है। उक्त बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड के कई विभागों में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हैं। डॉ प्रदीप कुमार, पूजा सिंघल, छवि रंजन जैसे अन्य आईएएस अधिकारियों की गिरफ्तारी इसकी गंभीरता को दर्शाती है। श्री नायक ने कहा कि 2022 की उत्पाद नीति के तहत नकली होलोग्राम और अवैध शराब उत्पादन से राज्य को 38 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सात प्लेसमेंट एजेंसियों को मनमाने ढंग से ठेके दिए गए। हेमंत सरकार की चुप्पी सवाल उठाती है तो भाजपा सरकार के मुख्य मंत्री रघुवर दास की भूमिका भी संदेहास्पद लगता है। उन्होंने कहा कि हेमंत और रघुवर की सरकार ने भ्रष्टाचार को संरक्षण देकर जनता के साथ विश्वासघात किया है। आज उत्पाद, ग्रामीण विकास, भवन,पेयजल, स्वास्थ्य, भूमि जैसे विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार होने के कारण जनता के जन सुविधाओं को प्रभावित किया है।

## पेज एक के शेष

### अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर...

इसके अलावा मरीजों का रजिस्टर, जिसमें अमिता सिंह सहित अन्य का अल्ट्रासाउंड कराने का विवरण था, भी जब्त किया गया। छापेमारी में बेहोश करने वाली दवाएं, गर्भपात की किट, प्रतिबंधित दवाएं, डॉक्टरों की मोहर व पर्चियां समेत आपत्तिजनक मेडिकल सामग्री भी पाई गई। संचालिका तबस्सुम आरा और उनके पति शाहीद आलम को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध रंका थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जब्त उपकरणों को थाना में सुरक्षित रखा गया है। उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि भ्रूण में लिंग जांच और अवैध गर्भपात गंभीर अपराध हैं। इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने मेडिकल सेंटरों को चेतावनी दी कि यदि इस तरह की गतिविधियों में संलिप्तता पाई गई तो कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 'अबुआ बीर दिशोम'....

गठित आयोग 6 महीने के भीतर सभी पहलुओं का अध्ययन करते हुए एक प्रतिवेदन समिति को समर्पित करेगी। टीएसी की बैठक में झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025 के गठन संबंधित प्रस्तावित अधिसूचना प्रारूप के नियम 20 (3) पर गहन विचार-विमर्श एवं चर्चा के उपरांत राज्य के भीतर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के वैसे ग्राम पंचायत, जिसमें 50 प्रतिशत या उससे अधिक जनजातीय आबादी हो और यदि स्थल झारखंड सरकार के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के विभिन्न अधिसूचनाओं द्वारा अंतरराष्ट्रीय महत्व, राष्ट्रीय महत्व, राजकीय महत्व एवं स्थानीय महत्व के पर्यटन स्थल (धार्मिक मान्यता के स्थल को छोड़कर) घोषित हो, तो पर्यटन को बढ़ावा देने, राजस्व हित एवं अवैध मदिरा पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से उक्त प्रक्षेत्र में ऑफ प्रकृति की खुदरा उत्पाद दुकानों की बंदोबस्ती किए जाने संबंधित प्रस्ताव पर सहमति बनी।

बैठक में झारखंड उत्पाद होटल, रेस्टोरेंट, बार एवं क्लब (अनुज्ञापन एवं संचालन) (संशोधन) नियमावली, 2025 के गठन संबंधी संलेख एवं प्रस्तावित अधिसूचना प्रारूप की कंडिका-2 के नियम 21 पर सहमति दी गई। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के वैसे ग्राम पंचायत, जिसमें 50 प्रतिशत या उससे अधिक जनजातीय आबादी हो और यदि ऐसे स्थल झारखंड सरकार के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के विभिन्न अधिसूचनाओं द्वारा अंतरराष्ट्रीय महत्व, राष्ट्रीय महत्व, राजकीय महत्व एवं स्थानीय महत्व के पर्यटन स्थल (धार्मिक मान्यता के स्थल को छोड़कर) घोषित हो, तो पर्यटन को बढ़ावा देने, राजस्व हित एवं अवैध मदिरा पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से उक्त प्रक्षेत्र में उत्पाद प्रपत्र 8, 9 एवं 10/9 एवं 10/7 'क' में क्रमशः होटल, रेस्टोरेंट एवं बार/क्लब की अनुज्ञप्ति स्वीकृत करने पर सहमति बनी।

जनजातीय परामर्शदातृ परिषद् की बैठक में सुवर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना के अंतर्गत पश्चिमी सिंहभूम जिले में खरकई नदी में प्रस्तावित ईचा बांध के निर्माण कार्य को पुनर्बहाल करने पर चर्चा हुई। झारखंड जनजातीय परामर्शदातृ समिति के गहन विचार विमर्श के बाद ईचा खरकई बांध से विस्थापित हो रहे जनजाति समुदाय सहित अन्य व्यक्तियों पर पड़ने वाले प्रभाव के संबंध में प्रभावित ग्रामों की वर्तमान स्थिति का भौतिक सत्यापन करते हुए फोटो, वीडियो के साथ एक जांच प्रतिवेदन तैयार कर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से प्रस्तुत किए जाने के लिए सहमति बनी। इस प्रतिवेदन के आलोक में आगे की कार्रवाई पर निर्णय लिया जाएगा।

बैठक में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री सह उपाध्यक्ष टीएसी चमरा लिंडा, विधायक सह सदस्य टीएसी प्रो स्टीफन मरांडी, लुईस मरांडी, सोनाराम सिंकू, दशरथ गागराई, राजेश कच्छप, नमन विक्सल कोंगाड़ी, जिगा सुसारन होरो, संजीव सरदार, आलोक कुमार सोरेन, सुदीप गुड़िया, जगत मांझी, राम सूर्या मुंडा, रामचंद्र सिंह तथा टीएसी के मनोनीत सदस्य नारायण उरांव एवं जोसाई मार्डी उपस्थित थे।

### डेढ़ करोड़ के इनामी...

अब तक इस अभियान के दौरान कुल 27 नक्सलियों के शव और अनेक हथियार बरामद किए गए हैं। ज्ञात हो कि 6 अप्रैल 2010 को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के चिंतलनार क्षेत्र में नक्सलियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के काफिले पर घात लगाकर भीषण हमला किया था। इस हमले में 76 सीआरपीएफ जवानों सहित छत्तीसगढ़ पुलिस का एक अधिकारी शहीद हुए थे। इसके बाद, 25 मई 2013 को झीरम घाटी में कांग्रेस नेताओं के काफिले को निशाना बनाकर नक्सलियों ने हमला किया, जिसमें पार्टी के कई शीर्ष नेताओं की मौत हो गई थी। इन दोनों जघन्य हमलों की साजिश रचने और उन्हें अंजाम देने में बसव राजू उर्फ नंबाला केशव राव की अहम भूमिका मानी जाती है।

**कम से कम पांच राज्यों में नक्सली नेटवर्क का संचालन कर रहा था नंबाला केशव राव :** नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू वर्ष 2018 में गणपति की जगह सीपीआई (माओवादी) का महासचिव बना था। लगभग 70 साल के बसव राजू का मूल निवास आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के जियन्नापेटा गांव था। वह पिछले लगभग 35 वर्षों से नक्सली संगठन की केंद्रीय समिति का सक्रिय सदस्य रहा। देश की सुरक्षा एजेंसियों के लिए सिरदर्द बने इस खूंखार नक्सली पर सरकार ने 1.5 करोड़ रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। राजू ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) वारंगल से बीटेक की पढ़ाई की थी। वर्ष 1970 में उसने अपना घर छोड़ दिया और नक्सली गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल हो गया।

लेकिन, नक्सली विचारधारा से जुड़ने से पहले बसव राजू उर्फ नंबाला केशव राव एक होनहार खिलाड़ी था। स्कूल और जूनियर कॉलेज के दिनों में वह कबड्डी खेला करता था। नक्सली कैडर में राजू को सबसे शिक्षित और रणनीतिक सोच वाला नेता माना जाता था। वह देश के कम से कम पांच राज्यों में नक्सली नेटवर्क और गतिविधियों का संचालन कर रहा था।

**तीन दशकों में पहली बार मारा गया है इतना बड़ा नक्सली : अमित शाह**

छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों के एक करोड़ के इनामी समेत 27 नक्सलियों के ढेर किए जाने को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि तीन दशकों में यह पहली बार हुआ है, जब इतना बड़ा नक्सली मारा गया है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि। आज, छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार नक्सलियों को ढेर कर दिया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी का महासचिव शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़, नंबाला केशव राव उर्फ बसव राजू भी शामिल है। नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि किसी महासचिव स्तर के नेता को हमारी सेना ने मार गिराया है। मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करता हूं। उन्होंने आगे लिखा, मुझे यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के पूरा होने के बाद छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। मोदी सरकार 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पबद्ध है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, जारी है विजय का शंखनाद, खत्म हो रहा नक्सलवाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। नारायणपुर में छत्तीसगढ़ पुलिस की डीआरजी यूनिट द्वारा कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और अनेक चुनौतियों के बावजूद, वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ इस निर्णायक अभियान को पूरी प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प के साथ पूरा किया जा रहा है। इसका परिणाम है कि अब तक 27 नक्सली मारे गए हैं, जिनमें कुख्यात नक्सल लीडर नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू के खात्मे की भी पुष्टि हुई है। उन्होंने आगे लिखा, जवानों को मिली यह कामयाबी सराहनीय है, उनकी वीरता को नमन करता हूं। ऑपरेशन के दौरान डीआरजी के एक जवान के वीरगति को प्राप्त होने और कुछ जवानों के घायल होने की दुःखद सूचना प्राप्त हुई है। घायल जवानों के त्वरित इलाज के निर्देश दिए हैं। ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा की शांति और घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### स्कूली बच्चों से भरी...

हादसे में घायल सभी बच्चों को एंबुलेंस से स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। ज्यादातर बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि गंभीर रूप से घायल चार बच्चों को हजारीबाग पहुंचाया गया।

हादसे की जानकारी पाकर घायल बच्चों के परिजन भी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों और बच्चों के परिजनों का कहना है कि पिकअप वाहन चालक नशे की हालत में था। लोगों ने संकरी सड़क के किनारे किसी भी प्रकार का गार्डवाल नहीं होने पर भी सवाल उठाया। इचाक थाना प्रभारी संतोष कुमार के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त वाहन के चालक की भी मेडिकल जांच कराई जा रही है। गाड़ी के कागजात और चालक के लाइसेंस आदि की भी जांच की जा रही है। अगर चालक नशे में पाया गया, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### राज्य में इस वर्ष समय...

उन्होंने कहा कि केरल में इस बार मॉनसून 25-27 मई तक पहुंचने की सम्भावना है।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आंनद के अनुसार, इस बार झारखंड सहित कई मध्यवर्ती राज्यों में प्री मॉनसून की बारिश भी समय से पूर्व हो रही है। मॉनसून के समय से पहले आने की सभी परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान प्री मॉनसून की अच्छी बारिश हुई। रांची में 29.2 मिमी बारिश हुई। राज्य में सबसे अधिक बारिश देवघर के सिकटिया में 53.6 मिमी रिकॉर्ड किया गया। वहीं, राज्य में सबसे अधिक तापमान मेदिनीनगर (डालटनगंज) में 40.6 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री गुमला में रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने गुरुवार (22 मई) को गर्जन, वज्रपात और 50-60 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 23 मई को उत्तर-पूर्वी भागों को छोड़कर राज्य के शेष हिस्सों में तथा 24 मई को उत्तर-पूर्वी जिलों में कहीं-कहीं गर्जन, आकाशीय बिजली गिरने और 30-40 किमी की गति से तेज हवा चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

### पाकिस्तान में पानी को...

एक मीडिया आउटलेट से बात करते हुए, लंजर ने अपने आवास पर आगजनी की घटना की पुष्टि की और कहा कि कुछ लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा, मैं घटना की निष्पक्ष जांच के आदेश दे रहा हूं। मंत्री ने कहा कि सरकार किसी को भी शांतिपूर्ण विरोध की आड़ में अराजकता फैलाने की अनुमति नहीं देगी। मंत्री ने कहा कि हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और जनता को आश्वासन दिया कि स्थिति को कानूनी तरीकों से नियंत्रण में लाया जाएगा। पूरे जिले में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और जांच आगे बढ़ने के साथ ही आगे की प्रगति की उम्मीद है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि पीएम शहबाज ने पिछले महीने घोषणा की थी कि संघीय सरकार ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के साथ परामर्श के बाद, लंबित जल विवादों के काउंसिल ऑफ कॉमन इंटरेस्ट्स (सीसीआई) के माध्यम से हल होने तक किसी भी नई नहर का निर्माण न करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री ने पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की और इस बात पर जोर दिया कि प्रांतीय आम सहमति के बिना नहर परियोजनाओं पर कोई एकतरफा निर्णय नहीं लिया जाएगा।

**फरवरी 2025 में की गई थी 6 नई नहरों के निर्माण योजना की घोषणा :** फरवरी 2025 में पाकिस्तान सरकार ने सिंधु नदी प्रणाली पर 6 नई नहरों के निर्माण योजना की घोषणा की थी। इस योजना के तहत पंजाब, बलूचिस्तान और सिंध में नहरों का निर्माण किया जाना है। लेकिन, आलोचकों का कहना है कि बांध के जरिए पाकिस्तान सरकार सिंध के पानी को पंजाब प्रांत में ट्रांसफर करना चाहती है, जिसका मकसद पंजाब के 1.9 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि में पानी ले जाना है। सिंध के निवासियों का मानना है कि यह प्रोजेक्ट उनके जल अधिकारों का उल्लंघन करती है और पहले से ही जल संकट झेल रहे क्षेत्र के लिए विनाशकारी हो सकती है।



## अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरु होगी

# सुरक्षा में 900 अर्द्धसैनिक बल तैनात होंगे

**नई दिल्ली । एजेंसी**

इस वर्ष अमरनाथ यात्रा की शुरुआत तीन जुलाई से होगी। अमरनाथ यात्रा भगवान शिव की एक प्राचीन और प्रसिद्ध तीर्थयात्रा है, जिसे हर वर्ष सावन के महीने में शुरू किया जाता है। इस बार अमरनाथ यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी और सख्त होगी। अमरनाथ यात्रा के लिए अर्धसैनिक बलों की 900 कंपनियों की तैनाती की गई है। इस संबंध में गृह विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मीडिया को बताया कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा में अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिलेगी। यात्रा के लिए अर्द्धसैनिक बलों की 900 कंपनियां और सेना की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी। यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने का यह फैसला 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद लिया गया है, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी, जिनमें 25 पर्यटक और एक स्थानीय नागरिक शामिल थे। इस हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष हुआ था। बता दें कि दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ पवित्र गुफा मंदिर है, जिसकी 38 दिवसीय तीर्थयात्रा की शुरुआत इस वर्ष तीन जुलाई से हो रही है। इस यात्रा को लेकर अधिकारी ने बताया कि "एक पूर्णतया सुरक्षित सुरक्षा तंत्र तैयार करने के लिए विचार-विमर्श चल रहा है।" हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक केंद्र द्वारा सीआरपीएफ, एसएसबी, आईटीबीपी और बीएसएफ जैसे विभिन्न अर्धसैनिक बलों की लगभग 900 कंपनियों को तैनात किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि सेना संवेदनशील स्थानों की पहचान कर चुकी है। खासतौर से पहलगाम और बालटाल में दो बेस कैंप बनाए गए है। यहां से अमरनाथ की तीर्थयात्रा की शुरुआत होती है। अभी इन्हें बंद किया जाएगा। कमांडो की तैनाती भी की जाएगी ताकि गुफा मंदिर को भी सुरक्षित किया जा सके। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा को लेकर एक खास रणनीति तैयार की जा रही है। यात्रा के लिए एक बहु-स्तरीय सुरक्षा ग्रिड स्थापित किया जाएगा। बता दें कि अमरनाथ गुफा मंदिर समुद्र तल से लगभग 13,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यह पहलगाम से लगभग 45 किमी और बालटाल से 14 किमी दूर है।

## आतंकवादियों ने खुद दुनिया को दिया सबूत : जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि आतंकवादियों ने खुद ही दुनिया को ऑपरेशन सिंदूर के सबूत मुहैया कराए हैं और जिन लोगों को निशाना बनाया गया उनके ताबूतों को पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों और राजनेताओं ने ले जाया था।

मोरमुगाओ पोर्ट अर्थॉरिटी (एमपीए) द्वारा दक्षिण गोवा के वास्को में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के सटीक सैन्य हमलों ने जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा को करारा संदेश दिया है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि इससे वैश्विक संदेश गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की धरती से पूरी दुनिया को संदेश दिया है कि आतंकवाद को अब और नहीं बख्शा जाएगा। उन्होंने आतंकवादियों को दी गई सजा को अनुकरणीय बताया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह हमला अंतरराष्ट्रीय सीमा से परे के क्षेत्र में किया गया। हमारे सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए, लक्ष्य केवल आतंकवादी थे। सभी के लिए यह कितनी संतुष्टि की बात है।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत की हर मां बेटी और बहन की जीत : ओम बिरला

**नई दिल्ली। एजेंसी**



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता की सराहना करते हुए कहा कि यह याद रखना जरूरी है कि यह जीत भारत की प्रत्येक मां, बहन और बेटी की जीत थी। बूंदी में सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान के सम्मान में मंगलवार की शाम को राष्ट्रव्यापी पहल 'तिरंगा यात्रा' का उद्घाटन करते हुए बिरला ने कहा कि हाल के दिनों में भारत के प्रत्येक नागरिक के दिल में देशभक्ति की लहर उमड़ी है। बिरला ने कहा, ''नारी शक्ति राष्ट्र की शक्ति बन गई है, जो हमारे सैनिकों को प्रेरित कर रही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता की गाथा सुनहरे अक्षरों में लिखी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान एक सैन्य अभियान से आगे, उन सभी महिलाओं के 'सिंदूर' की रक्षा का संकल्प था जिनके पति तिरंगे की आन, बान और शान की रक्षा के लिए सीमाओं पर मुस्तैद हैं। राजस्थान के पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी, बूंदी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला प्रमुख रामेश्वर मीणा और हजारों अन्य लोगों की उपस्थिति में यह यात्रा आजाद पार्क से शुरू हुई और कोटा रोड, नगर-सरग कुंड, इंदिरा मार्केट, अहिंसा सर्किल, खोजा गेट और गायत्री नगर से होते हुए सिविल लाइंस रोड स्थित शहीद रामकल्याण स्मारक पर समाप्त हुई।

## खड़गे के बयान पर भड़की भाजपा, सुंधाशु त्रिवेदी बोले-

# ऑपरेशन सिंदूर को 'मामूली घटना' बताना सेना का अपमान है

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



> सुधांशु त्रिवेदी ने शहबाज शरीफ के बयान का जिक्र करते हुए कहा, "मैं खड़गे को एक बात याद दिलाना चाहता हूं कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का ऑन रिकॉर्ड एक बयान है। शाहबाज शरीफ ने कहा कि हमें रात को 2:30 बजे 9 और 10 मई की दरमियानी रात को जगाया और कहा कि हिंदुस्तान ने हमारे नूर खान एयरबेस के ऊपर मिसाइल गिरा दी है।


कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर दिए बयान पर राजनीति तेज हो गई है। भाजपा के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस नेताओं के बयान पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को 'मामूली घटना' कहना न केवल निंदनीय है, बल्कि हमारे सशस्त्र बलों का भी अपमान है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को एक बयान में कहा, "कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा भारतीय सेना के अप्रतिम शौर्य और पराक्रम के प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर को 'मामूली घटना' कहना न केवल निंदनीय है, बल्कि हमारे सशस्त्र बलों के साहस और 140 करोड़ भारतीयों की भावनाओं का अपमान भी है। इससे पहले, राहुल गांधी ने भी भारतीय विमानों और अन्य संबंधित मामलों पर अनुचित टिप्पणियां की थीं, जैसा कि वे पहले भी बार-बार करते रहे हैं।"उन्होंने आगे कहा, "राहुल गांधी और अब मल्लिकार्जुन खड़गे के बयानों के बाद स्पष्ट हो गया है कि हाल के दिनों में 'इंडी गठबंधन' के नेताओं के बयान आकस्मिक नहीं, बल्कि एक सुविचारित, भारत-विरोधी और पाकिस्तान को ऑक्सीजन देने वाली विचारधारा से प्रेरित हैं। खड़गे का बयान यह भी दर्शाता है कि 'इंडिया गठबंधन' नाम रख लेने से कोई दिल से इंडियन नहीं हो जाता। आज तथाकथित 'इंडिया गठबंधन' के नेताओं के बयान जिस तरीके से पाकिस्तान की मीडिया में, पाकिस्तान की संसद में, पाकिस्तान की डिफेंस फोर्सेज की ब्रीफिंग में, पाकिस्तान द्वारा भारत के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिए जा रहे हैं, मुझे लगता है कि 'इंडिया गठबंधन' का नाम इंडिया रखना मुखौटा है, अंदर से ऐसा दिखाई पड़ता है कि यह 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ पाकिस्तान' होता चला जा रहा है।

सुधांशु त्रिवेदी ने शहबाज शरीफ के बयान का जिक्र करते हुए कहा, "मैं खड़गे को एक बात याद दिलाना चाहता हूं कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का ऑन रिकॉर्ड एक बयान है। शाहबाज शरीफ ने कहा कि हमें रात को 2:30 बजे 9 और 10 मई की दरमियानी रात को जगाया और कहा कि हिंदुस्तान ने हमारे नूर खान एयरबेस के ऊपर मिसाइल गिरा दी है। अगर इसके बाद भी कांग्रेस, खड़गे और राहुल गांधी को छिटपुट घटना नजर आती है तो यह दर्शाता है कि उनकी सोच कितनी छोटी है। यह वही पार्टी है, जिसके नेता सिद्धू पाकिस्तान जाकर वहां के सेनाध्यक्ष को गले मिल चुके हैं। यही नहीं, उनके नेता मणिशंकर अय्यर पाकिस्तान जाकर पीएम मोदी को हटाने की गुजारिश कर चुके हैं और उनकी सर्वोच्च नेता सोनिया गांधी आतंकवादियों के लिए आंसू तक बहा चुकी हैं। इससे एक बात बिल्कुल साफ हो जाती है कि कांग्रेस की सोच राष्ट्रवाद के लिए जितनी छोटी है, आतंकवाद के लिए उनकी खाल उतनी ही मोटी है।

भाजपा के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने मुर्शिदाबाद हिंसा पर कहा, "प्राप्त समाचारों के अनुसार मुर्शिदाबाद हिंसा पर एसआईटी की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि हिंदुओं को लक्षित करके और सुनियोजित ढंग से हिंसा की गई। इसमें तृणमूल कांग्रेस के नेता शामिल थे। पुलिस का रवैया हिंसा को रोकने की जगह तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के कार्यों को अनदेखी करता दिखाई पड़ा है। इससे एक बात साफ हो गई कि हिंदू समाज को टारगेट करके, उनके विरुद्ध हिंसा करने की श्रृंखला मुर्शिदाबाद से लेकर पहलगाम तक साफ दिखाई पड़ रही है।

## साक्ष्य के अभाव में तस्करी के आरोपी की मिली जमानत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



● तीन साल से अधिक से से जेल में था बंद

दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोपी एक व्यक्ति को जमानत दे दी, क्योंकि पुलिस ने आरोपी से मादक पदार्थ बरामद किए थे, जबकि उसके पास स्वतंत्र सरकारी गवाह नहीं था और न ही उसकी फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी की गई थी। पुलिस ने कथित तौर पर उसके पास से नेपाल से लाया गया 12 किलोग्राम हैश (चरस) बरामद किया था और एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने आरोपी वाहिद अहमद को जमानत दे दी, क्योंकि मादक पदार्थ की बरामदगी स्वतंत्र सरकारी गवाह की अनुपस्थिति में और न ही उसकी फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी की गई थी।न्यायमूर्ति महाजन ने कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में तलाशी लेने या फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी न करने के स्पष्टीकरण के लिए किए गए प्रयास, यदि कोई हों, तो मुकदमे के दौरान परखे जाएंगे। न्यायमूर्ति महाजन ने 19 मई को पारित आदेश में कहा कि हालांकि, ऐसा न होना अभियोजन पक्ष के मामले के लिए घातक नहीं हो सकता है। इस स्तर पर, आरोपी को लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता है। उच्च न्यायालय ने मुकदमे में देरी पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि यह ध्यान रखना प्रासंगिक है कि आवेदक 9 अगस्त, 2021 से हिरासत में है।

आवेदक के 3 साल और 9 महीने से अधिक समय तक हिरासत में रहने के बावजूद, अब तक 14 अभियोजन पक्ष के गवाहों में से केवल 4 की ही जांच की गई है। आरोपी ने स्वतंत्र गवाहों के शामिल न होने और मुकदमे में देरी के आधार पर जमानत मांगी थी। यह तर्क दिया गया कि बरामदगी का समर्थन करने के लिए फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी की कमी अभियोजन पक्ष के मामले पर संदेह पैदा करती है। आरोपी को जमानत देते हुए, उच्च न्यायालय ने कहा, "निस्संदेह, वर्तमान मामले में बरामदगी शाम 5:30 बजे भीड़भाड़ वाले और व्यस्त इलाके में एक बाजार के पास की गई थी। गुप्त सूचना जाहिर तौर पर दोपहर 2:30 बजे के आसपास मिली थी। तैयारी के लिए पर्याप्त समय होने के बावजूद, अभियोजन पक्ष ने न तो इच्छित गवाहों को शामिल किया और न ही बरामदगी की पुष्टि करने के लिए कोई तस्वीर ली या कोई वीडियो शूट किया।

## आज का राशिफल

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है।

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं।

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी।

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मङ्क्षचतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**कन्या :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**तुला :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी।

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**धनु :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं।

**मकर :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा।

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें।

**मीन :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढ़ग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगों को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

## मेरी शादी पाकिस्तान में करा दीजिए

# यूट्यूबर ज्योति की पाक एजेंट से खुफिया चैट वायरल

**नई दिल्ली। एजेंसी**



हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा, जिस पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का आरोप है, ने कथित तौर पर एक पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी से बातचीत की थी और उनसे उसकी शादी तय करने के लिए कहा था। 'ट्रैवल विद जो' नामक यूट्यूब चैनल चलाने वाली मल्होत्रा को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया गया था, जब पता चला कि वह एक पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी के संपर्क में थी और कथित तौर पर उसके साथ सूचनाएं साझा करती थी। बाद में उसने एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश नामक अधिकारी के संपर्क में होने की बात कबूल की। एनडीटीवी के अनुसार, व्हाट्सएप पर बातचीत में उसने कथित तौर पर पाकिस्तानी अधिकारी से कहा था कि मेरी शादी पाकिस्तान में करवा दो।

जांच के दौरान पुलिस को मल्होत्रा के चार बैंक खातों के बारे में भी जानकारी मिली, जिसमें दुबई से लेन-देन किए गए थे। पुलिस ने कहा कि यह रकम उनकी अनुमानित आय से ज्यादा थी और वे डेटा का विश्लेषण कर रहे थे। दानिश को भारत द्वारा अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया था। उसने मल्होत्रा को अली अहवान से मिलवाया, जिसने उसके रहने की व्यवस्था की और पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों शाकिर और राणा शाहबाज़ के साथ आगे की बैठकों की व्यवस्था की। वह कथित तौर पर उसे एक संपत्ति के रूप में "विकसित" कर रहा था। ज्योति मल्होत्रा, जिनके इंस्टाग्राम पर एक लाख से ज़्यादा फ़ॉलोअर्स हैं, दो बार पाकिस्तान जा चुकी हैं, जिस दौरान उनका संपर्क दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक अधिकारी से हुआ था।

## सरकार बनने पर महिलाओं को 2,500 महीना : कांग्रेस

**पटना (आईएएनएस)**




बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। सभी दलों ने इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी है और मतदाताओं को आकर्षित करने में जुट गए हैं। इस बीच, बिहार में अपनी खोई जमीन तलाशने में जुटी कांग्रेस ने महागठबंधन की सरकार बनने पर प्रतिमाह बिहार की महिलाओं को 2,500 रुपये देने की घोषणा की है। कांग्रेस प्रदेश कार्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित एक प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने पर जरूरतमंद महिलाओं के लिए 'माई बहिन मान' योजना लागू की जाएगी और हर महीने 2,500 रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी ने यह योजना कर्नाटक में शुरू की थी और आज यह काफी सही ढंग से चल रही है। उन्होंने इसके लिए एक पोस्टर भी जारी किया। कांग्रेस की ओर से योजना में रजिस्ट्रेशन के लिए एक 'मिस्ड कॉल नंबर' भी जारी किया गया है। पोस्टर में लिखा है, "महागठबंधन सरकार बनने के बाद जरूरतमंद महिलाओं को सम्मानित 2500 रुपये महीना।" उन्होंने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि प्रत्येक महीने की पहली तारीख को 2,500 रुपये महिलाओं को दिए जाएंगे, हम इसकी गारंटी दे रहे हैं।

योजना के लाभ के लिए एक मिस्ड कॉल और कुछ डिटेल की जरूरत होगी और यह सब करने के बाद उनका निबंधन हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व ने पहली गारंटी में महिलाओं को चुना है और इसके तहत जो महिलाएं गरीबी से जूझ रही हैं।

## भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था पाकिस्तानी घुसपैठिया, बीएसएफ ने दबोचा

**अमृतसर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मंगलवार शाम को पंजाब के अमृतसर जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के बाद एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया। यह घटना भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बीच हुई है, जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया। गौरतलब है कि भारत की यह कार्रवाई पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 22 अप्रैल को 26 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई थी। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि जवानों ने एक व्यक्ति की हरकत देखी, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर सीमा बाड़ के पास जाने लगा था। प्रवक्ता ने बताया, तत्परता से जवाब देते हुए जवानों ने उसे रुकने के लिए ललकारा और बाद में उसे पकड़ लिया। प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तानी नागरिक को अमृतसर के करीमपुरा गांव से सटे सीमा क्षेत्र से पकड़ा गया।

## स्वास्थ्य विभाग सतर्क, मुंबई में कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 10 के पार

**महाराष्ट्र में कोविड**

**मुंबई (आईएएनएस)**

महाराष्ट्र में कोविड ने दस्तक दे दी है। प्रदेश की राजधानी मुंबई में ही मंगलवार को कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 15 बताई गई। स्वास्थ्य विभाग ने 20 मई को इसकी जानकारी दी साथ ही लोगों से अपील की कि वो किसी भी स्थिति में घबराएं नहीं। इसके मुताबिक ऐहतियातन वर्तमान में महाराष्ट्र में कोविड के लिए आईएलआई (इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी) और एसएआरआई (गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण) को लेकर सर्वे चल रहा है। टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए संक्रमितों का उपचार किया जा रहा है। विभाग के मुताबिक फिलहाल मामले ज्यादा भयावह नहीं हैं, मरीजों में लक्षण बेहद सामान्य या हल्के हैं।

इसके साथ ही जनता से अपील की गई है कि वो डरे नहीं, घबराएं नहीं।

# सुप्रीम कोर्ट से जस्टिस वर्मा पर एफआईआर की मांग खारिज

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



- इन-हाउस जांच समिति ने जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया, जिसके बाद चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने उनसे इस्तीफा मांगा।
- जस्टिस वर्मा ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया।
- मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को इस मामले में पत्र लिखा।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व जज यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने याचिका दाखिल करने से पहले राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के सामने इस संबंध में किसी भी प्रकार का आवेदन नहीं किया, जिसे देखते हुए इस याचिका पर सुनवाई नहीं की जा सकती।

जस्टिस अभय एस. ओका और उज्जल भुइयां पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को पहले इस मामले को उचित प्राधिकरण के सामने उठाना चाहिए था। इसके बाद न्यायालय का दरवाजा खटखटाना चाहिए था। इस मामले की पहले ही इन-हाउस जांच रिपोर्ट राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजी जा चुकी है। पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि अगर आप 'रिट ऑफ मंडमस' चाहते हैं, तो पहले आपको उन अधिकारियों के समक्ष आवेदन देना होगा, जिनके समक्ष यह मामला विचाराधीन है। याचिकाकर्ता वकील नेदुमपारा ने कोर्ट को बताया कि नकदी की बरामदगी भारतीय न्याय संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एक संज्ञेय अपराध है। ऐसे में पुलिस को इस मामले में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करनी चाहिए।

इससे पहले भी याचिकाकर्ता वकील नेदुमपारा ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, लेकिन तब कोर्ट ने याचिका को समय से पहले बताते हुए खारिज कर दिया था। तब यह मामला जांच समिति के समक्ष विचाराधीन भी था, लेकिन अब इसकी जांच पूरी हो चुकी है, जिसे देखते हुए याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। वहीं, इन-हाउस जांच समिति ने जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया था, जिसके बाद चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने उन्हें इस्तीफा देने के लिए कह दिया था। लेकिन, जस्टिस वर्मा ने इस्तीफा देने से साफ इनकार कर दिया था। इसके बाद इस मामले में नाम सामने आने के बाद जस्टिस वर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था। इसके बाद चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इस मामले में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा था। बता दें कि यशवंत वर्मा 14 मार्च को उस वक्त चर्चा में आए थे, जब उनके सरकारी आवास के स्टोररूम में आग लगने के बाद भारी नकदी की बरामदगी की बात सामने आई थी। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।